# आज विराजित होगी विघ्न विनाशक की प्रतिमायें

## दस दिवसीय गणोत्सव की होगी शुरूआत,पंडालों में की गई आकर्षक सजावट

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। जिला मुख्यालय सहित तहसील व अन्य ग्रामीण अंचलों में गणेश उत्सव की तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है।प्रथम पूज्य भगवान गणेश का 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर्व आज 07 सितंबर से प्रारंभ हो जाएगा ।जिसको लेकर शहर के प्रमुख चौराहों सहित घर-घर में भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की जाएगी। जिसको लेकर भक्तों में काफी उत्साह बना हुआ ।वही स्थापना के एक दिन पूर्व से भक्तों द्वारा गणेश स्थापना के लिए प्रतिमा ले जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। वहीं शुक्रवार को भी गणेश प्रतिओं को ढोल नंगाड़ों की धुन पर नाचते गाते ले जाया गया ।आपको बताए कि जिलेभर में गणेशोत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है ।जिले भर में 7 सितंबर को प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव पर्व शुरू हो जाएगा ।जो 17 सितंबर तक चलेगा। जहां रोजाना विभिन्न धार्मिक आयोजन के बाद अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर गणेश चतुर्थी पर्व का समापन किया जाएगा।



### बाजार में रौनक बिखेर रही गणेश प्रतिमाए

गणेश उत्सव को देखते हुए बाजार भगवान गणेश की प्रतिमाओ से सज चुके हैं जहां 200 रु से लेकर 5 हज़ार रु तक की सजी धजी मूर्तियां बिक्री के लिए तैयार है ।जो लोगो को अपनी ओर आकर्षित करते नजर आ रही है ।इस शैली की मूर्तियों में गणेश भगवान चूहे, गरुण, मोर, पर्वत और कोई आसन लगाए बैठे हैं ।देखने में ये मूर्तियां अधिक आकर्षक लग रही है। बताया जा रहा है कि पहले श्रद्धालु साइज के हिसाब से ही मूर्तियां खरीदते थे, लेकिन अब सुंदरता, कलर मैचिंग, कपड़े व सजावट को भी पैमाना मानते हैं। जिसको लेकर गणेश स्थापना के पूर्व मूर्तिकारों की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है ।कुछ श्रृद्धालु तो शुक्रवार को ही गणेश प्रतिमा खरीदकर ले गए। इसके अलावा सार्वजनिक समितियों ने भी प्रतिमा की बनावट व सजावट देखने उत्साह रहा। बाजार में भी प्रतिमा विक्रय के लिए रखी गई है। इस कारण प्रमुख चौक-चौराहे भी गुलजार नजर आए। यहां अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक संख्या में लोगों ने पहुंच खरीदारी करते नजर आए।

### नगर में यहां विराजेंगे गणराज

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में भगवान गणेश की मूर्ति जगह-जगह स्थापित की जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से राजघाट चौक, सराफा बाजार, विध्नवासिनी समिति, त्रिपुर सुंदरी गणेश समिति भटेरा चौकी, चटपटी गणेश, झांसी रानी चौक, मोतीनगर चौक, बूढ़ी, सरेखा, बैहर के अलावा सरेखा कोसमी, नवेगांव, भटेरा, कुम्हारी रोड सहित अन्य स्थानों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर 10 दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पीओपी की प्रतिमाओं से लोग कर रहे परेज

पीओपी की प्रतिमाएं बैन होने के चलते नगर के मूर्तिकार मिट्टी की प्रतिमाएं बनाकर उन प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि पर्यावरण के प्रति आई जागरुकता के कारण मूर्तिकार सिर्फ मिट्टी की ही मूर्तिया बना रहे है। वही श्रद्धालुओं में भी मिट्टी की प्रतिमा की मांग हर साल बढती जा रही है। क्योंकि ऐसी प्रतिमाएं विसर्जन के दौरान पानी में आसानी से घुल जाती हैं। मूर्ति की सजावट के लिए प्लास्टिक एवं अन्य चीजों का उपयोग भी दिखाई नही दे रहा है ।वही लोगों का पीओपी प्रतिमा के प्रति रुझान कम हो रहा है।

### पंडाल बनकर तैयार, की जा रही अंतिम सजावट

उधर गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए सार्वजनिक समितियों द्वारा पंडाल व स्टेज तैयार कर लिया गया है ।जिसे रंग-बिरंगी लाईटिंग से सजावट की जा रही है ।वहीं गणेश समिति पदाधिकारीगण अंतिम समय में भी गणेशोत्सव के लिए चंदा एकत्रित करते नजर आ रहे हैं। इधर 10 दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी व्यापक व्यवस्था बनाई है ।थानों में समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठकर कर व्यवस्थाएं बनाई गई है।

## 11 सितंबर को पीजी कालेज में होगी एनसीसी कैडेट्स भर्ती

### विद्यार्थियों को समझाई गई भर्ती प्रक्रिया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) ।नगर के अग्रणी पीएम श्री एक्सीलेंस पीजी कालेज में आगामी 11 सितंबर को विद्यार्थियों की भर्ती एनसीसी में की जानी है ।रिक्त सीटों पर कैडेट्स भर्ती के लिए शुक्रवार को करीब हजार विद्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया की जानकारियो से अवगत कराया गया। जहां कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वीके गुप्ता द्वारा बीए, बीकॉम और बीएससी के प्रथम वर्ष में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को एनसीसी क्यों लेना चाहिए, इसका कहां-कहां फायदा मिलता है। इन सब की जानकारी से अवगत कराया गया। तो वहीं उन्होंने इस वर्ष 17 लड़की और 33 लड़कों को एनसीसी में भर्ती किए जाने की जानकारी दी। बताया गया कि विद्यार्थियों की शिक्षा, एनसीसी कार्य में रुचि के आकलन के बाद चयनित विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा ।जहा लिखित परीक्षा के परिणाम आने के बाद मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी ।जहा मेरिट लिस्ट के बाद अच्छा परफॉर्मेंस विभिन्न सर्टिफिकेट के अतिरिक्त लाभ के साथ विद्यार्थियों की भर्ती एनसीसी में की जाएगी।

#### हमारे पास बच्चे अधिक हैं, लेकिन सीट कम है- झरिया

आयोजित इस कार्यशाला को लेकर की गई चर्चा के दौरान एनसीसी ऑफिसर श्री झरिया ने बताया कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं को एनसीसी जॉइन करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। उसी के तहत आज मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन किया गया है। जिसमें कमांडेंट अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वीके गुप्ता द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जितने बच्चे प्रथम वर्ष में पास हो जाते हैं उनकी जगह नए बच्चों को भर्ती कर एनसीसी की 100 सीट पुरी की जाती है ।उन्होंने बताया कि हमारे महाविद्यालय में बीए ,बीएससी और बीकॉम के विद्यार्थी बहुत अधिक है ।लेकिन हमारे पास एनसीसी के लिए सीट कम है। इसीलिए बच्चों को संपूर्ण जानकारी से अवगत कराने के बाद उन्हें एनसीसी जॉइन करने के लिए तैयार किया जाता है ।जिसको लेकर आज विद्यार्थियों को इसकी संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया है।



## शासकीय रानी अवंतिबाई विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। 5 सितम्बर शिक्षक दिवस का पर्व जिले के विभिन्न शासकीय/अशासकीय स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत शाउमावि कुम्हारी में भी शिक्षक दिवस कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष संस्था प्राचार्य डीएस दूर्वे द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा वंदना की गई। इसके पश्चात संस्थागत शिक्षकों ने गुरु शिष्य की पवित्र परंपरा तथा डॉ राधाकृष्णन के जीवन दर्शन के सकारात्मक एवं प्रेरणा स्त्रोत पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए. विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर अपने उज्जवल भविष्य के निर्माण में लगे रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं के साथ ही समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।



## पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । तिरोड़ी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बोरीखेड़ा में पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। घायल मोटरसाइकिल सवार शंभू पिता ढादु कोडापे 52 वर्ष ग्राम बोरीखेड़ा थाना तिरोड़ी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंभू कोडापे बाजार में घूम-घूम कर खारा भजिया बनाने का काम करता है ।5 सितंबर को सुबह 11 बजे शंभू कोडापे मोटरसाइकिल में अपने गांव बोरीखेड़ा से कटंगी जाने निकला था ।तभी बोरीखेड़ा में ही पिकअप ने मोटरसाइकिल को पीछे से ठोस मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार शंभू कोडापे घायल हो गया। जिसे उसी पिकअप वाले ने बालाघाट के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया और चला गया था ।निजी अस्पताल में पैसों की कमी होने के कारण शम्भू कोडापे को उसके परिवार वालों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। पिकअप का नंबर एमपी 28 टीआरसी 0 150 बताया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने शम्भू कोडापे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना तिरोड़ी भिजवा दी।

## पिछले वर्ष की बारिश का रिकॉर्ड टूटा, इस वर्ष अधिक हुई बारिश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। 01 जून से 6 सितम्बर 2024 तक बालाघाट जिले में 995.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 836.5 मि.मी.वर्षा रिकार्ड की गई थी। शुक्रवार सुबह 8 बजे तक जिले में 20.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447.4 मि.मी. है । भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 घंटे में बालाघाट तहसील में 18.6 मिमी, वारासिवनी में 21.2 मिमी, बैहर में 12.8 मिमी, लांजी में 12.5 मिमी, कटंगी में 21.3 मिमी, किरनापुर में 72.2 मिमी, खैरलांजी में 26.3 मिमी, लालबर्रा में 5 मिमी, बिरसा में 00 मिमी, परसवाड़ा में 37.2 मिमी तथा तिरोड़ी तहसील में 00 मि.मी वर्षा रिकार्ड की गई है । इस प्रकार बीते 24 घंटे में बालाघाट जिले में 20.6 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस तरह जिले की तहसीलों में बालाघाट में 1106.8 मि.मी., वारासिवनी में 1184.3 मि.मी., बैहर में 1300.8 मि.मी., लांजी में 844.3 मि.मी., कटंगी में 851.5 मि.मी., किरनापुर में 991 मि.मी., खैरलांजी में 541.5 मि.मी., लालबर्रा में 980.4 मि.मी., बिरसा में 888.9 मि.मी., परसवाड़ा में 1411.1 मि.मी. एवं तिरोड़ी तहसील में 845.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। इस प्रकार बालाघाट जिले में चालू वर्ष सत्र के दौरान 01 जून से 6 सितम्बर तक 995.1 मि.मी.औसत वर्षा हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में तहसील बालाघाट में 1325.5 मि.मी., वारासिवनी में 1361.1 मि.मी., बैहर में 938.4 मि.मी., लांजी में 588 मि.मी., कटंगी में 693.5 मि.मी., किरनापुर में 907.4 मि.मी., खैरलांजी में 412.6 मि.मी., लालबर्रा में 883.1 मि.मी., बिरसा में 553.5 मि.मी., परसवाड़ा में 851.3 मि.मी. एवं तिरोड़ी तहसील में 681.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई थी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरझरी
## जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट ( म.प्र. )

क्रमांक/क्यू  दिनांक 06/09/2024

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपरझरी में वित्तिय वर्ष 2024-25 मे विभिन योजनाओं मनरेगा, 14 वां वित्त आयोग, 15 वां वित्त आयोग,5वां राज्य वित्त आयोग, स्वच्छभारत, पंचायत निधी, टेक्स शुल्क, सर्व शिक्षा अभियान, सांसद निधी, विधायक निधि, गौड खनिज स्वकराधान, नल जल एवं अन्य योजनाओ से कराये जाने वाले अधोसंरचनात्मक निर्माण एवं विकास कार्यों के लिये आवश्यक-सामग्री जैसे - ईट, सीमेन्ट, लोहा 8.10, 12, 16, एम.एम., रेत, गिट्टी (40, 20 एम.एम.), मुरम खराड़ी , मलमा ढुलाई पॉलिथिन, पेन्ट, पाईप, मिक्सर मशीन वायब्रेटर, ट्रॉली ट्रेक्टर किराया, जे.सी.बी. मशीन, तार, पीवीसी, पाईप रोड रोलर सेनेटरी आयटम, बिजली बल्ब एलईडी लाईट पंखे पानी टंकी कम्प्युटर, प्रिन्टर बिजली पाईप, नलजल पाईप सहित अन्य सामग्री क्रय हेतू निविदा मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 08-09-2024 से 15-09-2024 तक कार्यालयीन समय मे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार अपनी निविदाये प्रस्तुत कर सकते है।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती ममता देवीशंकर टेम्भरे | श्रीमती संध्या हेमंत बिसेन | श्रीमती ममता पटले |

**ग्राम रोज़गार सहायक एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पिपरझरी**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं तिलोकचंद अजीत पिता रामप्रसाद अजीत जाति गढ़ेवाल ग्राम पनबिहरी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. का निवासी हुं। मेरे दादाजी स्व. संतलाल पिता मिठनलाल की मृत्यु दिनांक २३.११.१९९१ को हो चुकी है और इनकी मृत्यु के उपरांत मुझे तहसील कार्यालय से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**प्रकाशक**
**तिलोकचंद अजीत**
**निवासी - ग्राम पनबिहरी, तहसील लालबर्रा**
**जिला बालाघाट ( म.प्र. )**

## न्यायालय - अजय कांत पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब बालाघाट ( म.प्र. )

आदेश 5 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत

### प्रकाशन नोटिस

पेशी तारीख 21.10.2024
गार्जियन वार्डस् 18/2024
सुनील विरुद्ध आम जनाता

सुनील मेहरबान उम्र 50 साल पिता स्व. श्री दौलतराम मेहरबान, जाति अहिर निवासी वार्ड न 20 मानपुर थाना व तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट
आवेदक

**विरूद्ध**

आम जनता
अनावेदक

**प्रेषिती-जनसाधारण**

आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक सुनील मेहरबान ने एक आवेदन अंतर्गत धारा 8 सरंक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 प्रस्तुत किया है। आवेदक सुनील मेहरबान अवयस्क पीयूष 17 साल एवं गोविन्द 13 साल के पिता होकर उनके संरक्षक है। आवेदक सुनील की पत्नी श्रीमती दीपमाला यादव के नाम के मकान व रिक्त भूमि हल्का में 13/2 वार्ड नं 04 रा.नि.म. बालाघाट में स्थित भूमि खसरा नं 219/7ज एवं 219/7छ रकबा क्रमश 0.008 हे. एवं 0.008 हे. कुल रकबा 0.016 हे. में स्थित है। उक्त भूमि के 1200 वर्गफुट पर आवासीय मकान बना है तथा भोश भूमि 560 वर्गफुट रिक्त भूमि है। इस प्रकार 1760 वर्गफिट भूमि स्थित है। दिनांक 27-06 2020 में दसवंत देवी लिल्हारे, कुलदीप, कांती, सीमा लिल्हारे से क्रय की थी। आवेदक सुनील मेहरबान की पत्नि के देहांत होने के बाद उक्त भूमि आवेदक एवं उनके अवयस्क दोनों पुत्रों के नाम राजस्व प्रलेखों में दर्ज किया जा चुका है। आवेदक उक्त नाबालिग दोनों पुत्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा के लिए रूपयों की आवश्यकता होने से उसका विक्रय किया जाना है। इस संबंध में अगर किसी को कोई आंपत्ति हो तो इस न्यायालय में 21.10.2024 को दिन के 11 बजे न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर या अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं ।

यह भी सूचित किया जाता है कि यदि दिनाक 21.10.2024 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति या जबाब नहीं दिया जाता है तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट- उक्त दिनांक को किसी कारण वश पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने या न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

**( अजय कांत पाण्डेय )**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय बालाघाट**

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील-लांजी, जिला-बालाघाट ( म.प्र. )

### ।। विज्ञप्ति ।।

क्रमांक/7425 /तह./प्रवा.1 / 2024 लांजी दिनांक 27/08/2024-25 रा0प्र0कं0/0050/ड-154/2024-25 मौजा बोरडी प.ह.नं. 57 रा.नि.म. लांजी

आवेदक कंचन नागेश्वर पिता झाडू निवासी ग्राम बोरडी तहसील लांजी जिला-बालाघाट।

**अपीलार्थी**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कंचन नागेश्वर पिता झाडू नागेश्वर जाति अहीर निवासी ग्राम बोरडी तहसील लांजी जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि प0ह0नं0 57 रा0नि0म0 लांजी तहसील लांजी, जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपने पिता झाडू पिता आड़कू नागेश्वर का अनुज्ञा प्रमाण-पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12 (2) म0प्र0 मृत्यु पंजीयन नियम 1999 नियम 12(2) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 05/04/1985 अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त पत्र के संबंध में हितबद्ध पक्षकार को समाचार के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि उक्त संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर न्यायालीन प्रकिया के तहत जवाब रखा जाये। जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 09/09/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक / अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 27/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सही**
**तहसीलदार**
**लांजी, बालाघाट**


लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# 14 लाख की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## जिले के परसाटोला चिचरंगपुर के जंगल में पुलिस और नक्सली के बीच हुई थी मुठभेड़

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। थाना बैहर के कान्हा नेशनल पार्क क्षेत्रांन्तर्गत परसाटोला ,चिचरंगपुर के जंगल क्षेत्र में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में हॉक फोर्स द्वारा 14 लाख की ईनामी हार्डकोर महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दे कि पुलिस महानिरीक्षक, संजय कुमार द्वारा स्थानीय कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता लेते हुए पत्रकारों को बताया गया कि थाना बैहर क्षेत्रान्तर्गत परसाटोला चिचरंगपुर जंगल क्षेत्र में केबी डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति की विशेष सूचना के आधार पर हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा 5 सितंबर को क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया जा रहा था। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी को दो लोग संदिग्ध दिखे जिन्हें रोकने पर वह नहीं रुके और पुलिस पार्टी द्वारा उनका सतत पीछा किया गया एवं जब एक महिला को पकड़ा गया और उनका एक साथी फरार हो गया तब पता चला कि उक्त महिला केबी डिवीजन की एक हार्डकोर महिला माओवादी है उक्त महिला माओवादी से एक पिस्टल मय मैंगजीन, एक कुल्हाडी व अन्य सामान भी बरामद किया गया है। सर्चिंग के दौरान जब पुलिस पार्टी उक्त महिला माओवादी को लेकर वापस आ रही थी। इस दौरान इस क्षेत्र में केबी डिविजन के अन्य माओवादी सदस्यों द्वारा पुलिस पार्टी पर अपने साथी सदस्य को छुड़ाने के उद्देश्य से लगभग 30-40 फायर किये गयें जिसके जबाव में पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ 10-15 फायर किये गये। पुलिस द्वारा की गई जबावी कार्यवाही से अन्य माओवादी अधेरे का फायदा उठाकर घने जंगल की तरफ भाग गये। गिरफ्तार की गयी महिला माओवादी की पहचान कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी सदस्य साजंती पति गणेश उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी ग्राम नैनगुडा, चौकी कासनसुर थाना कोटमी तह0 एटापल्ली जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के रूप में हुई है। उक्त महिला नक्सली वर्ष 2011 में नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी तथा वर्ष 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। उपरोक्त घटना पर थाना बैहर में सुसंगत धाराओं में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। भागे हुए नक्सलियों की धरपकड़ हेतु सीआरपीएफ कोबरा और हॉक फोर्स की टीमों के द्वारा उसी क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।



### ऐसे गिरफ्तार हुई थी महिला नक्सली

पुलिस महानिरीक्षक संजय सिंह द्वारा वार्ता में बताया गया की 5 सितंबर की रात्रि 10.30 बजे बैहर क्षेत्र के परसाटोला के पास सर्चिंग की जा रही थी और सर्चिंग के दौरान समनापुर गांव से दो लोगों को निकलते हुए देखा गया , जिसमें पुलिस की चार सदस्य टीम ने दोनों को सरेंडर करने को कहा लेकिन वह दोनों लोग सरेंडर ना करते हुए भाग खड़े हुए जिसमें पुलिस के चार सदस्य जिसमें सब इंस्पेक्टर मंगलू उयके , आरक्षक सुरेंद्र, हरेंद्र और विजय मर्सकोले द्वारा अपनी जान की बाजी लगाते हुए महिला नक्सली को गिरफ्तार कर लिया और वही उनका एक पुरुष साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से भाग खड़ा हुआ।

### नक्सली अपने साथ जबरदस्ती ले गए थे

पुलिस महानिरीक्षक संजय द्वारा बताया कि सजंती दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। जिसे नक्सली, अपने साथ जबरदस्ती ले गए थे। नक्सली संगठन में 2011 में शामिल होने के बाद 2016 में सरेंडर किए नक्सली पहाड़सिंह से ट्रेनिंग लेने के बाद वह एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की एसीएम के रूप में कार्य कर रही थी। इसी दौरान नक्सली गणेश से उसका विवाह हो गया था। जो नक्सली संगठन में टीम प्रभारी जोन समन्वयक था। जिसे पुलिस ने बीते 30 नवंबर 2022 को जामसेहरा के जंगल में हुए एनकाउंटर में मार गिराया था। जिसमें उसका एक साथी नक्सली राजेश भी मारा गया था।

### मध्यप्रदेश में दर्ज हैं छः आपराधिक प्रकरण

गिरफ्तार नक्सली साजती वर्ष 2011 में नक्सल संगठन में शामिल होकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की कई घटनाओं में शामिल रही है। वर्ष 2016 से मएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। महिला नक्सली पर मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल 14 लाख का इनाम घोषित है एवं महिला नक्सली द्वारा द्वारा मध्य प्रदेश में मूकबीर की हत्या, हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर अपराध सहित 6 अपराध महिला नक्सली पर दर्ज किए गए हैं

### विगत पांच वर्षों में 20 इनामी नक्सली धराशायी

विगत 05 वर्षों में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ों में 20 इनामी नक्सली धराशायी किए गए हैं। इन सभी मृतक नक्सलियों पर मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा संयुक्त रूप से 3.31 करोड़ का इनाम घोषित था। उपलब्धियों के लिहाज से वर्ष 2022 ऐतिहासिक रहा है, इस दौरान 3 मुठभेड़ों में 6 नक्सलियों को धराशायी करने में सफलता प्राप्त हुई। मृतक नक्सलियों में 03 डीव्हीसीएम तथा । कमाडेर धराशायी किये हैं, जिनके पास से 3 एके-47 रायफल जब्त की गई। विगत 5 वर्षों के दौरान विभिन्न मुठभेड़ों में 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इन नक्सलियों पर संयुक्त रूप से 138.00 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

# एसडीएम और तहसीलदार स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं के लिए सतर्क रहें - कलेक्टर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना



ने शुक्रवार को भी गूगल मीट के माध्यम से अनुभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की है। हालांकि उन्होंने गूगल मीट के माध्यम से राजस्व कार्यो और पीएम जनमन से जुड़े कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। वही गुगल मीट से जुड़े बीएमओ व सीईओ से भी जानकारियॉ ली। उन्होंने स्वामित्व योजना में ग्राउंड त्रुथिंग के लिए शेष बचें गांवो के सम्बंध में तहसील वार तहसीलदारों से कहा कि जो भी कार्य शेष रहा है तत्काल जुटकर कर पूरा करें। साथ ही उन्होंने नक्शा तरमीम के लक्ष्य देते हुए लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री मीना ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में सीएमएचओ से वस्तु स्थिति की जानकारी लेते हुए एसडीएम और तहसीलदारों को सतर्क किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करें और स्टॉप की समस्याओं के साथ ही मरीजों की समस्याओं के बारे में जानकारी ले। स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाएं बेहतर है बस उनका उपयोग समुचित रूप से नही कर पा रहा है। इस बात का ध्यान दे,प्रबंधन की दृष्टि से कार्य करना होगा। यह कार्य सतत निगरानी और विजिट से ही होगा।अगर कोई आवश्यकता है तो स्वास्थ्य केंद्रों का प्रस्ताव भेजें।

### रात में तेज बारिश हो रही है सतर्कता बरतें

कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि इन दिनों रातों में तेज बारिश हो रही है। साथ ही बादल भी गरज कर बिजली गिरने की घटनाएं हो रही है। गांवो में कच्चे मकान जर्जर स्थिति में है तो चिन्हित कर उन्हें समझाइश दे। कुछ समय के लिए कही और रात्रि में व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ले। साथ ही सभी अधिकारी प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों को ततपरता से तैयार करने के निर्देश दिए है। सभागृह में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, जिपं सीईओ डीएस रणदा,एसडीएम गोपाल सोनी व अन्य अधिकारी तथा अनुभागों का अमला गूगल मीट स्व जुड़ा।


# आवंटन की राह तक रहा 8 करोड़ 40 लाख का मंडी कॉम्प्लेक्स

## चार वर्ष पूर्व बनकर हो चुका हैं तैयार,तत्कालीन सीएम ने किया था लोकार्पण, अब तक दुकानों का नहीं हो पाया आवंटन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के पुराने इतवारी गंज की जमींन पर करीब 4 वर्ष पूर्व मंडी काम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया कराया गया है। लेकिन इस काम्प्लेक्स में बनाई गई दुकानों का आज तक आवंटन नहीं किया गया है। जिसके चलते मंडी परिसर को शराबियों ने अपना अड्डा बना लिया है। तो वही जगह जहां-तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है।आपको बताए कि इस काम्प्लेक्स का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया था। जिन्होंने लोकार्पण के अवसर पर जल्द से जल्द परिसर में बनी दुकानों का आवंटन किए जाने की बात कही थी। बावजूद इसके भी कंपलेक्स में बनी दुकाने आवंटन की रहा देख रही है।बताया जा रहा है कि परिसर में बनी दुकानों के आवंटन के लिए तमाम तरह की औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई है। लेकिन इसके आवंटन को अमली जामा नहीं पहनाया जा रहा है। जिसके चलते यह कंपलेक्स अपनी बदहाली पर आंसू बहता नजर आ रहा है तो वही

### 2015 से 2020 तक चला था निर्माण कार्य

ज्ञात हो कि मंडी बोर्ड ने वर्ष 2015 में इस काम्पलेक्स में दुकानों का निर्माण कार्य शुरू करवाया, जो वर्ष सितंबर 2020 में पूर्ण



रूप से बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन नीलामी और लोकार्पण में देरी हो रही है। नीलामी में देरी के पीछे क्या कारण है, इसके बारे में कोई जानकारी भी साझा नहीं की जा रही है।आपको बताए कि मंडी विभाग का 165 दुकानों का एक भव्य काम्पलेक्स बनकर तैयार हो गया है। मंडी निधि की करीब 8 करोड़ 40 लाख की लागत से इस काम्पलेक्स के निर्माण को करीब चार साल बीत गए हैं बावजूद इसके भी इसके आवंटन की प्रक्रिया अब भी ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है।उधर दुकानों की नीलामी होने का इंतजार व्यवसायी एवं जरूरतमंद कर रहे हैं। ताकि वे अपना रोजगार प्रारंभ कर सके। लेकिन इनका इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

### पूर्व सीएम ने किया था लोकार्पण

आपको बताए कि इस मंडी काम्प्लेक्स का लोकार्पण कुछ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया था।इसके साथ ही कयास लगाए जा रहे थे कि शीघ्र ही यहां की दुकानों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर दुकानों का आवंटन कर दिया जाएगा। लेकिन काम्पलेक्स के कमरों के आवंटन की प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हुई है।

### कृषि व्यवसाय के लिए दुकानों का होना था आवंटन

बताया गया कि कृषि कार्यो से संबंधित व्यवसाय के लिए यहां के कमरों का आवंटन किया जाएगा। इस कारण इसे मंडी काम्पलेक्स का नाम दिया गया है। कुछ कमरों का आवंटन इतवारी गंज में व्यवसाय करने वालों को भी वितरित किए जाने की योजना है। कमरों के आवंटन की प्रक्रिया नीलामी निकालकर किए जाने की बात लंबे समय से अधिकारी कह रहे हैं। लेकिन उस नीलामी के लिए निविदा कब प्रसारित होगी इसका कुछ पता नहीं है।

### प्रक्रिया भी प्रगतिरत है- मेरावी

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कृषि उपज मंडी गोंगलई मंडी सचिव मृदुल मेरावी ने बताया इतवारी मंडी काम्पलेक्स निर्माण वैसे तो पूरा हो चुका है। कमरों का आवंटन करने की प्रक्रिया भी प्रगतिरत है। वरिष्ट स्तर से एक पत्र भी प्राप्त हुआ है। जिसमें आवंटन प्रक्रिया के संबंध में निर्देश प्राप्त हुए है। कुछ औपचारिकताएं पूरी होनी है जिसके बाद शीघ्र ही कमरों का आवंटन किया जाएगा।

# हरितालिका तीज का महिलाओं में दिखा उत्साह

## निर्जला व्रत,धारण कर,बनाया रेत का शिवलिंग, विसर्जन आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पति की दीर्घायु और सुयोग्य वर की कामना के लिए सुहागन महिलाओं और युवतियों में हरितालिका तीज का खासा उत्साह देखा गया।जिन्होंने शुक्रवार को हरितालिका तीज पर निर्जला व्रत धारण कर विशेष पूजा अर्चना की। सुबह निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं और युवती ने रेत से भगवान का शिवलिंग बनाकर विधि विधान से गौरपूजन किया। प्रथम पहर की इस पूजा के बाद देर शाम को महिलाएं और युवतियो ने, विधि विधान से भगवान शंकर और माता पार्वती का पूजन किया। इस अवसर पर स्थानीय वार्ड क्रमांक 24, वैनगंगा नदी के शंकरघाट, छोटा पुल सहित अन्य स्थानों पर एकजुट हुई व्रतधारी महिलाओं ने एक दूसरे को तीज की शुभकामनाएं देकर पहले साफ रेत निकाली जिसके बाद बालू से गौरा बनाकर पूजा-अर्चना की है। यहां शिवक्ति को पूजन सामग्री और सुहाग का सामग्री चढाई गई वही फल एवं व्यंजनों का भोग लगाकर पति की दीर्घायु सुयोग्यवर, परिवार की सुख समृद्धि सहित अन्य मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए विशेष प्रार्थना की

### भगवान शिव और माता पार्वती के अखंड जुड़ाव का प्रतीक है हरितालिका

ज्ञात हो कि भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाए जाने वाले हरितालिका तीज का निर्जला व्रत, शुक्रवार सुबह से मनाया जा रहा है।जो गौर विसर्जन तक रहेगा।भगवान शिव और माता पार्वती के अखंड जुड़ाव के प्रतीक इस दिन में भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधिवत पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन गौरी-शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने से अखंड सौभाग्य और सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। हरितालिका तीज पर्व 06 सितंबर को मुख्यालय सहित पूरे जिले में मनाया जा रहा है।प्रथम पहर और द्वितीय पहर की पूजा में व्रत रखने वाली महिलाएं और युवतियां, भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करके पति की दीर्घायु और सुयोग्य वर की मनोकामना का आशीर्वाद मांगेगी। प्रथम




पहर की दिन में हुई पूजा में गौरपूजन किया गया और सुंदर मंडप के नीचे गौर को विराजित कर उसका विधि, विधान से रात्रि में पूजन किया जाएगा।

### गौर विसर्जन आज

बताया जा रहा है कि यह व्रत वर्ष में एक बार आने वाला कठिन व्रत है, व्रत सभी सौभाग्यवती स्त्रियां निर्जला निराहार रहकर करती है, यह सबसे लंबी अवधि का व्रत माना गया है। जो सूर्योदय से शुरू होकर दूसरे दिन सूर्योदय तक उपासक निराहार निर्जला रहकर व्रत करते हैं।जबकि हरितालिका तीज के दूसरे दिन गौर का विसर्जन कल 07 सितंबर को नगर के विभिन्न जलाशयों में किया जाएगा।

### हर स्त्री के लिए यह व्रत जरूरी है- महिलाएं

हरितालिका तीज को लेकर की गई चर्चा के दौरान स्वाति ठाकुर, वर्षा बिसेन सहित अन्य व्रतधारी महिलाओं ने बताया कि हरितालिका तीज पूजन में पांच प्रकार के व्यंजन अर्पित कर रेत से भगवान शंकर और पार्वती के अक्श को हल्दी, कुमकुम, चंदन, बेलपत्र और भगवान शंकर एवं माता पार्वती को चढ़ने वाले फल एवं सुहाग की सामग्री चढ़ाकर शुभमुहुर्त पर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया जाता है और रात्रि में व्रतधारी महिलायें, एकदूसरे के घरो में पहुंची और हल्दी कुंमकुंम का अखंड सौभाग्य का तिलक लगायेगी और रात्रि जागरण करती है। उन्होंने आगे बताया कि यह व्रत पति की दीर्घायु ,सुयोग्यवर परिवार की सुख समृद्धि, सहित अन्य मंगल कामनाओं के लिए किया जाता है जो स्त्रियों के लिए बहुत जरूरी है

### बड़ा कठिन होता है हरतालिका का व्रत- अंजली

व्रतधारी महिला अंजली चौहान सहित ने बताया कि हरतालिका व्रत की पूजा-अर्चना पति की लंबी आयु व पति की खुशहाली के लिए की है। उन्होंने बताया कि गौर निकालने में कम से कम पांच व सात व्रतधारी महिलाए तीज का गाना गाकर पूजा-अर्चना करती है। इस वर्ष हरतालिका व्रत की पूजा मुहूर्त में करने के बाद शाम के समय फुलेरा बांधकर रतजगा किया जाएगा और सुबह होते ही पूजन-सामग्री का विसर्जन कर व्रत को पति के हाथों जल पीकर तोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि हरतालिका का व्रत बड़ा ही कठिन होता है। इस व्रत को रखने के लिए भौर में ही उठकर दातून करना होता है जिसके बाद जब तक पूजा-अर्चना समाप्त नहीं होती है तब तक जल को पीना भी वर्जित माना गया है।

# कर्तव्य से अनुपस्थित पाए जाने पर किया शोकॉज नोटिस जारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय ने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए जाने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार गोंदिया मुकाम वार्ड नं 3 छिपिया रोड कामठा के उमेश कुर्वे द्वारा विगत 21 मार्च 2022 निरंतर अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया है। जिस पर जिला मलेरिया अधिकारी बालाघाट द्वारा कई बार पत्र के माध्यम से डॉक द्वारा संदेश भी भेजा गया। किंतु किसी भी पत्र का उत्तर जिला मलेरिया विभाग को प्राप्त नही हुआ है। इस तरह का कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) के उप नियम (1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। फलस्वरूप सीएमएचओ डॉ. पांडेय द्वारा श्री कुर्वे से 7 दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए जायेंगे।

# रेत का अवैध रूप से परिवहन करने के मामले मे मेटाडोर चालक और मालक को दो -दो हजार रुपए अर्थ दंड

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विद्वान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विकास विश्वकर्मा की अदालत ने रेत का अवैध रूप से परिवहन करने वाले दो आरोपी मेटाडोर चालक और मालक को दो-दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। दोनों आरोपी जिनमें मेटाडोर चालक कमलेश पिता बाबूलाल मरकाम 40 वर्ष ग्राम तीखाखारी थाना चांगोटोला और मालिक रामकिशोर पिता कमल प्रसाद सोनवाने 45 वर्ष ग्राम घघरिया थाना चांगोटोला निवासी है। अभियोजन के अनुसार 7 जून 2018 को चांगोटोला पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक चंद्रकुमार अहिरवार जुर्म जरायम पतासाजी हेतु देहात भ्रमण हेतु निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि चांगोटोला से नैनपुर तरफ एक कत्थई कलर का मेटाडोर रेत भरकर अवैध रूप से ले जा रहा है। मुखबिर की इस सूचना पर सहायक उप निरीक्षक चंद्र कुमार अहिरवार नेअपने स्टापऔर गवाहों के साथ ग्राम पादरीगंज रेलवे क्रॉसिंग पहुंचकर एक मेटाडोर 709 क्रमांक सीजी 0 4 जे डी 6752 रोक कर पूछताछ की थी। मेटाडोर में सवार चालक कमलेश मरकाम से रेत परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग की गई। किंतु मेटाडोर चालक कमलेश मरकाम के पास रेत के परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गये। उक्त वाहन चालक का कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 379 एवं गोंण खनिज अधिनियम की धारा 4/ 21 एवं चालक द्वारा मौके पर फिटनेस पेश न करने पर धारा 56/192 एक मोटर यान अधिनियम के तहत अपराध करना पाया गया। जिसके विरुद्ध उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान उक्त वाहन को बिना परमिट के चलाने पर वाहन मालिक रामकिशोर सोनवाने को सहअभियुक्त बनाकर संपूर्ण अनुसंधान पूर्ण करके न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। विद्वान अदालत ने विचारण दौरान दोनों आरोपियों को धारा 66/192 क मोटरयान अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए उन्हें दो-दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले की पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सुश्री रीता यादव द्वारा की गई थी।

# तीन बैगा बस्तियों के 112 सदस्यों तक पहुँचे अधिकारी

## एक-एक योजना की ली जानकारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रधानमंत्री जनमन योजना में अब तक हुए कार्यो की वस्तुस्थिति का आंकलन करने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना ने यह जिम्मेदारी 260 अधिकारियों को सौंपी है। अधिकारियों द्वारा लगातार बैगा बस्तियों में भ्रमण कर वस्तु स्थिति आंकलन कर रहे है। गत दिवस




जल संसाधन कार्यपालन यंत्री जेके मर्सकोले ने परसवाड़ा जनपद के ढिपुर, खुर्सीटोला और झिरिया गांव रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने रिपोर्ट के माध्यम से बताया कि इन तीन गांवो में 11-11 परिवार कुल 33 परिवारों में 112 सदस्य निवास करते है। इनमें 33 परिवारों में 31 के आवास बन चुके है व कुछ के प्रगतिरत है। साथ ही 3 गांवो की 19 महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत संस्थागत प्रसव के बाद 16-16 हजार रुपये का लाभ भी मिला है। वही पात्र 4-4 महिलाओं को मातृ पोषण योजना का भी लाभ मिल रहा है। 112 सदस्यों में से 96 के आयुष्मान कार्ड बन गए है। जबकि शेष 16 के कार्ड का कार्य प्रगति पर है।

### गांव तक सड़क व बिजली, मध्यान्ह भोजन, टीकाकरण, राशन का लाभ मिल रहा

रिपोर्ट में श्री मर्सकोले ने बताया कि तीनों गांव में पक्की सड़क है साथ ही सभी घरों में बिजली भी पहुँच गई है। मध्यान भोजन भी प्राप्त हो रहा है। अहम यह भी है कि टीबी उन्मूलन अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। पेयजल की योजनाओं पर कार्य चल रहा है, जबकि खुर्सीटोला में पहले से ही पेयजल की योजना संचालित हो रही है। सभी को राशन प्राप्त हो रहा है।

# बघोली के साहू समाज ने तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

## भगवान श्री कृष्ण और माता कर्मा मंदिर निर्माण के सामने किये जा रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की

**लालबर्रा ( पदमेश न्यूज )।नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत बघोली के वार्ड क्रमांक ३ चांदनी चौक में भगवान श्री कृष्ण एवं माता कर्मा का मंदिर निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जिसके सामने कुछ लोगों के द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मंदिर निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा हैं जिससे साहू समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। मंदिर निर्माण स्थल में किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर साहू समाज बघोली के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन गुरूवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमणकरियों पर कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने की मांग की हैं।**






आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत बघोली के चाँदनी चौक में भगवान श्री कृष्ण एवं माता कर्मा का मंदिर का निर्माण कार्य सभी ग्रामीणजनों के सहयोग से किया जा रहा हैं और निर्माण कार्य के पूर्व ग्राम में सार्वजनिक समाज की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सभी ने निर्णय लिया था की ग्राम के चांदनी चौक में भगवान श्री कृष्ण एवं माता कर्मा का मंदिर निर्माण करेंगे। जिसके लिए ग्राम सरपंच की उपस्थिति में भूमिपूजन भी किया गया था और सभी के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं परन्तु मंदिर निर्माण स्थल में कुछ ग्रामीण अतिक्रमण कर व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं जिससे साहू समाज एवं ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। चर्चा में साहू समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत बघोली के वार्ड नंबर ३ चांदनी चौक में मंदिर निर्माण के पूर्व में समस्त ग्रामीणजनों की एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई थीं जिसमें बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित थे और मंदिर निर्माण के लिए सभी ने अपनी सहमति प्रदान की थी। जिसके बाद सरपंच महोदय एवं ग्रामवासियों के द्वारा मंदिर निर्माण स्थल में मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया था और निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं परंतु ग्राम के चैनलाल चौधरी, गोविंदराम चौधरी, मानिक चौधरी के द्वारा मंदिर निर्माण स्थल के सामने अतिक्रमण कर दीवार बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। जिससे मंदिर निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा हैं इसलिए तहसीलदार को ज्ञापन सौपकर मंदिर निर्माण स्थल में अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने की मांग की हैं एवं मांगे पूरी नहीं होने पर कठोर कदम उठाने बाध्य होंगे। अतिक्रमण हटाने की मांग साहू समाज ब्लाक अध्यक्ष मनोज समरिते, उपाध्यक्ष कृपाशंकर साठोने, कोषाध्यक्ष भीवराम पटले, सचिव ताराचंद पटले, खेमलाल सहित अन्य स्वजातीय बंधुओं व ग्रामीणजनों ने की है।

### सर्वसम्मति से किया जा रहा मंदिर का निर्माण - खेमलाल

साहू समाज लालबर्रा उपाध्यक्ष खेमलाल साहू ने बताया कि ग्राम बघोली के चांदनी चौक में सभी ग्रामीणों की सर्वसम्मति से भगवान श्रीकृष्ण एवं माता कर्मा के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए ग्राम पंचायत के द्वारा भूमि आबंटित की गई है लेकिन जिस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है उसके सामने निवासरत लोग अतिक्रमण कर निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का कार्य कर रहे है इसलिए प्रशासन से मांग है कि अतिक्रमण हटाकर मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### अतिक्रमण हटाये प्रशासन - देवराम

बघोली उपसरपंच देवराम महेरकर ने बताया कि साहू समाज एवं ग्रामीणों के द्वारा ग्राम में भगवान श्रीकृष्ण एवं माता कर्मा देवी के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसका आधा निर्माण कार्य हो चुका है उसके बाद मंदिर के सामने के तीन परिवार के लोग अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल दीवार का निर्माण कर रहे है। जिसके कारण मंदिर निर्माण करवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री महेरकर ने बताया कि कलेक्टर, सांसद, विधायक, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मंदिर निर्माण स्थल में अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है एवं मांगे पूरी नही होने पर कठोर कदम उठाने बाध्य होगें।

# गणेशपुर में किया गया पौधारोपण



लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज ) ।नगर मुख्यालय से ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत गणेशपुर में मानव अधिकार अपराध नियंत्रण समिति के द्वारा गुरूवार को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम गणेशपुर सरपंच हेमंत कटरे एवं मानव अधिकार अपराध नियंत्रण समिति के पदाधिकारी व प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथत उपस्थितजनों ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस शिक्षक दिवस के अवसर पर मानव अधिकार अपराध नियंत्रण समिति के द्वारा उपस्थित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया और शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए सभी को अपने-अपने गुरूजनों का सम्मान करने की बात कही। जिसके बाद पंचायत एवं स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार अपराध नियंत्रण समिति ब्लॉक अध्यक्ष नितिन भारद्वाज, संयोजक राज मिश्रा, मीडिया प्रभारी चंद्रकांत चंद्रवार, सपन खोब्रागढ़े, योगेंद्र पटले,ओजस्वी शिवांसी, जितेन्द्र भौरे, स्कूल की शिक्षिका रेखा कसार, संगीता कातुरे, ममता पटले, करूणा डोमाड़े एवं बज्चे उपस्थित रहे।

# बस मालिकों ने बस स्टैण्ड का अतिक्रमण हटाने और व्यवस्थित करने सौंपा ज्ञापन

## अतिक्रमण हटाकर बस हाल्टिग की व्यवस्था करने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज ) ।नगर मुख्यालय के हृदय स्थल बस स्टैण्ड में किये गये अतिक्रमण को हटाने, बस स्टैण्ड को सुव्यवस्थित कर बस हाल्टींग करने के लिए व्यवस्था करने की मांग को लेकर लालबर्रा के बस मालिकों के द्वारा ६ सितंबर को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है और उक्त मांगों को जल्द पूरा किये जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। आपकों बता दे कि लालबर्रा का बस स्टैण्ड का एरिया सरकारी रिकार्ड में १ एकड़ ३२ डिस्मिल है जो वर्तमान में अतिक्रमण होने के कारण आधा एकड़ में सिमट गया है जिसके कारण दिन के समय में भी बसों को पर्याप्त जगह नही मिलने के कारण मुख्य मार्ग पर ही बसों को खड़ा कर सवारियां उतारी एवं बैठाई जाती है। जिसके कारण बार-बार ट्राफिक जाम होने के कारण आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं हर समय दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही बस स्टैण्ड छोटा होने के कारण अव्यवस्था का भी आलम बना हुआ है जिससे दुर-दराज से आने वाले यात्रीगणों को भी परेशानी होती है और बस स्टैण्ड में स्थान कम होने के कारण रोजाना १५ से २० बसे हाल्टींग के लिए पर्याप्त स्थान नही होने पर विश्राम गृह, मेडिकल चौक, मंडी काम्पलेक्स, समनापुर रोड़ में बसे खड़ी की जाती है। जिस पर दुकानदारों के द्वारा आपत्ति दर्ज की जाती है ऐसी स्थिति में बस मालिक, एजेंट एवं दुकानदारों के बीच में विवाद की भी स्थिति निर्मित होती है इसलिए बस मालिकों ने शासन-प्रशासन से लालबर्रा बस स्टैण्ड के १ एकड़ ३२ डिस्मिल एरिया के बस स्टैण्ड को सुव्यवस्थित कर बस हॉल्टींग की व्यवस्था कर सर्वसुविधायुक्त बस स्टैण्ड का निर्माण करवाने की मांग की है ताकि बसों को खड़े करने में हो रही परेशानी दूर हो एवं यात्रीगणों को अज्छी सुविधा मिल सके। चर्चा में बस मालिकों ने बताया कि लालबर्रा बस स्टैण्ड का एरिया सरकारी रिकार्ड में १ एकड़ ३२ डिस्मिल है परन्तु वर्तमान में अतिक्रमण होने के कारण बस स्टैण्ड का एरिया आधा एकड़ में सिमट गया है जिसके कारण बसे खड़ी करने में परेशानी हो रही है एवं यात्रीगणों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही यह भी बताया कि लालबर्रा में रोजाना १५ से २० बसे हाल्टींग हो रही है परन्तु बस स्टैण्ड में पर्याप्त व्यवस्था (जगह) नही होने के कारण विश्राम गृह के सामने, मेडिकल चौक, समनापुर रोड़ में खड़ी कर रहे है जिस पर दुकानदारों के द्वारा आपत्ति दर्ज की जाती है। ऐसी स्थिति में विवाद होने का कारण बनता रहा है इसलिए शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैण्ड में व्याप्त अतिक्रमण को हटाकर बसों को सुचारू रूप से संचालन करने दिये जाने एवं रात्रि में होने वाली हाल्टींग बसों को बस स्टैण्ड में खड़ा करने की अनुमति दिये जाने की मांग की गई है जिसका शुल्क हम देने के लिए तैयार है। साथ ही यह भी बताया कि जब तक बस स्टैण्ड व्यवस्थित नही हो पाता तब तक हमें रात्रि में बसे हाल्टींग करने के लिए मेडिकल चौक से मंडी काम्पलेक्स तक सड़क किनारे खड़े करने की अनुमति दिये जाने की मांग की गई है, उक्त मांगे पूरी नही होने पर कठोर कदम उठाने बाध्य होगें। मांग करने वालों में श्याम कौशल, तुफान गुप्ता, श्री सिंघई, प्रतीक जायसवाल, फिरोज खान, इरशाद खान सहित अन्य शामिल है।







# आज सार्वजनिक पंडालों और घरों में विराजेगें प्रथम पूज्य श्रीगणेश भगवान

## भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा गणेशोत्सव पर्व

लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज ) ।दस दिनों तक चलने वाला गणेशोत्सव पर्व ७ सितंबर को शुभ मुहूर्त में नगर मुख्यालय स्थित मंडी परिसर, अमोली स्थित देवी मंदिर, मॉ सतबहनी मंदिर चौक सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर समितियों के द्वारा पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। श्री गणेशोत्सव पर्व के एक दिन पूर्व ६ सितंबर से ही भक्तजन मूर्तिकारों के घर व बाजार से भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को लेकर जा रहे है एवं ७ सितंबर को गणेश प्रतिमा स्थापना हेतु गणेश उत्सव समितियों के द्वारा प्रात: से ही ढोल-नगाड़े के साथ ही प्रतिमाओं को स्थापना स्थल ले जाने का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा जो देर रात्रि तक जारी रहेगा। चर्चा में मूर्तिकार ने बताया कि भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का निर्माण कार्य जारी है जिसमें छोटी प्रतिमाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और कुछ भक्तजन घर पहुंचकर प्रतिमा लेकर जा भी रहे है एवं बड़ी प्रतिमाओं को तैयार करने में समय लगता है जो ७ सितंबर की सुबह तक तैयार हो जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि इस वर्ष पेंट व आवश्यक सामग्रियों के दाम बढ़े है और महंगाई के दौर में मेहनत के हिसाब से दाम भी नही मिल पाता है। साथ ही लालबर्रा कुम्हारी मोहल्ला में करीब १५०० से अधिक भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है और क्षेत्र भर के भक्तजन घर पहुंचकर प्रतिमा लेकर जायेगे एवं शुभ मुहूर्त पर स्थापना कर १० दिवसीय गणेशोत्सव पर्व मनायेगें। साथ ही यह भी बताया कि भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना के बाद अब नवरात्र पर्व के लिए मॉ दुर्गा की प्रतिमा बनाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।





भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापना के साथ प्रारंभ हो जायेगा जिससे पूरे क्षेत्र में दस दिनों तक भक्तिमय माहौल बना रहेगा और चहूंओर गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों की गुंज सुनाई देगी। गणेशोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिये नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों के द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की गई है जिसमें दस दिनों तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।७ सितंबर को प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश के पर्व का शुभारंभ होगा जिसके लिए मूर्तिकारों के द्वारा प्रतिमाओं के रंगरोगन का कार्य कर अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही बाजार में लालबर्रा छोटी प्रतिमाओं का विक्रय भी किया जा रहा है।

# युवाओं ने खेल मैदान में हाई मॉस्क लाईटिंग लगाने जनपद सदस्य को सौंपा ज्ञापन

## जनपद सदस्य की परफार्मेन्स मद से औल्याकन्हार फिजिकल क्लब ( खेल मैदान ) में लगेगी हाईमास्ट लाईटिंग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार स्थित मैदान (फिजिकल क्लब) में पुलिस एवं सेना, पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के द्वारा ७ सितंबर को जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी को ज्ञापन सौंपकर हाइ मॉस्क लाईटिंग लगाने की मांग की है। वहीं युवाओं की मांग पर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक ७ के जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी ने अपने परफार्मेन्स मद की राशि से औल्याकन्हार फिजिकल क्लब में हाईमास्ट लाईटिंग की मंजूरी दी है। अब जल्द ही क्लब (खेल मैदान) में हाईमास्ट लाईटिंग लगने से अलसुबह एवं शाम को प्रैक्टिस करने वाले युवाओं को काफी राहत मिलेगी और वे देर तक अपनी फिजिकल प्रैक्टिस को अंजाम तक पहुंचा पायेगें। फिजिकल क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत औल्याकन्हार के अन्तर्गत औल्याकन्हार-बघोली मार्ग पर पिछले एक वर्ष से फिजिकल क्लब संचालित है और इस क्लब (खेल मैदान) में केन्द्रीय एवं मध्यप्रदेश पुलिस तथा सेना में भर्ती की इज्छा रखने वाले विकासखण्ड लालबर्रा ही नहीं अपितु विकासखण्ड से बाहर के भी प्रशिक्षणार्थी नियमित रूप से प्रैक्टिस के लिए सुबह-शाम आते है। आगे बताया कि युवाओं ने जनपद सदस्य श्री बनवारी को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि हम सभी आपके जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक ७ के अन्तर्गत फिजिकल क्लब ग्राम पंचायत औल्याकन्हार में फिजिकल की तैयारी करने प्रतिदिन सुबह-शाम आते है। सुबह एवं शाम को यहां पर अंधेरा रहता है और क्लब (मैदान) सुनसान क्षेत्र में भी स्थित है जिससे डर की भावना विशेषत: बालिकाओं में हमेशा बनी रहती है। अंधेरा रहने से सुबह जल्दी भी नहीं आ सकते और शाम को अंधेरा हो जाने से जल्दी ही प्रैक्टिस समाप्त करनी पड़ती है। इसलिए हाईमास्ट लाइटिंग सहित स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता है और हमारी मांग पर जनपद सदस्य श्री बनवारी ने संबंधित अधिकारी से स्टीमेट सह प्रस्ताव अतिशीघ्र प्रस्तुत करने निर्देशित किया है एवं एक माह के अंदर खेल मैदान में हाई मास्ट लाइटिंग लग जायेगी। औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के चेयरमैन ओपी बिसेन ने युवाओं को अपनी तैयारी नियमित रूप से जारी रखने की बात कहते हुए अन्य समस्याओं का समाधान करने आश्वास्त किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान मासूम टेम्भरे, निखिल गोन्दुड़े, अलका रहांगडाले, हर्षिता बाकलवार, आयुषी गुनेश्वर, प्रिंस अवधिया, तैबा अली, रेशमा बनवाले, मिथलेश ब्रम्हे, रितिक कटरे, इशांत ठाकरे, नितुल, अभय बाहेश्वर, रागिनी चौधरी, रत्नासागर परिमल सहित



# धरपीवाड़ा में शिक्षक दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ६ किमी. दूर ग्राम पंचायत धरपीवाड़ा में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम सरपंच संजय कटरे की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों के द्वारा मॉ सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों के द्वारा जीवन में शिक्षा के महत्व एवं शिक्षक की भूमिका पर विशेष जानकारियां दी गई तत्पश्चात् महिला एवं बाल विकास कार्यालय के पोषण आहार कार्यक्रम के तहत बज्चों को पोषण आहार की विस्तृत जानकारी देकर माताओं से अपने बज्चों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध फल, सब्जियां, मोटे अनाज व मेवे का अधिक से अधिक उपयोग कर उनके शारीरिक व मानसिक विकास को मजबूती प्रदान करने की बात कहीं गई। चर्चा में धरपीवाड़ा सरपंच संजय कटरे ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक १ एवं २ के नौनिहाल बज्चों को स्कूल बेग, बिस्केट के पैकेट का वितरण कर राष्ट्रीय पोषण अभियान कार्यक्रम मनाया गया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को पेन देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंचायत के रोजगार सहायक शिवेन्द्र डहरवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# गणेश चतुर्थी पर्व आज से शुरू

## मूर्तिकार प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। दस दिवसीय गणेश चतुर्थी पर्व ७ सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में नगर के मूर्तिकारों ने भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। बताया जा रहा है कि भगवान गणेश की प्रतिमाओं को मूर्तिकार कलर पेंट किये जाने के पूर्व का प्राईमा से पेंट किये जाने का कार्य पूर्ण हो गया है तो वहीं कुछ छोटी प्रतिमा तैयार कर ली गयी है। गौरतलब है कि भगवान गणेश का दस दिवसीय पर्व ७ सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। पर्व के नजदीक आते ही भक्तों में खासा धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है। वहीं मूर्तिकार भी बप्पा की प्रतिमाओं को शीघ्र पूर्ण करने तैयारी में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि मूर्तिकारों के निवास से बप्पा की प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम ६ सितंबर की सुबह से प्रारंभ हो गया है । किंतु ७ सितंबर की सुबह से उत्साह के साथ अधिकांश लोग प्रतिमा लेकर जायेंगे। ऐसे में मूर्तिकार प्रतिमा का रंग रोगन सजावट कार्य करने में जुट गए हैं वहीं बारीकी से प्रतिमाओं पर अब कार्य किया जा रहा है जिससे कि प्रत्येक प्रतिमा आकर्षक हो सके।**

### घरों सहित सार्वजनिक पण्डाल में विराजेंगे गजानन

नगर में करीब १ दर्जन से अधिक सार्वजनिक पण्डालों में एवं घरों में विशेष सा सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमा विराजित करने के लिए दरबार तैयार कर लिया गया है जहां पर प्रतिमाएं विराजित की जायेंगी। वहीं क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोगों के मकान में और सार्वजनिक स्थानों पर भगवान गणेश की स्थापना कर यह पर्व मनाया जाएगा। जिसके लिए बारिश के मौसम को देखते हुए कुछ लोगों ने ६ सितंबर को प्रतिमा ले जा ली गई है । तो वहीं अधिकांश लोग ७ सितंबर को बप्पा की प्रतिमा लेने पहुंचेगा । इस दौरान देखा जाए तो बप्पा की विशाल प्रतिमाएं अपने अंतिम सात सज्जा के दौर में चल रही है । जो कल तक तैयार हो जाएगी वहीं छोटी प्रतिमाएं पूरी तरह तैयार है जिसे खरीदने के लिए भी लोग लगातार पहुंच रहे है।

### महंगाई का बना हुआ है प्रभाव

विदित हो कि महंगाई के कारण स्थानीय मूर्तिकारों को भगवान गणेश की मूर्ति बनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मूर्तिकारों के द्वारा महंगी कीमतों में रंग पेंट प्राइमर मिट्टी लकड़ी खरीदकर मूर्ति को प्राईमर से पेन्ट एवं कुछ मूर्तियों को पेन्ट कर आकर्षक रूप दे रहे है। लेकिन इस महंगाई के बदले मूर्तियों के दाम नहीं मिल पा रहे हैं । क्योंकि जिस प्रकार से महंगाई बड़ी है ऐसे में प्रतिवर्ष की भांति मूर्तियों के दाम मिलना असंभव नजर आ रहे हैं। वहीं मूर्ति खरीदने जो लोग पहुंच रहे हैं वहां कम दाम में मूर्ति ढूंढ रहे हैं । क्योंकि महंगाई ने उनके परिवार का बजट तो बिगाड़ दिया है परंतु आस्था में भी यह महंगाई अब देखने मिल रही है। जिसमें देखा जा सकता है की छोटी मूर्तियां पहले से छोटी हो गई है । और कुछ ही मूर्तियां बड़ी बनाई गई है और जो सार्वजनिक पंडालून के लिए प्रतिमा तैयार की गई है उसकी भी लंबाई कम होने लगी है।

### गणेश उत्सव की दिखेगी चारों तरफ धूम

७ सितंबर से प्रारंभ हो रहे गणेश उत्सव से अब १० दिनों तक गणेश उत्सव की धूम चारों तरफनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगी । जहां पर घरों सहित सड़कों पर आकर्षक लाइटिंग भजन कीर्तन विभिन्न प्रतियोगिताओं में मटकी फोड़ रिकॉर्डिंग डांस जैसी अन्य प्रतियोगिता देखने मिलेगी । वहीं सुबह से शाम तक भगवान गणेश के मधुर संगीत बजाते रहेंगे।

### वारासिवनी के मूर्तिकारों की कला क्षेत्र के अलावा दूर दूर तक जाती है -सुरेश प्रजापति

मूर्तिकार सुरेश प्रजापति ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा को फाइनल करने का काम चल रहा है । इस दौरान बड़ी संख्या में लोग प्रतिमा देखने आ रहे हैं । कुछ लोग प्रतिमा लेकर जा भी रहे हैं ७ सितंबर को गणेश उत्सव प्रारंभ होना है ऐसे में सभी प्रतिमाएं ७ सितंबर की शाम तक तैयार कर दी जाएगी । जिसे लोग लेकर चले जाएंगे अभी बड़ी मूर्तियां फाइनल करने का कार्य बचा है ,महंगाई निश्चित रूप से बड़ी हुई है इसका सीधा असर प्रतिमा की लंबाई पर पड़ा है । अब हर प्रतिमा को छोटी बनाने का कार्य किया जा रहा है हमारे यहां कि कल पूरे जिले में केंद्र बनी हुई है। क्योंकि वारासिवनी के मूर्तिकारों के द्वारा तैयार की गई प्रतिमा वारासिवनी नगर और ग्रामीण ही नहीं बालाघाट और उसके आगे भी पूरे जिले में भेजी जा रही है दूर दूर से लोग यहां पर प्रतिमा का ऑर्डर देने आए थे जो कल लेकर जाएंगे।

# शौच गये व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत

## मामला थाना रामपायली के एरवाहेठी का जांच जारी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। रामपायली पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत एरवाहेठी के तालाब में डूबने से ५४ वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महेश पिता रूपचंद नेवरगड़े ५ सितंबर को तालाब तरफ शौच के लिए गया हुआ था उस दौरान यह हादसा घटित हो गया। जिसमें ६ सितंबर को पुलिस ने शव बरामद कर आवश्यक कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है वहीं मामले में मार्ग जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम एरवाहेठी निवासी ५४ वर्षीय महेश पिता रूपचंद नेवरगड़े ५ सितंबर की सुबह करीब ८ बजे घर से शौच जाने का बात कर निकले थे जो देर शाम तक वापस नहीं लौटे। जिस पर परिवार के लोगों के द्वारा आस पड़ोस में पताशाजी करने के उपरांत कहीं पता नही चलने पर तालाब पर पहुंचे। जहां उन्हें महेश नेवरगड़े की चप्पल तालाब की पार पर मिली। जिन्होंने तालाब में भी पता किया परंतु पता नहीं चल पाया। इसके बाद ६ सितंबर की सुबह तालाब के ऊपर महेश नेवरगडे का शव तैरता हुआ दिखा। जिसकी सूचना ग्राम के लोगों ने परिवार सहित पुलिस को दी जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वहीं शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द कर दिया गया।

### तालाब के पानी में डूबने से मेरे पिता की मौत हो गयी है-विलास नेवरगड़े

मृतक के पुत्र विलास नेवरगड़े ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मैं वार्ड नं. १५ ऐरवाहेटी रहता हूँ मजदूरी का काम करता हूँ। कल ५ सितंबर के सुबह करीबन ८ बजे मेरे पिताजी महेश पिता रुपचंद नेवरगढे शौच करने के लिए ग्राम ऐरवाहेटी के तालाब की ओर गये हुये थे जो शाम तक घर वापस नही आयें। कल शाम को मैं तथा परिवार के अन्य सदस्यगण दिनेश नेवरगड़े,राजकुमार नेवरगड़े के साथ तालाब जाकर देखा तो तालाब के किनारे पार पर मेरे पिता महेश नेवरगड़े की चप्पल पडी हुई थी। फिर आज ६ सितंबर की सुबह करीबन ८ बजे हम लोग पिता को ढूढने गांव के तालाब की तरफ जाकर देखे तो मेरे पिता का शव ग्राम के तालाब के पानी पर तैरता हुआ दिखाई दिया। जिनकी मौत हो गयी है। मेरे पिता महेश नेवरगड़े शौच करते समय तालाब में पैर फिसल जाने के कारण तालाब के पानी में डूबने से मेरे पिता की मौत हो गयी है। मेरे पिता की मौत पर मुझे किसी प्रकार की कोई शंका नहीं है।


### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि थाने में सूचना मिली थी कि ग्राम एरवाहेठी के तालाब में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई है। मौके पर जाकर देखें तो ५४ वर्षीय महेश रूपचंद नेवरगड़े का शव था। जिसे तालाब से बाहर निकाल कर मामले में आवश्यक कार्यवाही कर मार्ग जांच प्रारंभ कर दी गई है। मामले में प्रथम दृष्टा पैर स्लिप होकर तालाब में गिरना समझ आ रहा है । परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

**नरेंद्र सिंह ठाकुर**
**एएसआई थाना रामपायली**

# पूर्व जल उपभोक्ता संस्था अध्यक्ष ने किसानों को रबी में सिंचाई के लिए पानी दिये जाने लगाई गुहार

## कलेक्टर को जनसुनवाई में किया आवेदन



खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । पूर्व जल उपभोक्ता संस्था चिचोली के अध्यक्ष शरद कुमार पांडेय ने जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन करते हुए मांग किया है कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिचोली ,कटोरी, घुबड़गोंदी, खैरलांजी, खरखड़ी जल उपभोक्ता संस्था को रबी की फसल लगाने के लिए नहर से पानी का वितरण किया जाए। जिससे कि इस क्षेत्र के किसान भी रबी सीजन में फसल लगा सके। शरद पांडेय ने बताया कि पूर्व में जब वह चिचोली जल उपभोक्ता संस्था के अध्यक्ष थे तो इस संस्था के किसानों को राजीव सागर बांध एवं धुटी बांध का पानी टेल तक किसानों को सिंचाई के लिए दिया जाता था तो फिर अब क्यों नही दिया जा सकता है। मैं १७ दिन का हड़ताली रहा हूं और मैंने १७ दिन तक हड़ताल किया है। उनकी जिला कलेक्टर से मांग है कि बालाघाट, वारासिवनी, लालबर्रा, कटंगी में रबी की फसल लगाने पानी दिया जाता है । इसी प्रकार हमारी संस्थाओं को भी रबी की फसल लगाने बिना भेदभाव के पानी दिया दिया जावें। अन्यथा उनके द्वारा किसान हित में भविष्य में हड़ताल भी की जा सकती है जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

# महिलाओं ने पति की दीघार्यु के लिये रखा हरितालिका व्रत





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ६ सितंबर को हरितालिका तीज पर्व धार्मिक आस्थाओं के साथ मनाया गया। इस पर्व पर महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं ने सुबह नहर , नदी से बालू लाकर भगवान शिव व पार्वती की प्रतिमा का निर्माण किया और पुरी रात रतजगा कर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। पति की दीर्घायु के लिये किया जाने वाला सबसे कठिन वृत हरितालिका है जिसमें ३० घंटे का वृत सुहागन महिलाओं के द्वारा बिना पानी पीये किया जाता हैं। इनके सांस्कृतिक तथा पारंपरिक महत्व अपनी जगह हैं इसलिए तीज के लिए महिलाएं काफी पहले से तैयारियां शुरू कर देती हैं। ताकि तिथि पर पूरे उत्साह के साथ हरितालिका तीज मनाई जाती है। जिसके तहत महिलाओं ने हरितालिका व्रत धारण किया।

### यह व्रत पति की दीर्घायु जीवन की कामना के लिए किया जाता है-संगीता गोस्वामी

व्रतधारी महिला श्रीमती संगीता गोस्वामी ने पद्मेंश से चर्चा में बताया कि हरितालिका तीज का व्रत सभी महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें नहर पर उपस्थित होकर गौर निकल रहे हैं इसमें कुंवारी कन्या व सुहागिन महिला इस व्रत को करती है। यह व्रत पति की दीर्घायु जीवन की कामना के लिए किया जाता है। श्रीमती गोस्वामी ने बताया कि यह व्रत पूर्वजों से चला आ रहा है जिसमें सुबह गौर निकालकर कल विसर्जन करेंगे इसमें महिलाएं निर्जला व्रत धारण करती है। जिसमें माता गौरा और भगवान शिव की पूजा की जाती है।

### माता पार्वती ने भगवान शिव की प्राप्ति के लिए रखा था व्रत-हेमलता पुरी

व्रतधारी महिला श्रीमती हेमलता पूरी ने बताया कि तीज व्रत में सभी महिलाएं गौर निकालने के लिए नहर पर पहुंची हुई है । सभी ने निर्जला व्रत धारण किया हुआ है इसमें पूरी रात जागकर भगवान की पूजा अर्चना व भजन कीर्तन किया जाएगा। यह पर्व पति की दीर्घायु के लिए किया जा रहा है जो माता पार्वती ने भगवान शिव की प्राप्ति के लिए रखा हुआ था जिसके बाद से यह व्रत किया जाता है। श्रीमती पूरी ने बताया कि हरितालिका तीज पर दो तिथियों में था जिसमें ५ सितंबर को भी कुछ महिलाओं ने यह पर्व किया है। पर सही तिथि ६ सितंबर की है क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार सूर्योदय की तिथि मानी जाती है।

### बड़ी नहर में किया जायेगा गौर विसर्जन

हरितालिका का वृत कठिन उपवास है महिलाएं निर्जल उपवास रहती हैं शाम को नये वस्त्र एवं आभूषण पहनकर बालू मिट्टी से बनी शिव-पार्वती की प्रतिमा की पूजन-अर्चना कर माता पार्वती को १६ श्रृंगार अर्पित करती हैं। रात्रि जागरण कर रात में जागरण के पश्चात १९ सितंबर को शिव पार्वती की प्रतिमाओं को विधिवत नदी तालाब में विसर्जन किया जायेगा ।

# राष्ट्र की सेवा के कार्य कर नया आदर्श प्रस्तुत करना है-प्रदीप जायसवाल

## भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन संपन्न




वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। संगठन महापर्व भाजपा सदस्यता अभियान के संदर्भ मे शुक्रवार को भाजपा कार्यालय वारासिवनी में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय युवाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सभी ९० पंचायत के प्रमुख युवाओं ने शामिल होकर सदस्यता अभियान से स्वंय को जोडते हुये स्वंय की सदस्यता करने के बाद निर्धारित लक्ष्य से अधिक संख्या में सदस्यता कराने का संकल्प भी लिया। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की आप सभी युवा वर्ग शक्ति का सबसे बडा स्त्रोत है। इसलिये आप सभी युवाओं को सदस्यता के साथ ही विकसीत भारत के लक्ष्य को पुरा करने के लिये जोड़ना है। हम सभी के लिये राष्ट्र प्रथम के विचार ही सर्वोपरि है। श्री जायसवाल ने कहा की हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बडी पार्टी है। सबसे बडी बात हम सभी को यह ध्यान में रखना है की प्रदेश सरकार हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग की भावना के साथ खडी है। इस दौरान विधानसभा प्रभारी किशोर अमूले, सुनील पिपरेवार, प्रबल जायसवाल आदि ने युवाओं को लिंक व मिस्ड काल की प्रक्रिया से भाजपा की सदस्यता लेने की पुरी प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही युवाओं को प्रेरित करते हुये कहा की आज पार्टी ने हमे जो अवसर प्रदान की है वह आने वाले दिनो में हमारी मेहनत को सबसे आगे ले जाने का कार्य करेगी। हम जितनी अधिक संख्या में अपनी अपनी पंचायतो में भाजपा के सदस्य बनायेंगे उतना ही सम्मान हमारा पार्टी के संगठन की नजर में स्वंय होगा। हमे फिर से सबसे बडा परिवार बनकर विश्व की सबसे बडी पार्टी के माध्यम से राष्ट्र की सेवा के विषय में कार्य कर एक नया आदर्श भी प्रस्तुत करना है।

# सरस्वती विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । नगर में स्थित सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में ५ सितंबर को विद्यालय के छात्र संघ के तत्वाधान में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य प्रमोद कुमार कुशवाहा को मुख्य आतिथ्य ,आचार्य दयानंद धुवारे की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं भारत माता तथा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। जिसके बाद सरस्वती वंदना कर विद्यालय प्राचार्य के साथ साथ सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का तिलक किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा समस्त शिक्षकों को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। जिसमें छात्र संघ के अध्यक्ष कुमारी ओसी मेश्राम एवं स्नेहा बुर्डे ने मच संचालन किया। तथा गुरु महिमा के बारे में बताया इनके अलावा सभी पदाधिकारी ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न किया। जिसमें उमंग लिमजे के साथ साथ सभी कक्षा नायक ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रमुख लता पटेल व श्रीमती वर्षा जैन ने सहयोग प्रदान किया। अंत में आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य प्रमोद कुमार कुशवाहा ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए इतिहास के कई गुरुओं की कथा बताते हुए सभी को संदेश दिया कि वह अपने जीवन में किस प्रकार आदर्श स्थापित करें । ताकि भविष्य में उनकी प्रगति और सफलता निश्चित हो सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

# नगर में सज रहे गणेश पंडाल : सार्वजनिक समितियाँ कर रही विशेष साज सज्जा



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित पूरे क्षेत्र में ७ सितंबर से १० दिवसीय गणेश पर्व प्रारंभ हो रहा है। जिसकी तैयारी नगर में काफी जोर शोर से चल रही है। भगवान श्रीगणेश के भक्त इस पर्व को लेकर काफी उत्साह में नजर आ रहे है। वहीं सार्वजनिक समितियों के द्वारा अपने अपने पंडालों को बेहतर ढ़ंग से सॅजाने का क्रम काफी तेज गति से चल रहा है। नगर में भी करीब एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक समितियों के द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना के लिये आकर्षक पंडाल सॅजाये जा रहे है। नगर के सिविल लाईन सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के द्वारा इस पंडाल को विशेष आकर्षण का केन्द्र बनाया जा रहा है। इसके अलावा भी नगर के हैदराबाद मोहल्ला, मंडी के पीछे, लालबर्रा रोड़, जाग्रत जोड़ा पीपल ,हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर काफी श्रृध्दाभाव से सार्वजनिक गणेश पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना विधि विधान से की जाती है। वहीं अधिकांशता भक्त अपने घरों में भी भगवान श्री गणेश की स्थापना करते है जिनके द्वारा भी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। ऐसे में पंडाल का भी निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है ताकि समय रहते भगवान गणेश की स्थापना के पूर्व सभी प्रकार की सजा सज्जा और लाइटिंग का कार्य पूर्ण किया जा सके । ताकि समय पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के बाद पंडाल में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हों।

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# माओवादियों को झटका

साल 2024 में सुरक्षा बलों की अगुवाई वाले नक्सल-विरोधी अभियानों में 159 माओवादी कैडर मारे गये हैं। इस तरह यह साल भारत में लंबे समय से चल रहे वामपंथी उग्रवादी आंदोलन के लिए अब तक के सबसे बड़े झटकों में से एक है। अप्रैल 2021 और अप्रैल 2023 में घात लगाकर किये गये हमलों में बड़ा नुकसान झेलने के बाद, अर्धसैनिक और पुलिस बल बेहतर समन्वय बना रहे हैं और उग्रवादियों के प्रति कुछ-भी-वर्जित-नहीं वाले रवैये को पुख्ता कर रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि माओवादी अपने शायद एकमात्र बचे गढ़ दक्षिण छत्तीसगढ़ में प्रहार दर प्रहार का सामना कर रहे हैं ङ्क हालांकि वे झारखंड, बिहार, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगल वाले जिलों में अपनी मौजूदगी बरकरार रखे हुए हैं। माओवादियों से निपटने में कामयाबी विद्रोहियों के लिए समर्थन-आधार कमजोर होने का भी नतीजा है, क्योंकि खुफिया सूचनाएं इन अभियानों का एक अहम घटक होती हैं। इसमें कोई हैरत नहीं होनी चाहिए। भारत के सबसे अधिक जंगल वाले और कम विकसित क्षेत्रों में से एक में आदिवासियों के बीच भारतीय राज्य के खिलाफ शिकायतों के बावजूद, माओवादियों द्वारा अपनाये गये एक 卐दीर्घकालिक卐 युद्ध के विचार को हमेशा कम ही लोग स्वीकार करने वाले थे। विद्रोह और इसके खिलाफ अभियानों में आदिवासी आबादी को जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जिसने उन्हें और ज्यादा पस्त कर दिया। मारे गये ज्यादातर माओवादी कैडरों का आदिवासी युवा होना उस त्रासदी की ओर इशारा करता है जो भारत के सबसे गरीब राज्यों में शामिल इस राज्य पर गुजरी है।

कुछ-भी-वर्जित-नहीं वाला रवैया, जिसे छत्तीसगढ़ सरकार 卐ऑपरेशन प्रहार卐 कहती है, बड़ी संख्या में माओवादी कैडरों का खात्मा करने में, उनका आत्मसमर्पण और गिरफ्तारी कराने में कामयाब हुआ हो सकता है, लेकिन इसने आदिवासी अधिकारों के लिए लड़ रहे शांतिप्रिय एक्टिविस्टों को भी निशाना बनाया है। नागरिक समाज संगठनों ने शिकायत की है कि माओवादियों पर हमलों के साथ ही एक्टिविस्टों और आदिवासियों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई हुई है। छत्तीसगढ़ और केंद्रीय गृह मंत्रालय को इन शिकायतों पर ध्यान देना होगा, क्योंकि इस तरह की कार्रवाइयां मोहभंग बढ़ा सकती हैं, जिसका फायदा माओवादी उठा सकते हैं। माओवादी/नक्सली धाराओं का प्रवाह पांच दशक से अधिक तक बने रहना यह दिखाता है कि जिन क्षेत्रों में भारतीय राज्य का शासन या तो अनुपस्थित है या उसे हाशिए पर पड़े तबकों के लिए हानिकारक चीज के रूप में देखा जाता है, वहां वाम उग्रवाद अब भी टिका हुआ है। हालांकि, अपने टिके रहने की क्षमता के बावजूद, माओवादी आंदोलन समय से पीछे छूट चुकी चीज के रूप में बना हुआ है। दुनिया भर में माओवादी धाराओं के अनुभव यही बताते हैं। अपने किसी भी ऊंचे लक्ष्य तक पहुंचने से दूर, भारतीय माओवादी आंदोलन उन लोगों के लिए सिर्फ तकलीफ ही लेकर आया है जिनके लिए विद्रोही लड़ने का दावा करते हैं। जितनी जल्दी उन्हें अपनी विचारधारा की व्यर्थता का एहसास होगा और वे अपनी चिंताओं को सामने रखने के लिए भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली में मौजूद अवसरों का इस्तेमाल करने की ओर बढ़ेंगे, उतना ही अच्छा उन आदिवासियों के लिए होगा जो सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच अंतहीन लड़ाई में फंसे हुए हैं।

# संगठन पर्व से राष्ट्र निर्माण

लोकतंत्र की भावना भारतीय जनता पार्टी संगठन की पंच निष्ठाओं में से एक है। यह भावना सिर्फ वैचारिक स्तर पर ही नहीं, अपितु पार्टी के आचरण और उसकी कार्यपद्धति में भी स्पष्ट दिखाई देती है। संगठन पर्व भाजपा का सदस्यता अभियान इसी लोकतांत्रिक कार्य पद्धति का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से नए सदस्य भाजपा परिवार से जुड़ते हैं और विचार को विस्तार देते हैं। ऐसे ही विशिष्ट कार्यशैली वाले अभियानों के बल पर भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सदस्यता ग्रहण किए जाने के उपरांत देश में 2 सितंबर से संगठन पर्व प्रांरभ हो चुका है। हमारे पूर्वजों ने पार्टी संगठन तथा कार्यकर्ताओं को गढ़ने और तराशने के लिए जो त्याग और परिश्रम किया है, उसी के बल पर वर्तमान में मध्यप्रदेश के पार्टी संगठन को पूरे देश में आदर्श माना जाता है। प्रदेश के लाखों-लाख कार्यकर्ता अपनी इस पहचान को कायम रखते हुए संगठन पर्व में पार्टी के विस्तार को नई ऊंचाईयां प्रदान करने को तैयार हैं।

## पंचनिष्ठाओं पर आधारित हमारा विचार और आधार

भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक, दर्शन के रूप मंय अपनाया है तथा सुशासन, विकास एवं सुरक्षा भाजपा की प्राथमिकताएं हैं। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की है, जिन्हें 'पंचनिष्ठा' कहते हैं। यह पंचनिष्ठाएं राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता (सर्वधर्म समभाव), गांधीवादी समाजवाद (सामाजिक-आर्थिक विषयों पर गाँधीवादी दृष्टिकोण द्वारा शोषण मुक्त समरस समाज की स्थापना) तथा मूल्य आधारित राजनीति है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो वैचारिक प्रतिष्ठान और अधिष्ठान पर चलती है, और जो राष्ट्रवादी विचारों से जुड़ी है। हमें गर्व है कि हमारा दल देश का ऐसा एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसने राष्ट्रहितों के साथ कभी समझौता नहीं किया, अन्य सभी दलों ने सत्ता प्राप्ति एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए एक नहीं, अनेकों बार समझौता किया। भाजपा के लिए राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है, समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका पहला कार्य है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। भाजपा को छोडकर आज भारत के सभी राजनैतिक दल विचारधारा की शून्यता के शिकार हैं। भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद तथा पंचनिष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है। शासन की नीति में भी इनका समुचित प्रतिबिम्बन होगा। भाजपा राष्ट्र प्रथम के साथ शोषित, वंचित, पीड़ित का उत्थान और सेवा कर रही है।

## राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय हुए

हमारे विचार की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य व दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे पार्टी के संस्थापकों एवं असंख्य कार्यकर्ताओं ने श्रीरामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुई सरकारें भी न्यौछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुषां का संकल्प एवं एक देश में 卐दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप अनुच्छेद 370 को हटाने ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के वर्तमान गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के कार्यकाल में भाजपा ने श्रद्धेय अटलजी की सरकार तथा तत्कालीन संगठन की नीतियों को दिशा देने के प्रयास के साथ ही अपनी विचारधारा अनुरूप 卐राष्ट्र सर्वोपरि मानकर अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय किये हैं जो हमारी विचारों की स्पष्टता को प्रतिलक्षित करते हैं। हमारे संस्थापकों ने भारत को विश्व गुरू बनाने का जो सपना देखा था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उस ओर हम कर्तव्यपरायणता के साथ अग्रसर हैं।

## अंत्योदय का सपना साकार कर रही मोदी सरकार

हमारी ध्येय यात्रा में पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब-कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। हमारी केंद्र की सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत अनुरूप ही 50 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते खुलवाए और आयुष्मान, उज्ज्वला और पीएम आवास जैसी अनुकरणीय योजनाएं संचालित की गईं और देश खुले में शौच से मुक्त हुआ। घर-घर बिजली पहुंचाई गई, 10 करोड़ से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन दिए गए और हर घर शुद्ध पेयजल पहुँचाया। कुछ प्रमुख आधारभूत कार्य हैं जो देश की पूर्ववर्ती सरकारों के 50 वर्षों के शासनकाल की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति की वजह से किसी एक वर्ग विशेष की चिंता ही उनकी राजनीति की प्राथमिकता रही है। वे तुष्टीकरण करते रहे, हमने संतुष्टीकरण करने का ईमानदार प्रयास किया। वास्तव में, केंद्र और राज्यों की हमारी सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही लोकतंत्र की आवश्यकता है। भाजपा समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात ही नहीं करती, बल्कि उसे चरितार्थ भी करती है। भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पारदर्शिता के शासन से देश के लोकत्रंत को मजबूती दी है, जिससे सामान्य व्यक्ति आज गरिमा के साथ जीवनयापन कर रहा है।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरा भारत

आज भारत ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है, जिन्हें पूरा करना कभी असंभव सा लगता था। भाजपा सरकार में अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरे भारत ने अपने पुराने स्वाभिमान और आत्मगौरव को भी वापस हासिल किया है। राष्ट्रीय संकट में जनकल्याण की कसौटी पर भी भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा के नेतृत्व ने एक अनूठा उदाहरण विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। कोरोना संकट में दुनिया के अनेक देशों ने जहाँ अपने नागरिकों को अपने हाल पर छोड़ दिया, वहीं भारत में भाजपा की मोदी सरकार ने अपने हर नागरिक के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके लिए अनाज के साथ दवाओं और अन्य वस्तुओं को उपलब्ध कराया। स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका तो निभाई और हर नागरिक के लिए उसे मुफ्त उपलब्ध कराने हेतु विश्व का सबसे बड़ा वैक्सिनेशन अभियान चलाकर दुनिया से अपने सामर्थ्य का लोहा भी मनवा लिया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ही भाजपा का मूलमंत्र बन गया है।

## विकसित भारत हेतु सदस्यता अभियान

लगभग 44 वर्षों की इस यात्रा में आज हमारी भाजपा भारतीय राजनीति के जिस शीर्ष पर पहुंची है, वो हमारी विचारधारा के प्रति एकनिष्ठ और समर्पित भाव से बढ़ते रहने के कारण ही संभव हुआ है। अपने 45 वें वर्ष में दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल ने चार दशक पूर्व जो सपने देखे, वह तो साकार हुए ही हैं, साथ ही स्वाधीनता के अमृत वर्ष में मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को अपना दिशा-सूत्र बना चुका है, जिसको पूरा करने का दारोमदार भी भारतीय जनता पार्टी के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। देश की सेवा के लिए अधिकाधिक लोगों को आव्हान और प्रेरित करना भाजपा का संगठन पर्व है। भारतीय जनता पार्टी का यह संगठन पर्व केवल सदस्यता आंकड़ों को बढ़ाने और सत्ता सुख भोगने के लिए नहीं है, बल्कि जनता का दुख-दर्द दूर करने के साथ देश का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि 卐आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने, कल का मतदाता परसों भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बने और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने卐। निश्चित ही भाजपा अपनी संकल्प शक्ति, निष्ठा और नियति से इस लक्ष्य को पूरा करेगी तथा हमारे सदस्य देश के भविष्य-निर्माण की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाते हुए संकल्प सिद्धि की ओर अग्रसरता में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

**- विष्णुदत्त शर्मा**

# विघ्नहर्ता, शुभकर्ता गणेशजी बहुआयामी देवता हैं

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। प्राचीन काल से हिन्दू समाज कोई भी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए उसका प्रारम्भ गणपति की पूजा से ही करता आ रहा है। प्रतिकूल, अशुभ, अज्ञान एवं दु:ख से परेशान मनुष्य के लिये गणेश ही तारणहार है। वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्म हुआ। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है।

गणेश के रूप में विष्णु शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव पे धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात् शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का तो 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है। अर्थात् गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है। हजारों स्थानों पर भारतीय कला और संस्कृति की भिन्न-भिन्न गणेश-छवियों के दर्शन होते हैं। रात्रि में सर्वत्र रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अंतिम दिन बड़ी धूमधाम से गणेश-प्रतिमाओं का विसर्जन नदी तटों, सरोवरों अथवा समुद्र में किया जाता है। दिन-प्रतिदिन गणेश चतुर्थी को अधिक से अधिक भव्यता से मनाने का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है।

भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नम:' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं



है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है।

गज मुख पर कान भी इस बात के प्रतीक हैं कि शासक जनता की बात को सुनने के लिए कान सदैव खुले रखें। यदि शासक जनता की ओर से अपने कान बंद कर लेगा तो वह कभी सफल नहीं हो सकेगा। शासक को हाथी की ही भांति शक्तिशाली एवं स्वाभिमानी होना चाहिए। अपने एवं परिवार के पोषण के लिए शासक को न तो किसी पर निर्भर रहना चाहिए और न ही उसकी आय के स्रोत ज्ञात होने चाहिए। हाथी बिना झुके ही अपनी सूँड की सहायता से सब कुछ उठा कर अपना पोषण कर सकता है। शासक को किसी भी परिस्थिति में दूसरों के सामने झुकना नहीं चाहिए। गणेशजी के पैर छोटे हैं जो कर्मेन्द्रिय के सूचक और सत्व गुणों के प्रतीक हैं। मूषक गणपति का वाहन है जो चंचलता एवं दूसरों की छिद्रान्वेषण की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने का प्रेरक है। गणेशजी की चार भुजाएँ चार प्रकार के भक्तों, चार प्रकार की सृष्टि और चार पुरुषार्थों का ज्ञान कराती है।

गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण ही गणेशजी की मानव-जाति सदा ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

**- ललित गर्ग**

# पर्यावरणीय गतिशीलता में रहा हमारा मुल्क

प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े कानूनी प्रकरणों के निपटारे के लिए बना राष्ट्रीय हरित प्राधिकार - एनजीटी इस बार भी प्रकृति और विकास में सामंजस्य बैठता दृष्टि गोचर हुआ ,जिसमें सरकार के ताजा एनवायरमेंटल इंपैक्ट असेसमेंट ईआईए नोटिफिकेशन पर बंदिश प्रमुख हैं, जहां ईआईए के मूल प्रावधानों को हल्का और अप्रभावी करने के लिए एजेंसियां कटघरे में है, यहां तक कि एनजीटी ने पर्यावरण संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर उन्हें ईटऔर कंक्रीट से पाट देने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति को आड़े हाथों लिया , इसी साल 18-19नवम्बर को ब्राज़ील शहर के रियो डी जेनेरियो होने वाली जी 20 बैठक में हिस्सा लेने आ रहे मेहमानों की मेजबानी के लिए तैयार ब्राज़ील शहर का रियो डी जेनेरियो पर्यावरण, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर विकसित देशों के साथ बेहतर तालमेल बनाने कि कोशिश करेगा

पृथ्वी को सदैव किसी न किसी रूप में मानव जनित संकटों का सामना करना पड़ता है ,बीते कुछ वर्षों में बाढ़, सूखा, चक्रवात, बर्फीली आंधी के रूप में पृथ्वी की सिसकियां सुनाई दी ,प्रदूषण के साथ संसाधनों का दोहन किस हद तक किया जा सकता है, की मानसिकता ने मानवता पर सवालिया निशान भी लगाया, भारत इस वर्ष मौसम की दृष्टि से चरम वर्ष का गवाह बना, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 241 दिनों तक चरम मौसम की घटनाएं घटित हुई ,

एक गंभीर तस्वीर पेश करते हुए इसमें कहा गया कि देश ने पहले 9 महीनों में तकरीबन हर दिन एक आपदा देखी ,मसलन गर्मी और शीत लहरों, चक्रवात ,बिजली से लेकर भारी बारिश बाढ़ और भूस्खलन तक इन

आपदाओं में 3000 लोग से भी अधिक लोगों की जान गई 1.8 मिलियन हेक्टर फसल क्षेत्र को प्रभावित किया, अनवरत बर्षा से आई भीषण बाढ़ ने 416.667घरों को पूर्ण तौर पर नष्ट कर दिया और तकरीबन 75,000पशुओ को मार डाला, मुंबई जैसे महानगर और छोटे छोटे शहरों में तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता के स्तर ने प्रशासन और पर्यावरणविद् के ललाट पर चिंता की लकीरें उभर दी,

भारत जैसे देश के दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण की सोच और स्टोकहोम कन्वेंशन के पांच दशक पूर्ण होने पर कन्वेंशन के उदूदेश्यों और लक्ष्यों को हमारे देश ने स्मरण रखा जो फर्क की बात है 2022और 2023 में दुनिया भर के देश संयुक्त राष्ट्र के दो सबसे बड़े शिखर सम्मेलनों सीओपी 27और सीओपी 15में शामिल हुए , जहां नीले ग्रह को बचाने पर्यावरण को होने वाली क्षति को सीमित करने और जैव विविधता को बचाने के तरीकों को खोजा गया, सभी देश इस तथ्य को स्वीकार करने के लिए एक साथ आए कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से हुए नुकसान की भरपाई के लिए पृथक से धन की आवश्यकता है , इस बीच जैवविविधता शिखर सम्मेलन सीओपी 15में इस दशक के अंत तक दुनिया की 30 प्रतिशत भूमि और समुंद्रौ की रक्षा के सौदे के सबसे ऊंचे लक्ष्य के करीब आम सहमति बनाने में कामयाब रहे,

सीओपी 27और सीओपी 15 जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नये कदम है, भारत ने सीओपी 27मेंहिस्सा लिया , जिसमें एल आईएफई पर्यावरण के लिए जीवन शैली के वैश्विक आहवान को मुख्यधारा में लाने पर खासतौर से ध्यान केंद्रित किया गया, भारत ने शून्य उत्सर्जन गतिशीलता की और एक कदम और बढ़ा , जिससे कारपोरेट घरानों की संख्या बढ़ाकर 130हो गई, शून्य का लक्ष्य भारत में राइट - हेलिग और डिलिवरी क्षेत्र के लिए ईवी अपनाने का पैमाना है, इसके चार साल पहले लांच होने के बाद से इसने तकरीबन 90मिलियन शून्य डिलिवरी पूरी की है, और 15000टन से अधिक सीओ 2उत्सर्जन 1.6टन पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन से बचने केलिए 40मिलियन शून्य सवारी गाड़ी की है, डिलीवर इलेक्ट्रॉनिक दिल्ली पायलट,जिसे इस तेजी से बढ़ते भारतीय शहर को 2024मेंपंजीकृत नवीन वाहनों के 25प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचन में सहयोग करने के लिए लागू किया गया था , ने दिल्ली में नये इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की बिक्री को तीन गुना कर दिया, भारत प्लास्टिक प्रदूषण से अधिक प्रभावित मुल्को में से एक है जिससे इस भीषण समस्या से निजात पाने के लिए भारत सरकार ने 2022में स्टॉ, कटलरी,ईयरबडस, पैकेजिंग फिल्मों सहित उन्नीस एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के इस्तेमाल पर प्रतिबंधित लगा दिया गया है, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियों गुटेरेस के मुताबिक भारत का प्रथम सौर ऊर्जा संचालित गांव मानव जाति और ग्रह के मध्य सामंजस्य का अनूठा उदाहरण स्थापित कर रहा है,तीन साल पहले संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान गुजरात के मोढेरा का दौरा किया था,2021में प्रारंभ की गई एक और सौर ऊर्जा परियोजना ने हजारों लोगों के घरों को बिजली से रोशन किया है, भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करके विश्व में चौथा स्थान हासिल किया है , वहीं दूसरी ओर विश्व बैंक द्वारा जारी पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक में भारत सबसे नीचे पायदान पर रहा है, इसका तात्पर्य है कि भारत विश्व के उन देशों में शामिल हैं,जिनका पर्यावरण स्वास्थ्य की द्रष्टि से सबसे ज्यादा खराब है, हालांकि सुकून की बात यह है कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में पिछले साल भारत का स्थान आठवा रहा, प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े कानूनी प्रकरणों के निपटारे के लिए बना राष्ट्रीय हरित प्राधिकार एनजीटी इस मर्तबा भी प्रकृति और विकास में सामंजस्य स्थापित करता दिखाई दिया, जिसमें सरकार द्वारा एनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट ईआईए नोटिफिकेशन पर रोक प्रमुख हैं, जहां ईआईए के मूल प्रावधानों को लचीला और अप्रभावी करने केलिए एजेंसियां जहां ईआईए के मूल प्रावधानों को हल्का और अप्रभावी करने के लिए एजेंसियां कटघरे में है।

**लेखक के विषय में -(मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार)**

**(लेखक - मुकेश तिवारी)**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर । माँग की मजबूती से शुक्रवार को अनाज मंडी में मसूर बाजार तेजी पर रहे। चना सुस्त बना रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा टिका रहा। किराना जिंसों में शक्कर सुस्त रही। कालीमिर्च में बाजार मजबूती दिखा गये।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मसूर में लेवाली के चलते भावों में तेजी की स्थिति रही। मसूर बड़िया मालों में 6060-6075 रू. प्रति क्विंटल पर आ गयी। चना 7850 रू. प्रति क्विंटल पर सुस्त रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा पूर्वस्तर पर रहा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर में सुस्ती आयी। कालीमिर्च में बाजार मजबूती के नज़र आये। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** - शक्कर 3830-3890, खोपरा गोला 120-138, खोपरा बूरा 2550-4500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 340-345, मीडियम 360-380, बेस्ट 390-410, ऊंझा हल्का 345-350, मीडियम 365-375, बेस्ट 390-400, हल्दी निजामाबाद 190-210, सांगली 275-280, साबूदाना हल्का 5800-6000, मीडियम 5900-6050, बेस्ट 6100-6300, वरलक्ष्मी 6400, ग्लास 7000-7300, सौंफ मोटी 105-115, मीडियम 125-145, बेस्ट 175-225, सौंफ बारिक 350-375, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 715-718, गरबल 682-710, मटरदाना 785-797, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1025-1175, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-210, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 550-750, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2200-2300, बोल्ड 2300-2500, एक्ट्रा बोल्ड 3100-3200, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 480-520, बेस्ट 575-625, काजू (240) 870-900, काजू (320) 800-825, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-775, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 640-770, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1500-1530, मैदा कट्टा 1510-1510, रवा कट्टा 1540-1550, बेसन 4000 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2050-2100, (160) 2250-2300, (200) 2400-2500, (250) 2500-2550

**तेल** - सींगदाना 1590-1610, मुम्बई 1600, राजकोट तेलिया 2500, सोया साल्वेंट 930-935, सोया रिफाइंड 975-978, कपास्या 990-1000, धूलिया 990, कड़ी 990,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1610, मुम्बई पाम 985, मुम्बई सोया 990,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2550, देवास-उज्जैन 2550, खंडवा-बुरहानपुर 2525, अकोला 3750 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 5750-5800, एवरेज 5400-5600, रायडा 5200-5400, सोयाबीन 4500-4600, टोली (महुआ बीज) 3600-3650, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 7800-7850, एवरेज 7450-7550, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6060-6065, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 10600-10700, एवरेज 10400-10500, हल्की 9500-9600, तुअर महाराष्ट्र 11400-11600, उड़द बेस्ट 9100-9200, एवरेज 8900-9000, शंकर 8700-8800, हल्की 8500-8600,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8900-9000, मीडियम 9100-9200, बोल्ड 9300-9400, तुअर दाल सवा नं. 13300-13400, तुअर दाल फूल 14400-14500, तुअर दाल बोल्ड 15100-15300, मसूर दाल एवरेज 7000-7100, मीडियम 7150-7200, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 9400-9600, बोल्ड 9700-9900, मूंग मोगर 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, उड़द दाल 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11200,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2700, लोकवन 2950-3000, एवरेज 2700-2800, (147) 2850-2900, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2850-2875, पूर्णा 2850-2900, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2600-2625, गज्जर 2500-2550,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9500, मीनी दुबार 7500-8500, मोगरा 4500-7000, तिबार 10000-11000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 320, उज्जैन 280, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

## यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स की नजर क्रॉस बॉर्डर फंड पर

मुंबई। वेंचर कैपिटल फर्म यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स अब क्रॉस बॉर्डर वेंचर फर्म बनने की दिशा में काम कर रही है। क्रॉस बॉर्डर फंड की अपनी अनूठी विशेषताएं होती हैं। वे फंड को दो देशों में मजबूत संबंध बनाने और एक नेटवर्क बनाने की अनुमति देते हैं जो दोनों क्षेत्रों को शामिल करता है। भारत में फिलहाल सिर्फ नेक्सस वेंचर पार्टनर्स एकमात्र उद्यम पूंजी (वीसी) है, जिसके पास ऐसी संरचना है। फंड में सीमित साझेदारों (एलपी) को आकर्षित करने की क्षमता के अलावा यूआईवी के लिए दूसरा बड़ा कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों और खासकर अमेरिका में अपनी पोर्टफोलियो फर्मों के लिए एक नेटवर्किंग मंच प्रदान करना है।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा, तभी आप अपने कर्ज को काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपके मित्र आपकी किसी समस्या का समाधान खोजने में आपकी मदद करेंगे। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**वृषभ** - आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके पिताजी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम में हो सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपको किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी सेहत का पूरा ध्यान दें और समय-समय पर जरूरी टेस्ट करवाते रहें।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए मौजमस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देंगे और आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंपा जा सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में वृद्धि होगी, लेकिन आपको काम से घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपके पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आपको अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सामाजिक कार्य में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपकी संतान को किसी परिक्षा में अच्छे परिणाम मिलने से जश्न का आयोजन हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती को लेकर पछतावा होगा।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा और आप तरक्की करेंगे। आप भगवान की भक्ति में जुटे नजर आएंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ खुशनुमा पल व्यतीत करेंगे। आपके कामों को करने की गति तेज रहेगी। आप अपने धन को लेकर सुख सुविधाओं पर अच्छा खासा धन देंगे। संतान की किसी फरमाइश पर आप वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई में एकाग्र होकर जुटेंगे, तभी वह परीक्षा में अच्छी सफलता हासिल कर सकेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारी पर आप पूरा ध्यान देना होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में रहेगी। आप छोटे बच्चों के साथ मौज मस्ती करते नजर आएंगे। विद्यार्थियों को अपने किसी विषय में बदलाव करना नुकसान देगा।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों को अपने कामों को लेकर रणनीति बनाकर आगे बढ़ना बेहतर रहेगा। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको अपनी किसी मित्र की याद सता सकती है। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कुछ कटुता चल गई थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। विद्यार्थी अपने कामों में कुछ कठिनाइयां महसूस करेंगे। आपको अपने भविष्य की चिंता सता सकती है। जीवनसाथी से आप किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती के लिए पछतावा होगा। जीवनसाथी के साथ आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। भविष्य को लेकर आपको प्लानिंग करनी होगी। सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाले हैं। भाईचारे की भावना आपके मन में रहेगी। आपके परिवार के सदस्य आपके कामो में आपका पूरा साथ देंगे। आपको किसी काम में यदि कोई समस्या आएगी, तो आप अपने भाईयों से सलाह कर सकते हैं। संतान को कोई पुरस्कार मिलने से आपको खुशी होगी। परिवार में किसी मार्गलिक का आयोजन हो सकता है।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के लिए रहेगा। आपको किसी भी बड़े निवेश को करने से बचना होगा। पारिवारिक संपत्ति को लेकर यदि आज कोई कलह उत्पन्न हो, तो आप उसमें शांत रहें और बातचीत करके उसको निपटने की कोशिश करें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में खुशियां भरपूर रहेंगी। आप व्यस्त रहने के कारण अपने बाकी कामों पर ध्यान थोड़ा कम देंगे।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा और किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना बेहतर रहेगा। आप किसी बात को लेकर क्रोध न करें और आप अपनी वाणी पर पूरा ध्यान दें। घर परिवार में लोगों को आज आपके दिए गए कामों से कुछ उलझने रहेंगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के भविष्य को लेकर किसी प्लान को बना सकते हैं।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। आप आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें आपको सफलता भी अवश्य मिलेगी। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिलजुलकर निपटाने की कोशिश करें। कोई महत्वपूर्ण डील फाइनल होते-होते लटक सकती है, जिससे आपको थोड़ी समस्या आएगी। आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

## शब्दजाल- 7653

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | ब | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | ना | न | व | ग | रु |
| इं | र | ब | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हि | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रु | ह | र | गो | विं | द |
| क | रा | प | व | क्ष | प | का | र | चो | द | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | ब | त | म |

शब्दजाल में 'सिखो' के 10 गुरुओं के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

नानक देव, अंगद देव, अमरदास, रामदास, अर्जुनदास, हरगोविंद, हरराय, हरिकिशन, तेग बहादुर, गोविन्द सिहं

### शब्दजाल - 7652 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स्र | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | ची | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| [illegible] | | | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | | | |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**7 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.28 बजे से |
| चंद्र | तुला में | तुला | 08.39 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.54 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.10 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 15.15 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.01 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.34 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 20.05 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.45 बजे से |
| | | मिथुन | 23.43 बजे से |
| | | कर्क | 01.56 बजे से |
| | | सिंह | 04.13 बजे से |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2024 वर्ष का 251 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
**तिथि** चतुर्थी 17.38 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 12.34 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 23.16 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 17.38 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 58'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872095
**जूलियन दिन** 2460560.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल
**तारीख** 03
**विशेष** विनायकी चतुर्थी व्रत, भ. गणेशोत्सव प्रारम्भ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: दार्शनिक का साहस

यह घटना उस समय की है, जब तैमूरलंग लोगों को पकड़कर अपना गुलाम बनाता फिरता था। वह उन्हें बेचने के लिए खुद ही मोलभाव भी करता था। लोग तैमूरलंग के अत्याचारों से परेशान थे और उससे बचने के लिए इधर-उधर भागते रहते थे। जैसे ही तैमूरलंग बाहर निकलता वैसे ही लोगों में भगदड़ मच जाती। ऐसे ही एक दिन वह लोगों को पकड़कर गुलाम बनाने के लिए निकला। उसे देखते ही हर ओर शोर मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे। तैमूरलंग के सैनिकों ने लूटपाट शुरू कर दी। इसी दौरान उसके सैनिकों ने अनेक लोगों को दबोच लिया और पकड़कर अपने साथ ले आए। उन्हीं लोगों में तुर्किस्तान के दार्शनिक अहमदी भी थे। तैमूरलंग ने दार्शनिक अहमदी की तरफदेखते हुए एक व्यक्ति की ओर इशारा किया और कहा, 'बताओ, पास में खड़े इस व्यक्ति की क्या कीमत होगी?' दार्शनिक अहमदी ने व्यक्ति को देखा और निर्भीकता से तैमूरलंग से बोले, 'यह शख्स काफी समझदार व शिक्षित मालूम पड़ता है, इसलिए इसकी कीमत चार हजार अशर्फी से कम नहीं हो सकती।' यह सुनकर तैमूरलंग ने और भी व्यक्तियों की कीमत अहमदी से पूछी। वे अपने अनुसार व्यक्ति को देखकर उनकी कीमत बताते रहे। तैमूरलंग को तभी न जाने क्या सूझा। उसने अहमदी से पूछा, 'अच्छा बताओ, मेरी कीमत क्या होगी?' तैमूरलंग का यह प्रश्न सुनकर उसके सभी सैनिक चौंक गए। वह सोचने लगे कि आखिर तैमूरलंग ने ऐसा क्यों पूछा। कहीं वह विक्षिप्त तो नहीं हो गया। दार्शनिक अहमदी ने प्रश्न सुनकर तैमूरलंग की ओर देखा और निर्भीकता से बोले, 'दो अशर्फी।' यह सुनकर गुस्से में गरजता हुआ तैमूर बोला, 'मेरी इतनी बेइज्जती। इतने पैसों की तो मेरी चादर है।' इस पर अहमदी बोले, 'बिल्कुल ठीक। यह कीमत मैंने तुम्हारी चादर की ही बताई है। तुम्हारे जैसे अत्याचारी शासक के लिए कोई एक धेला भी खर्च नहीं करेगा।' तैमूरलंग दार्शनिक अहमदी की निर्भीकता देखकर दंग रह गया और उसने उसी क्षण उन्हें बंधन मुक्त कर दिया।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6597

### बायें से दायें:-

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6596

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | ■ | खा | मो | शी | ■ | आ | स | श |
| रू | ■ | फ | न | ■ | बा | द | शा | ह | ■ |
| दे | वी | ■ | दा | ग | ■ | स्त | ■ | र | न |
| व | र | दा | न | ■ | म | क | ड़ी | ■ | ती |
| [illegible] | | | | | | | | | |
| आ | ■ | स | जा | ■ | हा | र | जी | त | ■ |
| शि | का | र | ■ | आ | ■ | क्ष | ■ | औ | ■ |
| क | ■ | ग | ब | न | ■ | क | ह | र | ■ |
| ■ | धू | म | ■ | बा | जी | ■ | ■ | दि | ल |
| पा | प | ■ | जी | न | त | ■ | डॉ | न | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6906

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 8121

### बाएँ से दाएँ

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

### ऊपर से नीचे

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

### शब्द पहेली -8120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| न | ज | र | बं | द | ■ | दा | य | रा |
| ■ | न | ■ | द | ■ | ह | ■ | म | ■ |
| दा | म | न | ■ | न | क | ब | ज | न |
| वा | ■ | ल | क | ■ | ब | स | ■ | ती |
| न | ■ | ■ | मा | य | का | ■ | ता | जा |
| ल | ति | या | ना | ■ | ना | सू | र | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार में भारी गिरावट

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1017.23 अंकों की गिरावट के साथ ही 81,183.93 अंकों पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 भी 292.95 अंक नीचे आकर 24,852.15 अंकों पर बंद हुआ। इसइ दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.46 लाख करोड़ रुपये घटकर 461.22 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। इस प्रकार निवेशकों को साढ़े 4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

इस प्रकार की गिरावट से निवेशकों में घबराहट का माहौल है। माना जा रहा है कि बाजार में ये गिरावट अमेरिकी नौकरियों के आंकड़ों के जारी होने से पहले ही निवेशकों के सतर्क रुख से आई हैं। इन आंकड़ों से अब फेडरल रिजर्व की नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की भी संभावना है। ऐसे में बाजार में गिरावट बढ़ सकती है।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 26 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि सिर्फ 4 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की कुल 50 कंपनियों में से 42 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए और केवल 8 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।आज सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा 4.40 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 2.09 फीसदी , एनटीपीसी के शेयर 2.08 फीसदी , एचसीएल टेक के शेयर 1.95 फीसदी , रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.92 फीसदी टाटा मोटर्स के शेयर 1.87 फीसदी , आईटीसी के शेयर 1.86 फीसदी गिरावट पर बंद बंद हुए

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.13 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। बजाज फाइनेंस के शेयर 1.03 फीसदी, जेएसडब्लू के शेयर 0.79 फीसदी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.08 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। जानकारों के अनुसार पिछले दो सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार बढ़ोतरी के कारण भी निवेशकों ने आज जमकर मुनाफावसूली की बाजार में गिरावट का एक कारया वैश्विक मंदी के बढ़ते प्रभाव को भी माना जा रहा है। अमेरिकी शेयर बाजारों में भी सभी तीन प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखी गई, जहां एसएंडपी 500 में 0.3फीसदी, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल औसत में 0.54फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट में 0.25फीसदी की गिरावट रही। वहीं एशियाई बाजारों में भी निक्केई और कोस्पी में गिरावट आई जिससे भी भारतीय बाजार विपरीत प्रभाव पड़ा।

इसके अलावा विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भी घरेलू बाजार पर दबाव आया विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 688 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,970 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रहने से भी निवेशक संशय में आ गये।

## स्वास्थ्य बीमा पर मिल सकती है टैक्स से राहत

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की सोमवार को होने वाली बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स के मामले को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है। इससे सरकारी खजाने पर 6.5 अरब रुपये से 35 अरब रुपये तक की चपत लग सकती है। परिषद द्वारा नामित केंद्र और राज्यों के राजस्व अधिकारियों वाली फिटमेंट समिति ने इस मामले का विस्तृत विश्लेषण किया है। वित्तीय सेवाओं के विभाग द्वारा इस पर कर की दरें घटाने के अनुरोध के बाद यह कदम उठाया गया है। विभाग स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर घटाकर इसे सुलभ और किफायती बनाना चाहता है। घटनाक्रम के जानकार अधिकारियों ने बताया कि फिटमेंट समिति इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट सौंप सकती है। इसमें सभी स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम और पुनर्बीमाकर्ताओं के लिए जीएसटी से पूरी छूट देने और स्वास्थ्य बीमा सेवाओं पर मौजूदा 18 फीसदी की जीएसटी दर को घटाकर 5 फीसदी करने सहित चार विकल्प सुझाए जा सकते हैं। अन्य दो विकल्पों में वरिष्ठ नागरिकों के प्रीमियम और 5 लाख रुपये तक के बीमा कवर वाले प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देना या केवल उन प्रीमियम पर छूट देना शामिल हैं जिनका भुगतान वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। इन चारों विकल्पों से सरकारी खजाने पर क्रमश- 3,495 करोड़ रुपये, 1,730 करोड़ रुपये, 2,110 करोड़ रुपये और 645 करोड़ रुपये का बोझ पड़ सकता है। समझा जाता है कि समिति ने इस मामले पर निर्णय लेने का काम परिषद पर छोड़ा है। जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से छूट के मामले में समिति ने केवल विशुद्ध टर्म व्यक्तिगत जीवन पॉलिसियों और पुनर्बीमाकर्ताओं को छूट देने की सिफारिश की है। इससे सरकार को राजस्व का 213 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। हालांकि समिति ने यह सुझाव भी दिया है जीवन बीमा में कर पर मिलने वाली किसी भी तरह की छूट का लाभ बीमा कंपनियों द्वारा पॉलिसीधारकों को देना चाहिए।


## रुपया दो पैसे मजबूत होकर 83.95 डॉलर पर

मुंबई । रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे मजबूत होकर 83.95 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया एक पैसे मजबूत होकर 83.96 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.95 पर पहुंच गया गया जो पिछले बंद से दो पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.97 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.97 अंक पर रहा।

# शा. मा. शाला साडरा में छत का प्लास्टर गिरा

## कक्षा छटवी की दो छात्राऐं हुई घायल



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखण्ड अन्तर्गत ऐसे अनेको शासकीय स्कूल भवन है जो निरंतर जीर्ण अवस्था में दिखाई दे रहे है। अनेको भवन तो ऐसे जिसमें कक्षाऐं तक आयोजित नही हो सकती है,कुछ भवन ऐसे है जहां कई कक्षाऐं एक कक्ष में लग रही है वहीं कुछ भवन अब जीर्णशीर्ण अवस्था में उनके प्लास्टर आदि झड रहे हे, छतों लोहे की सरिया सीधे देखी जा सकती है लेकिन इस ओर कोई भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ध्यान नही देते। स्कूलो में शिक्षक आये है कि नही इस बात को तो निरीक्षण सभी अधिकारी जनप्रतिनिधि करते है लेकिन उन स्कूल भवनों क्या आवश्यकता है, भवन की हालत कैसी है पेयजल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था सहित अन्य विषयो पर कम ही ध्यान रहता है जिसका खामियाजा जर्जर होते भवन को भुगतना पड़ता है और उन स्कूलों अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं अध्यापन करवा रहे शिक्षकों को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला लांजी विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत साडरा के शासकीय माध्यमिक शाला साडरा में देखने को आया है जहां 6 सितंबर को जब छटवीं कक्षा संचालित थी कक्षा में छात्र छात्राऐं अध्यापन कर रहे थे करीब 11¬30 बजे कक्षा की छत से बडा सा प्लास्टर का टूकडा सीधे छात्राओं के सर एवं हाथ पैर पर जाकर गिरा जिन्हे चोटे आई है गनीमत है छात्राओं को अत्यधिक चोटे या गंभीर चोट नही आई नही तो एक बडी दुर्घटना घटित हो सकती थी। उक्त संबध में घटना में घायल छात्राऐं शिवानी पिता चिन्तामन रणदिवें निवासी साडरा, एवं सोनम पिता महेन्द्र बापुरे निवासी साडरा ने बताया कि हम कक्षा छट्वीं के छात्राऐं है 6 सितंबर को हम कक्षा में अध्ययन कर रहे थे इसी दौरान कक्षा की छत से प्लास्टर का बड़ा टूकड़ा हमारे उपर आकर गिरा जिसमें हमे सिर, पैर, हाथ में चोटे आई है, सर के द्वारा डाक्टर को बुलावकर हमारा उपचार करवाया है। अब जब भी हम लोग कक्षा में बैठते है तो डर बना रहता है कि कंही फिर से छत से प्लास्टर आदि हमारे उपर आकर तो नही गिरेगा। बार बार हमे उपर देखना पड़ता जिससे हमारा अध्ययन कार्य में भी मन नही लग पा रहा है।

### इनका कहना है

उक्त घटना को लेकर जब शाला के प्रधान पाठक डी आर घोरमारे से चर्चा की गई तो आपने बताया कि 6 सितंबर को कक्षा छट्वीं कक्षा संचालित हो रही थी लगभग 11¬30 बजे छत से प्लास्टर का टूकड़ा झड गया और वह दो छात्राओं के उपर आकर गिरा, तत्काल ही हमारे द्वारा डाक्टर को बुलावकर दोनो ही छात्राओं को उपचार करवाया गया जो कि सकुशल है। वहीं आपने स्कूल भवन को लेकर बताया कि हमारे द्वारा लगातार तीन वर्षो से भवन के जर्जरता के विषय में विकासखण्ड अधिकारियों को सूचित कर रहे, पत्राचार के माध्यम से भी भवन के जीर्णशीर्ण अवस्था के बारे में अवगत करा रहे है साथ ही 6 सितंबर को भी घटना को लेकर तथा भवन के मरम्मती करण को लेकर अवगत कराया जा रहा है लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही भवन दुरस्ती करण को लेकर नही की गई है। मेरे द्वारा बीआरसी, संकुल प्राचार्य, सरपंच को भी अवगत कराया गया है अधिकारियों ने कहा कि हम इंजीनियर को भेज कर सर्वे कार्य करवायेंगे लेकिन कोई भी कार्यवाही अभी तक नही हुई है। प्रधानपाठक श्री घोरमारे के द्वारा यह भी जानकारी दी ग्रई की पिछले वर्ष भी इसी प्रकार छत से प्लास्टर टूट कर गिरा था और दो बच्चे घायल हो गये थे। भवन को शीघ्र ही दुरस्तीकरण की आवश्यकता है नही तो इस प्रकार के हादसे होते रहेंगे।



**प्रधान पाठक डी आर घोरमारे**
**शा. मा. शाला साडरा**

### क्षेत्र में अनेक जर्जर स्कूल, प्रशासन दे ध्यान

लांजी विकासखण्ड में ऐसे कई प्राथमिक, माध्यम, हाईस्कूल या हायर सेकेण्डरी स्कूल होंगे जिन्हे मरम्मती करण की अत्यंत आवश्यकता है, कुछ भवन तो डिस्मेंटल के योग्य, और जो खण्डहर में तब्दिल उन्हे डिस्मेंटल तक नही किया गया है ऐसे शालाओ को का अतिशिघ्र निरीक्षण करना चाहिये लेकिन अधिकारी या जनप्रतिनिधि शालाओं में पंहुचकर इस विषय पर अधिक जोर देते है कि शाला में शिक्षक आये है कि नही इसके लेकिन इसके साथ ही स्कूल भवनों की जर्जरता, शालाओं मे पर्याप्त व्यवस्थाऐ है कि नही, पेयजल के साधन, भोजन उत्तम है कि नही, सुरक्षा के संसाधन है कि नही इस विषय पर भी ध्यान देना चाहिये है जिससें बगैर किसी व्यवधान के शालाऐं संचालित हो सके। इस प्रकार की घटनाऐं घटित ना हो, यह चिंतनीय विषय है यदि शासकीय माध्यमिक शाला साडरा में कोई बड़ी दुर्घटना घटित होती तो इसका जवाबदार कौन होता।

# सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रख की शिव पार्वती की पूजा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लम्बी उम्र व अखण्ड सौभाग्यवती होने की मनोकामना से रात-दिन का निर्जला व्रत रखकर मनाये जाने वाला हरितालिका तीजा व्रत 6 सितंबर को आस्था व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। नगर व क्षेत्र में महिलाओं द्वारा व्रत रखकर प्रातः बेला में नदी, नालो, तालाबों व कुओं में पहुंचकर बालू से गौरीशंकर बनाकर (गौर निकालकर) विधि विधान से पूजा अर्चना की। यहां आरती करने के पश्चात आपस में महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सदा सुहागन रहने की कामना की। नगर में महिलाओं द्वारा गणेशी तालाब के अलावा काशी नाला कालेज रोड व कोटेश्वर मंदिर के समीप तथा राजा-रानी तालाब व अन्य तालाबों में पहुंचकर गौर निकाला गया एवं घरों में लाकर चौरंग सजाकर उसमें पूजा के लिए रखा गया तथा उसके उपर में फुलेरा बांधकर उसे फूलों से सजाया गया। संध्या में विधिविधान से पूजा अर्चना कर फल, फूल, बेलपत्र चढ़ाया गया। गुजिया व विविध प्रकार के पकवान बनाकर भोग लगाया गया तथा पंडित अथवा महिलाओं द्वारा हरितालिका तीज व्रत की कथा का वाचन किया गया। आज 7 सितंबर को प्रातःमहिलाओं द्वारा गौर का विसर्जन कर एक दूसरे को भुजलियां व प्रसादी भेंट किये जाने के साथ ही हल्दी-कुंमकुम लगाकर सदा सुहागन रहने की कामनाएं की जावेगी। इसके उपरांत आज ही घरों एवं सार्वजनिक स्थलों में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की जावेगी।



## गणेश चतुर्थी पर आज होगी भगवान श्रीगणेश की स्थापना

लांजी (पद्मेश न्यूज)। भादों मास की चतुर्थी पर आज संध्या में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की स्थापना कर भक्तिभाव से 10 दिनों तक पूजा अर्चना की जावेगी। गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज नगर व क्षेत्र में सार्वजनिक पंडालो तथा घरों में भगवान गणेशजी की प्रतिमाओं की स्थापना की जावेगी। इसके लिए प्रतिमाओं की स्थापना करने वाली समितियों द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिसके तहत मूर्तिकारों को अपनी पसंद की मूर्ति बनाने हेतु आर्डर देकर प्रतिमाओं को तैयार किया गया, इसके अलावा घरों में भी स्थापित करने वाले लोगो द्वारा मूर्तिकारों के घरों में पहुंचकर अपनी पसंद की प्रतिमाओं का चयन किया वहीं अनेक लोगो द्वारा आज बाजार में आई प्रतिमाओं को पसंद कर ले जायेगे। आज मूर्तियों को लाने के उपरान्त शुभ मुहूर्त में विधि विधान से स्थापना कर पूजा-अर्चना की जावेगी है। 10 दिवसीय इस उत्सव को मनाने हेतु समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल सजाकर विद्युत रोशनी से साज सज्जा की जा रही है। इसके अलावा घरों में भी गणेश प्रतिमा स्थापना हेतु सजावट कर पूजा-अर्चना की तैयारियां की जा रही है। नगर के अनेक चौराहों एवं वार्डों में प्रतिमाएं स्थापित किये जाने हेतु पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वही दूसरी ओर बड़ी प्रतिमाओं को भी मूर्तिकारों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।



# भुरसाडोंगरी को नशा मुक्त किए जाने ग्राम सभा में प्रस्ताव किया पारित

## एसडीएम , एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरसाडोंगरी में नशामुक्ति समिति का गठन कर 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम में मुनादी करवा कर ग्राम में बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध ग्रामीणों द्वारा 15 अगस्त 2024 को ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम भुरसाडोंगरी , लोहारा एवं बोरडी में 5 सितम्बर 2024 से शराब खरीदी एवं बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध पंच, सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा पुलिस थाना बहेला, एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया एवं एसडीएम प्रदीप कौरव को ज्ञापन सौंपकर उक्त जानकारी से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में काफी मात्रा में शराब विक्रेता होने के कारण गांव का माहौल काफी खराब हो चुका है। ग्राम में शाम 5 बजे के बाद महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है तथा बच्चों पर इसका बूरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम में शराब बिक्री पर रोकथाम किए जाने की मांग सरपंच श्रीमती सुकमा धनराज चौधरी, पंच प्रीती विजयवार, माया महेरबान, ममता सिरामे, अंजना मर्सकोले, धरमदास, व्यंकट राव के अलावा ग्रामीण, चन्द्रकला मर्सकोले, कलावती मर्सकोले, अल्का मड़ावी, वर्षा बागड़े, अनिता बागड़े, सरिता पुसाम, गीता टेकाम, दिनेश चौहान, धनराज चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# वीरांगना रानी अवंतीबाई विद्यालय में मनाया गया डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के स्थानीय विद्यालय वीरांगना रानी अवंती बाई स्कूल लांजी में 5 सितम्बर को भारत के द्वितीय राष्ट्पति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान छूलो आसमान किसने रोका है अभियान के तहत शाला में निशुल्क नवोदय कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम नगर पालिका अधिकारी बी एल लिल्हारे के मुख्यातिथ्य में तथा नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर की अध्यक्षता में एवं सेवा निवृत्त शिक्षक विरेन्द्र दुरुगकर, राजहंस टेंभरे, धनीराम घोरमारे, पार्षद विजय गोस्वामी, दिनेश कचवाहे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती तथा भारत में ज्ञान अग्रदूत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीपवंदन से किया गया।शाला की छात्रा कु. आयुषी मेश्राम एवं कु. खुशी कश्यप द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों तथा विशेष आमंत्रित सेवा निवृत शिक्षक वीरेन्द्र दुरुगकर, राजहंस टेंभरे, धनीराम घोरमारे का स्वागत शाला के प्रधानपाठक विजय कुशले द्वारा श्रीफल, रूमाल और पेन भेंट देकर स्वागत किया गया। शाला की शिक्षिकाओं श्रीमती कविता गजभिए, श्रीमती दमयंती राने, कु. पूनम नेवारे के द्वारा स्वागत गीत गाया। शाला में छात्र/छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर छू लो आसमान किसने रोका है तथा आलोक संघ के द्वारा विद्यालय वीरांगना रानी अवंती बाई स्कूल लांजी में निशुल्क नवोदय कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को आलोक संघ के वरिष्ठ सदस्य बी. एल. लिल्हारे द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर के हस्ते निशुल्क नवोदय पुस्तक का वितरित किया गया।इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, सेवा निवृत शिक्षकों का शाला के प्रधानपाठक विजय कुशले द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कु. पूनम नेवारे , श्रीमती कविता गजभिए, श्रीमती सुलोचना सोलंकी, दमयंती राने, श्रीमती प्रेमकुमारी तिड़के , श्रीमती दीपिका रामटेके, कु. दीक्षा कुशले, श्रीमती लक्ष्मी कटारे, काजल किरमे, श्रीमती नेहा लिल्हारे ने सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती कविता गजभिए द्वारा किया गया।



# श्री विश्वकर्मा राज मिस्त्री एसोसिएशन किन्ही ककोड़ी की बैठक संपन्न

लांजी (पद्मेश न्यूज)। श्री विश्वकर्मा राज मिस्त्री एसोसिएशन किन्ही ककोड़ी द्वारा 6 सितंबर को सुरेन्द्र राहंगडाले के दुकान चंगेरा में आवश्यक बैठक ली गई। विश्वकर्मा राज मिस्त्री एसोसिएशन द्वारा पूर्व की बैठको में तय किया गया था कि हर सेक्टर में क्षेत्र के सभी राज मिस्त्रियों की आवश्यक रूप से बैठक लेकर एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने एवं उनके बनाये गये नियमों का पालन करने की अपील की थी। उक्त बैठक श्री विश्वकर्मा राज मिस्त्री एसोसिएशन शाखा लांजी के अध्यक्ष बबलू सुरज शिवालिया, उपाध्यक्ष पवन उमरे, सचिव टिकेन्द्र तिवारी, सहसचिव चन्द्रशेखर सातपुते, कोषाध्यक्ष लखन पाड़े, प्रवक्ता शब्बीर खान, सुपरवाइजर खुशबू, फाउण्डर मेंबर राजकुमार उमरे, अनिल सिवालिया, सूर्या सहारे, अक्षय मचघैया, डोमेश्वर नगपुरे की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में श्री विश्वकर्मा एसोसिएशन किन्ही ककोड़ी के संचालक रामेश्वर अगासे, अध्यक्ष राजेश्वर अगासे, उपाध्यक्ष प्रताप पटले, सचिव दीपक पांचे, कार्यकारी अध्यक्ष उमेन्द्र टोन्डरे, कोषाध्यक्ष अशोक कराटकर, सहसचिव दिलीप पारधी, योगेश कुथे, निलेश्वर अगासे, रंगलाल पन्द्रे, पवन कटरे, चेतन उके, संतोष शरनागत, संजीव बिसेन, शिव राहंगडाले, विजय पन्द्रे, दीपक धनौले, भोजराज पटले की प्रमुख उपस्थिति में की गई। उक्त बैठक में बैठक का शुभारंभ एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के छायाचित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर किया गया। क्षेत्र के सभी राजमिस्त्रियों से विश्वकर्मा राज मिस्त्री एसोसिएशन से जुड़कर संगठन को मजबूत करने व नियमों का पालन करने अपील की तथा आगामी 17 सितम्बर को मां काली मंदिर परिसर लांजी में भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। राजमिस्त्री एसोसिएशन के अध्यक्ष बबलू सिवालिया ने कहा कि क्षेत्र के सभी राजमिस्त्री अपने क्षेत्रों में गुणवत्ता का ध्यान रखे। कोई भी काम बिना अनुबंध के ना करे तथा नियमों का पालन करते हुये एक रेट पर काम करे, काम अधूरा ना छोड़े, एसोसिएशन की ओर से सभी राजमिस्त्री एवं ठेकेदारों के अपील की गई।



प्लाट बेचना है
नगर के ह्दय स्थल गौली मोहल्ला में स्थित 1600 वर्गफिट का प्लाट शीघ्र बेचना है
-संपर्क करें-
98279-19173

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# गड़बड़झाला! थर्ड पार्टी से जांच कराए बिना ही सरकारी अस्पतालों को बांट रहे दवाइयां

भोपाल। सरकारी अस्पतालों के लिए शासन की दवा खरीदी और वितरण की व्यवस्था में ही गोलमाल है। थर्ड पार्टी से बिना जांच कराए ही दवाइयों का उपयोग शुरू कर दिया जाता है। दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी द्वारा दी गई लैब की गुणवत्ता रिपोर्ट को ही सही मानकर दवाओं का उपयोग करने के निर्देश हैं। ऐसे में अमानक दवा मिलने के बाद उपयोग पर प्रतिबंध लगाने से पूर्व ही एक तिहाई से अधिक दवाएं खप जाती हैं। कारण, सैंपल भेजने से लेकर रिपोर्ट आने तक में तीन से चार माह लग जाते हैं। दवा आपूर्ति के बाद निर्धारित तापमान में भंडारण नहीं करने से भी गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। कई दवा स्टोर का तापमान गर्मी में 35 डिग्री से भी ऊपर रहता है जो कि 25 से 30 के बीच होना चाहिए। इस वर्ष अब तक 13 दवाएं अमानक मिल चुकी हैं, बीते वर्ष पांच मिली थीं।

### एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब की गुणवत्ता रिपोर्ट लगाना कंपनियों के लिए अनिवार्य

दरअसल, दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी के लिए प्रत्येक बैच की दवा आपूर्ति के साथ नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फार लेबोरेट्रीज (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त लैब की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट लगाने की शर्त है। इस कारण सभी कंपनियां इन लैब से सैंपल जांच कराकर दवा के साथ ''ओके'' रिपोर्ट भी भेजती हैं। इसके बाद इन्हीं में से स्टोर कीपर या ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा जब सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाता है तो कुछ अमानक मिल जाते हैं। यह दवाएं मेडिकल कालेजों से संबद्ध अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक में उपयोग की जाती हैं। रोगियों से दवाओं का कोई शुल्क नहीं लिया जाता।



### हर साल प्रदेश में 400 करोड़ की दवाओं की खरीदारी

प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 400 करोड़ की दवाएं खरीदी जाती हैं। कुल बजट में से 80 प्रतिशत से दवा खरीदी मध्य प्रदेश पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन और अति आवश्यक होने पर 20 प्रतिशत बजट से सीएमएचओ या सिविल सर्जन को दवा खरीदी का अधिकार है। थर्ड पार्टी से जांच के बिना ही दवाओं के उपयोग को लेकर विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करने पर तीन से चार महीने चले जाएंगे, इसीलिए कंपनी से एनएबीएल लैब की रिपोर्ट मांगी जाती है। केंद्रीय या प्रदेश की लैब में अमानक मिलीं दवाएं इस वर्ष जो 13 दवाएं अमानक पाई गई हैं उनमें तीन केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (सीडीटीएल) कोलकाता में दो, सीडीटीएल हैदराबाद में एक, सीडीटीएल इंदौर में एक और बाकी मप्र शासन की भोपाल स्थित औषधि प्रयोगशाला में अमानक निकली हैं।

## बीयू में ज्ञापन देने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं, पुलिस के बीच बनी विवाद की स्थिति

### कैंपस चलों अभियान को लेकर प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रही एनएसयूआई

भोपाल। मध्यप्रदेश एनएसयूआई द्वारा प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से कैंपस चलों अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एनएसयूआई ने प्रदेश भर में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। भोपाल में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता और छात्र छात्राएं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मांग पत्र को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। लेकिन विश्वविद्यालय में कुलपति और रजिस्ट्रार के उपस्थित न होने से छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर बहसबाजी और धक्का-मुक्की हो गई। हालांकि बाद में विश्वविद्यालय के अधिकारी ज्ञापन लेने आ गए जिसके बाद गुस्साए छात्र शांत हुए। भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश के छात्रों एवं युवाओं के हितों में एनएसयूआई की चार प्रमुख मांगे हैं। जिसमें पहली प्रमुख मांग हैं, पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाने और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में राज्य सरकार को आगामी एक माह में सख्त कानून बनाकर सभी शिक्षा संस्थानों की प्रतियोगी और अन्य परीक्षाओं पर करना चाहिए जिसमें दोषियों को 7 वर्ष के कारावास व संगठित अपराध की स्थिति में 20 वर्ष के कारावास के साथ ही 1 करोड़ के जुर्माने की सजा दी जाए। दूसरी मांग छात्रवृत्ति को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल करने की है। क्योंकि सरकार की लापरवाही के चलते एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा हैं। एनएसयूआई की मांग है कि प्री-मैट्रिक पोस्ट-मैट्रिक तथा कालेजों की छात्रवृत्ति की समय सीमा लोक सेवा गारंटी अधिनियम की तरह निर्धारित की जाए वहीं शिष्यवृत्ति और आवास भत्ते संस्थान में प्रवेश के साथ ही लाडली बहना योजना की तरह प्रति माह खाते में भुगतान हो। तीन लाख रुपये सालाना से कम आय वाले परिवारों के समस्त विध्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति दी जानी चाहिए। संगठन की तीसरी मांग प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव करवाए जाने की है। एनएसयूआई द्वारा प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में विद्यार्थियों में नेतृत्व की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य को लेकर इसी सत्र से छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग कर रहीं हैं। चौथी प्रमुख मांग प्रदेश में हो सबको शिक्षा सबको प्रवेश की नीति। इसके लिये शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों के लिए आवश्यकता अनुसार सीट बढ़ाने का फैसला राज्य सरकार द्वारा लिया जाना चाहिए। एनएसयूआई का कहना है कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में रोजगार मूलक और प्रगतीशील सिलेबस लागू किया जाये साथ ही इसी सत्र में 100 महिला छात्रावास और 4 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के बच्चों के लिए 100 ईडब्ल्यूएस छात्रावास खोले जाये। और सरकारी स्कूल और कॉलेजों में रिक्त पड़े शैक्षणिक पदों को समय सीमा निर्धारित कर उन्हें भरा जाये।

## नया सीएस बनने से पहले सुलेमान हुए मंत्रालय से बाहर

### कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष बने

भोपाल। नए मुख्य सचिव के लिए 15 सितम्बर तक नाम सामने आने के कयासों के बीच मोहन यादव सरकार ने अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान को मंत्रालय के बाहर पदस्थ कर दिया है। अब वे कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। उधर नए मुख्य सचिव के नाम को लेकर अब जल्दी ही फिर अटकलों का दौर शुरू होने वाला है।

अगस्त में किए गए तबादले में अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान को कृषि उत्पादन आयुक्त बनाए जाने के बाद ही यह संभावना जताई जाने लगी थी कि जल्दी ही उन्हें मंत्रालय से बाहर पदस्थ किया जा सकता है। इस पर अब अमल भी हो गया है। सुलेमान को कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष संजय बंदोपाध्याय के 31 अगस्त को रिटायर होने के बाद अब कर्मचारी चयन मंडल का नया अध्यक्ष बनाया गया है। सुलेमान के पास कर्मचारी चयन मंडल अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार अभी रहेगा। सुलेमान को मंत्रालय से बाहर पदस्थ किए जाने के बाद अब वे मुख्य सचिव पद की दौड़ से पूरी तरह बाहर माने जा रहे हैं।



### तीन दिन दबाए रखा जीएडी ने आदेश

एसीएस मो. सुलेमान को कर्मचारी चयन मंडल का अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश तीन सितम्बर को जारी हो गया था लेकिन जीएडी के अफसर इसे तीन दिन तक दबाए रहे। आज सुबह से सुलेमान को अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने की चर्चा सामने आई तो जीएडी ने यह आदेश सार्वजनिक किया।

### तीस सितम्बर को खत्म होगा वीरा का कार्यकाल

मुख्य सचिव वीरा राणा का छह माह का एक्सटेंशन तीस सितम्बर को खत्म होने वाला है। यह भी माना जा रहा है कि अब उन्हें एक्सटेंशन नहीं दिलाया जाएगा। ऐसे में नए मुख्य सचिव के नाम पर 15 सितम्बर तक मुहर लगने की उम्मीद है। इस दौड़ में सबसे आगे केंद्र में पदस्थ अनुराग जैन का नाम है। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा का नाम है। अन्य दावेदारों में एसएन मिश्रा, विनोद कुमार, जेएन कंसोटिया हैं। विनोद कुमार पहले से मंत्रालय से बाहर हैं, इसलिए वे भी दौड़ में शामिल नहीं रह गए हैं। एसएन मिश्रा का जनवरी 2025 में रिटायरमेंट है। इसलिए दौड़ में होने के बाद भी संभावना कम जताई जा रही है।

## रिटायर्ड अफसर हनीट्रैप मामले में अब एसआईटी करेगी जांच

भोपाल। राजधानी भोपाल में भेल के रिटायर्ड अफसर को हनीट्रैप में फंसाने का मामला सामने आया था। मुख्य आरोपी शशांक ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए है। चार आरोपियों के नाम सामने आए है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल है। अब इस पूरे मामले की जांच एसआईटी करेगी।

दरअसल, राजधानी भोपाल में भेल के एक रिटायर्ड अफसर को रशियन युवती से मुलाकात का झांसा देकर हनीट्रैप में फंसाया। रिटायर्ड अधिकारी को होटल में बुलाकर 25 से ज्यादा अश्लील वीडियो बनाए। फिर गिरोह में शामिल सदस्य क्राइम ब्रांच पुलिसकर्मी बनकर पीड़ित को अरेस्टिंग का डर दिखाकर ब्लैकमेल करने लगे। करीब ढाई लाख रुपये की वसूली की गई। आरोपी 25 लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। इतना ही नहीं वसूली के लिए भोपाल से बुजुर्ग को अगवाकर जबलपुर ले गए।

## शासकीय विद्यालयों में रिक्त पदों के विरूद्ध शाला विकल्प चयन के संबंध में निर्देश

### समस्त कार्यवाही 14 सितम्बर तक होगी पूरी

भोपाल। शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिये रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था की जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षक व्यवस्था के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समय सारणी जारी की है। इस व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

### समय सारणी

आवेदक द्वारा जीएफएमएस पोर्टल में शाला विकल्प चयन 4 सितम्बर से शुरू हो गया है। विकल्प चयन की कार्यवाही 9 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से पूरी की जायेगी। शाला विकल्प चयन के बाद मेरिट के आधार पर आवेदकों को विद्यालय का आवंटन 10 सितम्बर को किया जायेगा। इसके बाद आवेदकों द्वारा आवंटित विद्यालय में उपस्थिति में 11 सितम्बर से शुरू हो जायेगी। शाला प्रभारी जीएफएमएस पोर्टल पर ज्वाइन किये गये अतिथि शिक्षक का प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से 14 सितम्बर 2024 तक पूरा करेंगे। इस संबंध में जारी परिपत्र में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूल में भेजा गया है। दिशा-निर्देश की प्रति स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है।

स्कूल शिक्षा विभाग
मध्य प्रदेश शासन

### शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय रीवा

छात्रों के साथ नागरिकों को समाचार पत्र एवं पुस्तकों के अध्ययन की सुविधा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय रीवा में संचालित किया जा रहा है। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या एवं स्थान की कमी को देखते हुए एक कॉरिडोर को वाचनालय कक्ष क्रमांक-2 के रूप में विकसित किया गया है। पुस्तकालय परिसर में फ्री वाई-फाई जोन की सुविधा उपलब्ध है।

केन्द्रीय पुस्तकालय रीवा के परिसर में रिक्त स्थान में 3 मंजिला नया भवन पुर्नघनत्वीकरण योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। नवीन भवन का प्रथम तल पूर्णतः की ओर है। तैयार हो रहा संपूर्ण भवन केन्द्रीय पुस्तकालय रीवा को हस्तांतरित किया जाएगा।

## रेलवे मदद एप में भ्रष्टाचार से संबंधित तीस हजार से अधिक शिकायत

भोपाल। भारतीय रेल विभाग ने लोगों की मदद के लिए रेल मदद एप की प्रारंभ किया था। रेलवे में व्याप्त भ्रष्टाचार इस एप के माध्यम से उजागर हुआ है। रेल मदद एप में भ्रष्टाचार से संबंधित 30 हजार से अधिक शिकायत दर्ज करवाई गई हैं। रेलवे विभाग ने यह जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्रदान की है। रेलवे विभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार रेल मदद एप में जुलाई 2019 से मार्च 2024 तक रेलवे स्टेशन तथा ट्रेन में भ्रष्टाचार के संबंध में 30266 शिकायत प्राप्त हुई है। पिछले 1645 दिनों में औसतन रेल मदद एप में प्रतिदिन 18 से अधिक शिकायत दर्ज कराई जाती है। रेलवे ने शिकायत पर कार्यवाही के संबंध में एक्ट का हवाला देते हुए कहा है कि तृतीय पक्ष की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्रदान नहीं कर सकते हैं। नीमच निवासी चंद्रशेखर गौर की तरफ से सूचना के अधिकार के तहत दायर आवेदन में रेलवे पूछताछ नम्बर 139 तथा रेल मदद एप में दर्ज भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत की जानकारी मांगी गई थी।

## ओपीएस के समर्थन में कर्मचारी मंच ने शुरू किया पोस्टकार्ड आंदोलन

भोपाल। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस)लागू करने की मांग के समर्थन में कर्मचारी मंच ने पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू किया। पोस्टकार्ड आंदोलन के तहत प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजे गए। पोस्टकार्ड आंदोलन में प्रमुख रूप से अशोक पांडे, सुनील पाठक, शिव प्रसाद संगुले, मदन मेहरा, बद्री गौर, चांद सिंह, राजेंद्र शर्मा, भूपेंद्र पांडे, श्यामलाल विश्वकर्मा, दिनेश मालवीय, लोक प्रकाश पाराशर, हरि सिंह गुर्जर आदि कर्मचारी नेता शामिल थे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार बार-बार कर्मचारियों को शेयर बाजार पर आधारित पेंशन योजना सौंप रही है।

## बिजली सब्सिडी लेने वालों पर जियो टेगिंग से नजर

### - अपात्र उपभोक्ताओं की संपत्ति डाटा से जाएगी पहचान

भोपाल। मप्र की तीनों विद्युत वितरण कंपनियां - पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, और पश्चिम क्षेत्र-अटल ज्योति योजना के तहत अपात्र उपभोक्ताओं की पहचान के लिए जियो टेगिंग तकनीक का उपयोग करेंगी। यह जांच एमपीएसईडीसी (मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड) के सहयोग से की जाएगी, जिसकी शुरुआत भोपाल और ग्वालियर के पॉश इलाकों से हो चुकी है।



अटल ज्योति योजना के अंतर्गत 150 यूनिट तक की मासिक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस योजना का लाभ उठाने वाले उपभोक्ताओं की वास्तविक स्थिति की जांच के लिए विद्युत वितरण कंपनियों ने अपनी बिलिंग प्रणाली का डाटा एमपीएसईडीसी को उपलब्ध कराया है। इसके साथ ही नगर निगम और नगर पालिका के संपत्ति डाटा का भी समन्वय स्थापित किया गया है। जियो टेगिंग के माध्यम से एमपीएसईडीसी द्वारा उपभोक्ताओं की जानकारी निकाली जाएगी, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि कहीं बड़े भू-भाग या अधिक कीमत वाली संपत्तियों के उपभोक्ता इस योजना का अनुचित लाभ तो नहीं उठा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के आधार पर विद्युत वितरण कंपनियां ऐसे परिसरों की पहचान कर कार्रवाई करने की योजना बना रही हैं। एमपीएसईडीसी के एमपी जियो पोर्टल की मदद से कलेक्टर गाइडलाइन के तहत हुई संपत्ति रजिस्ट्रियों की जानकारी निकाली जाएगी, जिससे पता चलेगा कि किस उपभोक्ता की बिजली खपत 150 यूनिट तक है। इससे अपात्र उपभोक्ताओं की पहचान कर उन्हें अटल ज्योति योजना के दायरे से बाहर किया जाएगा।

### अनेक कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं से अपील

विद्युत वितरण कंपनियों ने ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की है जिनके परिसरों में एक से अधिक बिजली कनेक्शन चल रहे हैं। उन्हें सुझाव दिया गया है कि वे अपने कनेक्शनों को मर्ज करकर एक ही बिजली कनेक्शन करवाएं। इसके लिए, उपभोक्ता नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र या जोन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## सेमी गवर्मेंट एम्प्लाइज फेडरेशन ने की जांच की मांग

भोपाल। वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन को लेबर (श्रमिक) देने वाली कंपनी की टेंडर अवधि बढ़ाने पर सेमी गवर्मेंट एम्प्लाइज फेडरेशन ने आपत्ति दर्ज कराई है। फेडरेशन के अध्यक्ष अनिल बाजपेई और वरिष्ठ कर्मचारी नेता अरुण वर्मा ने मुख्यमंत्री ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि सांठगांठ कर अधिकारियों ने टेंडर अवधि बढ़ा दी है। बाजपेई और वर्मा ने बताया कि कार्पोरेशन निजी कंपनी के माध्यम से श्रमिकों की सेवाएं लेता है। प्रत्येक साल नए सिरे से टेंडर निकालने और सबसे कम रेट आने पर काम देने का प्रावधान है पर वर्तमान में श्रमिक उपलब्ध करा रही कंपनी की टेंडर अवधि आगे बढ़ा दी गई है।

## विधानसभा में बनेंगे भर्ती के नए नियम

### - आरक्षण प्रावधानों का होगा पालन

भोपाल। खाली पदों पर भर्ती को लेकर विवादों में रहा विधानसभा सचिवालय भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करने जा रहा है। ऐसे में विधानसभा सचिवालय ने मौजूदा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। नई भर्ती प्रक्रिया में सामान्य प्रशासन विभाग की नई भर्ती प्रक्रिया के तहत सभी वर्गों के लिए निर्धारित आरक्षित तालिका का पालन किया जाएगा। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पहले से ज्यादा पारदर्शी बनाया जाएगा।



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के कार्यकाल में स्टेनो टाइपिस्ट, शीघ्र-लेखक, सहायक ग्रेड-तीन, समिति सहायक और विधायक विश्रामगृह के सुपरवाइजर सहित 21 पदों के लिए दिल्ली की निजी कंपनी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे, लेकिन विधानसभा, फिर लोकसभा चुनाव के कारण भर्ती नहीं हो पाई। साथ ही भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठे थे। क्योंकि तब विधानसभा सचिवालय ने जो प्रक्रिया अपनाई थी, उसमें पारदर्शिता नहीं थी। आरक्षण के सभी प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था। इस वजह से विधानसभा सचिवालय को भर्ती प्रक्रिया को बीच में ही रोकना पड़ा था। आखिरकार पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है।

### निजी कंपनी ने वसूली करोड़ों की परीक्षा फीस

पिछली विधानसभा के समय भर्ती को लेकर विधानसभा सचिवालय विवादों में रहा था। क्योंकि जिस निजी कंपनी को ऑनलाइन आवेदन बुलाने का काम दिया था। उसको लेकर विधानसभा सचिवालय ने आज तक यह स्पष्ट नहीं किया कि कितने आवेदकों से कितनी फीस ली गई थी। तब भर्ती रद्द करने पर आवेदकों को परीक्षा फीस लौटाने का दावा किया गया था। हालांकि विधानसभा सचिवालय ने यह भी नहीं बताया कि कितने आवेदकों को परीक्षा फीस लौटाई गई थी।

## कोर्ट में जवाब पेश करने में अधिकारी बरतें सावधानी

### - हाईकोर्ट की फटकार के बाद जीएडी ने सभी विभागों को चेताया

भोपाल। हाईकोर्ट को गलत जानकारी देने पर मिली फटकार के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को चेताया है कि कोर्ट को गलत जानकारी देने से बाज आएं। ऐसी स्थिति बनने पर अब सरकार संबंधित अफसरों को इसके लिए जिम्मेदार मानकर कार्यवाही करेगी। दरअसल पिछले माह हाईकोर्ट में पेश किए गए एक एफिडेविट में गलत जानकारी देने पर कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई थी।

जीएडी द्वारा इसको लेकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और अध्यक्ष राजस्व मंडल को पत्र लिखा है। इसके अलावा सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देश जारी कर कहा गया है कि कोर्ट के प्रकरणों के मामले में प्रभारी अधिकारी विशेषकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जबाव दावा या शपथपत्र पेश करने में पूरी सावधानी रखी जाए। कोर्ट में पेश किए जाने वाले जवाब, दावे या शपथ पत्र में जो भी कंटेंट लिखे जाएं वह विभाग में मौजूद मूल अभिलेखों से अलग नहीं हो यानी उसी भावार्थ और शब्दावली का हो। विभाग ने कहा है कि सभी अधिकारियों को यह भी ध्यान रखना है कि सतर्कता पूर्वक बिनी किसी तरह की गलती वाला जवाबदावा या शपथ पत्र कोर्ट में पेश किया जाए ताकि शासन का हित सुरक्षित रहे और किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। इसका कड़ाई से पालन अधीनस्थ अधिकारियों से कराने को कहा गया है। गौरतलब है कि इसके पहले भी सरकार ने ऐसे मामलों को लेकर अधिकारियों को सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।



### इस मामले में लगी थी कोर्ट से फटकार

जिस मामले में सरकार को एफिडेविट में गलत जानकारी देने पर हाईकोर्ट से फटकार मिली है, वह सीधी जिले का है। सीधी जिले में सिविल सर्जन की पोस्टिंग को लेकर सीनियरिटी को दरकिनार किया जाकर 10 साल बाद नौकरी में ज्वाइन हुई डा. दीपा रानी इसरानी को सिविल सर्जन बनाया गया था। डा. दीपा रानी इसरानी से सीनियर डा. एमबी खरे को सीनियरिटी के मुताबिक पोस्टिंग नहीं मिली थी। रिट पिटीशन के दौरान तत्कालीन अपर मुख्य सचिव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के चलते शपथ पत्र गलत पेश किया था।

## प्रदेश में कांग्रेस ने शुरू किया वॉलंटियर अभियान

### - युवाओं को राहुल गांधी से जोड़ रही कांग्रेस

भोपाल। मप्र में भाजपा के बाद कांग्रेस भी अपने संगठन का विस्तार कर रही है। कांग्रेस ने प्रदेश में वॉलंटियर अभियान छेड़ दिया है। इसमें पार्टी खासकर उन लोगों को जोड़ेगी जो गैर-राजनीतिक हैं, सामान्य युवा हैं। पार्टी उन्हें पॉलिटिकल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगी। पार्टी का कहना है कि ऐसे कई लोग हैं जो सरकार के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। ऐसे लोगों को मौका देकर पार्टी को और मजबूत किया जाएगा। इससे प्रदेश-देश का लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

गौरतलब है कि भाजपा देशभर में सदस्य बनाने का अभियान चला रही है। प्रदेश भाजपा सदस्य बनाने के मामले में देश में नंबर वन बनने का टारगेट लेकर चल रही है। वहीं कांग्रेस अब वॉलेंटियर बनाने का अभियान शुरू कर रही है। पार्टी सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आम लोगों से कांग्रेस से जुड़ने की अपील कर रही है। वीडियो में बताया जा रहा है की सच और अन्याय की लड़ाई में कांग्रेस का वॉलेंटियर बनकर राहुल गांधी के साथ जुड़ सकते हैं। इसके लिए युवाओं को वेबसाईट पर आवेदन फॉर्म भरने को कहा गया है। कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि हमारे वॉलिंटियर्स सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

### कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं- भाजपा

मप्र में देढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखने वाली मप्र भाजपा ने कांग्रेस के अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि उसके लिए कोई वॉलंटियर तैयार नहीं होगा। क्योंकि, उनका एजेंडा देश और राष्ट्र हित कभी नहीं रहा है। उन्होंने कोई विकास का काम नहीं किया। कांग्रेस की सच्चाई आज सबके सामने है। गौरतलब है की भाजपा और कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकर्ता बनाने का अभियान चला रहे हैं। एक सदस्य बना रहा तो दूसरा वॉलंटियर। भाजपा से लड़ने कांग्रेस भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहुल गांधी से जोड़ने में जुटी हुई है।

## बीएससी एग्रीकल्चर के बेरोजगार युवाओं को लैब में मिलेगा रोजगार

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ब्लॉक स्तर पर मिट्टी परीक्षण की जो लैब तैयार की गईं हैं। उसका दायित्व बीएससी एग्रीकल्चर कर चुके बेरोजगार युवाओं को देने जा रही है। सरकार ने इसके लिए 38 करोड रुपए का बजट तैयार किया है। मध्य प्रदेश सरकार एक लैब में तीन युवाओं को रोजगार देगी। प्रत्येक लैब में सवा लाख रुपए महीने सरकार खर्च करेगी। मिट्टी परीक्षण के लिए किसानों को मुफ्त में मिट्टी परीक्षण की सुविधा मध्य प्रदेश सरकार देने जा रही है। ब्लॉक स्तर पर तैयार हर लैब में तीन युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# मेंस हाई जंप में प्रवीण कुमार को गोल्ड

## भारत ने अब तक 26 मेडल जीते; पैरालिंपिक में बेस्ट परफॉर्मेंस

पेरिस। भारत ने पेरिस पैरालिंपिक गेम्स में 26वां मेडल जीत लिया है। मेंस हाई जंप ञ्ज-64 के फाइनल में शुक्रवार को प्रवीण कुमार ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने एशियन रिकॉर्ड बनाते हुए 2.08 मीटर का जंप किया। इस पैरालिंपिक गेम्स में ये भारत का छठा गोल्ड है। प्रवीण कुमार के सहारे भारत मेडल टैली में 14वें नंबर पर पहुंच गया है। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक 6 गोल्ड, 9 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। यह इंडिया का पैरालिंपिक में ऑलटाइम बेस्ट परफॉर्मेंस है। इससे पहले टोक्यो पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे।

भारत को छठा गोल्ड मेंस हाई जंप ञ्ज-64 के फाइनल में प्रवीण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीता। उन्होंने एशियन रिकॉर्ड बनाते हुए 2.08 मीटर का जंप किया। अमेरिका के डेरेक लोक्सिडेंट ने 2.06 मीटर का जंप करते हुए सिल्वर जीता, जबकि उज्बेकिस्तान के तेमुरबेक गियाजोव ने अपना पर्सनल बेस्ट 2.03 मीटर का जंप करके ब्रॉन्ज मेडल जीता।

भारत अब 3 फाइनल मुकाबले खेलेगा पैरालिंपिक गेम्स के 9वें दिन भारत ने 5 में से 2 फाइनल मुकाबले खेल लिए है। पैरा एथलेटिक्स के जेवलिन स्न-54 इवेंट में दीपेश कुमार आखिरी स्थान पर रहे। उन्होंने 26.11 मीटर दूर जेवलिन फेंका। मेंस हाई जंप ञ्ज-64 के फाइनल में प्रवीण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीता।

बचे हुए 3 फाइनल मुकाबले में पैरा पावरलिफ्टिंग के विमेंस 67 किग्रा फाइनल में कस्तूरी राजमणि भाग लेंगी। विमेंस जेवलिन थ्रो के स्न-46 इवेंट में भावनाबेन अजाबाजी चौधरी मेडल जीता सकती है, वहीं मेंस शॉट पुट स्न57 फाइनल सोमन राणा एक्शन में होंगे। कपिल परमार ने ब्रॉन्ज जीता इससे पहले, गुरुवार देर रात जूडो मेंस छ्व-1 कैटेगरी में कपिल परमार ने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। उन्होंने ब्राजील के एलिटन डी ओलिविएरा को 33 सेकेंड में ही 10-0 से हरा दिया। कपिल से पहले हरविंदर सिंह और पूजा की मिक्स्ड आर्चरी टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच भी हार गई।



## दिलीप ट्रॉफी में शुभमन टेप लगी जर्सी में दिखे

बेंगलुरु। दलीप ट्रॉफी में इंडिया ए टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन गिल इंडिया बी से मुकाबले के दौरान एक ऐसे जर्सी पहनकर उतरे जिसको देखकर सभी हैरान हो गये। इसका कारण है कि शुभमन की जर्सी पर पीठ की ओर एक बड़ा सा टेप लगा हुआ था। इससे देखकर अटकलें लगायी जाने लगीं कि ऐसा क्यों हैं। जर्सी पर टेप का कारण सामने नहीं आया है पर माना जा रहा है कि शुभमन ने जो जर्सी पहनी थी वह किसी अन्य की होगी। इसलिए उसपर टेप लगा दिया गया होगा।



शुभमन ल की जर्सी का नंबर 77 है। ऐसे में हो सकता है कि उनकी जर्सी का नंबर उपलब्ध ना हो। इसलिए उन्हें ऐसा करना पड़ा। इस बल्लेबाज ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के दौरान कहा था कि वह शुरू में 7 नंबर की जर्सी पहनना चाहते थे पर ये उपलब्ध नहीं था इसलिए उन्हें मजबूरन इसे दोगुना करना पड़ा.

वहीं इस मैच में युवा मुशीर खान के नाबाद शतक से पहले दिन इंडिया बी ने 7 विकेट पर 202 रन तक बनाये। मुशीर ने 227 गेंद में नाबाद 105 रन बनाए जिसमें दस चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं नवदीप सैनी ने नाबाद 29 रन की पारी खेली. दोनों ने आठवें विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी करके टीम को संकट से निकाला जबकि एक समय भारत बी के 7 विकेट 94 रन पर गिर गए थे। मुशीर 14वें ओवर में अभिमन्यु ईश्वरन का विकेट गिरने के बाद मैदान पर उतरे थे। पहली बार दलीप ट्रॉफी खेल रहे मुशीर ने विकेट से मिल रही उछाल का बेहतर तरीके से सामना करते हुए संयम के साथ खेला। वह क्रिकेटर सरफराज खान के छोटे भाई हैं।

## भारतीय मूल के आयरिश क्रिकेटर सिमी सिंह की हालात गंभीर

डबलिन। आयरलैंड की ओर से खेलने वाले भारतीय मूल के क्रिकेटर सिमी सिंह एक गंभीर बिमारी से पीड़ित होने के कारण अस्पाल में भर्ती हैं। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने ये जानकारी दी है। साथ ही कहा कि सिमी एक फाइटर हैं और हमें भरोसा है कि वह जिंदगी की जंग जीतकर एक बार फिर खेल में वापसी करेंगे। सिमी ने आयरलैंड की और से 35 एकदिवसीय और 53 टी20 मैच खेले हैं। इस क्रिकेटर ने आखिरी बार टी20 विश्व कप 2022 में खेल था उसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। क्रिकेट आयरलैंड ने सिमी सिंह के बारे में बयान जारी किया है. इसमें कहा गया है, 'हमें सिमी के दोस्त से बुरी खबर मिली है। सिमी एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। साथ ही कहा कि इस कठिन दौर में हम सिमी के साथ हैं और उनकी सहायता का प्रयास कर रहे हैं।' आयरिश बोर्ड ने कहा कि सिमी जब से आयरलैंड आए हैं तभी से वह यहां की क्रिकेट टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं। नेशनल टीम हो या क्लब क्रिकेट, उन्होंने हमेशा ही टीम के प्रति अहम योगदान दिया है। हमें भरोसा है कि वह इस बीमारी को भी हराकर विजेता बनकर वापस करेंगे।



सिमी ने आयरलैंड जाने से पहले पंजाब के लिए अंडर-15 और अंडर-17 टीम में खेला है। वह विराट कोहली, युजवेंद्र चहल, सिद्धार्थ कौल के साथ भी खेल चुके हैं। 37 साल के सिमी आयरलैंड के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शामिल हैं। उन्होंने 35 एकदिवसीय मैचों में 39 विकेट लिए और 593 रन भी बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। इसी तरह टी20 मैचों में उन्होंने 53 मैच में 44 विकेट लिए और 296 रन बनाए।

## सबालेंका अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंची

न्यूयॉर्क । बेलारुस की आर्यना सबालेंका ने लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस के फाइनल में जगह बनायी है। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने अमेरिका की ही एम्मा नवारो को 6-3, 7-6(2) से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। सबालेंका को पिछली बार फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ से हार का सामना करना पड़ा था। सबालेंका ने यहां पहुंचने से पहले सिनसिनाटी ओपन जीता था। अब उसका लक्ष्य लगातार दूसरा मैच जीतना रहेगा। इस जीत के साथ ही सबालेंका 2018 और 2019 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं। सबालेंका पिछले दो सत्र के दौरान सभी चार हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंची हैं। अब एंजेलिक कर्बर के ऑस्ट्रेलियन ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने के बाद से सबालेंका एक ही वर्ष में दोनों हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने से एक जीत दूर हैं। सबालेंका ने इस साल की शुरुआत में अपना लगातार दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। अब फ़ाइनल में सबालेंका का सामना अमेरिका की जेसिका पेगुला और चेक गणराज्य की गैर वरीयता खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।



## नीरज ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

लुसाने। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नीरज ने 14 सीरीज की बैठकों के समापन के बाद समग्र स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहने के साथ ही डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह बनायी। नीरज ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर के थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। पीटर्स ने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला और तीसरा स्थान हासिल किया।




सीजन का समापन 13 और 14 सितंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम से होगा। नीरज ने दोहा और लुसाने में सीरीज की दो बैठकों में भाग लिया और अपने दूसरे स्थान से 14 अंक हासिल किए।

ऐसे में अब वह ज्यूरिख लेग से बाहर रहेंगे। नीरज तीसरे स्थान पर रहने वाले चेकिया के जैकब वडलेच से दो अंक पीछे हैं। वहीं ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर 29 और 21 अंकों के साथ पहले दो स्थान पर हैं। वहीं पेरिस में चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि टोक्यो में उन्हें स्वर्ण पदक मिला था। तब उन्होंने 87.58 मीटर का थ्रो लगाया था।

## पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत के कपिल ने जूडो में जीता कांस्य

पेरिस । भारत के कपिल परमार ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में ब्राजील के एलिल्टोन डि ओलिवेरा को हराकर कांस्य पदक जीता है। कपिल ने जे1 60 किग्रा पुरुष पैरा जूडो स्पर्धा में ओलिवेरा को हराया। इस प्रकार भारत को जूडो में पहला पदक मिला है। परमार ने कांस्य पदक के मुकाबले में रिकॉर्ड 10-0 से जीत दर्ज की।

वह इससे पहले सेमीफाइनल में ईरान के एस बनिताबा खोर्रम अबादी से हारे थे। परमार को सेमीफाइनल में ईरान के खोर्रम के हाथों 0-10 से हार का सामना करना पड़ा। परमार ने 2022 एशियाई खेलों में इसी वर्ग में रजत पदक जीता था। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में वेनेजुएला के मार्को डेनिस ब्लांको को 10-0 से हराया। वहीं महिलाओं के 48 किग्रा जे2 वर्ग के क्वार्टरफाइनल में भारत की कोकिला हार गयीं। कोकिला को कजाखस्तान की अकमारल नौटबेक ने 0-10 से हराया। वहीं रेपेशेज ए के जे2 फाइनल में भारत की कोकिला को यूक्रेन की यूलिया इवानित्स्का के हाथों 0-10 से हार का सामना करना पड़ा।

## भारतीय पावरलिफ्टर अशोक को छठा स्थान

पेरिस । भारत के पावरलिफ्टर अशोक का प्रदर्शन पेरिस पैरालंपिक खेलों में उम्मीद के अनुसार नहीं रहा। अशोक पुरुषों की 65 किग्रा पैरा पावरलिफ्टिंग के फाइनल में छठा स्थान ही हासिल कर पाये। इसमें कुल आठ प्रतियोगियों ने भाग लिया। अशोक पहले प्रयास में 196 किग्रा बजन उठाने में सफल रहे। इसके बाद के प्रयासों में उन्होंने 199 किग्रा और 206 किग्रा का भार उठाया पर ये फाइनल में पहुंचने पर्याप्त नहीं था। पहले स्थान पर चीन के यी जू रहे जबकि दूसरे स्थान पर ब्रिटेन के मार्क स्वान रहे। तीसरा स्थान अल्जीरिया के होसीन बेटिर को मिला।

## बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में पूरी ताकत से उतरेगी भारतीय टीम -ऋषभ

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ इसी माह होने वाली सीरीज में उनकी टीम पूरी गंभीरता से उतरेगी। ऋषभ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना रहेगा। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को 2-0 से टेस्ट सीरीज में हराया है। इससे भी उसके हौंसले बुलंद हैं। भारतीय टीम 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट खेलेगी।

भारतीय टीम अगले पांच महीनों में कुल 10 टेस्ट खेलेगी। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम को अक्टूबर-नवंबर में न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैच खेलने हैं। वहीं टीम साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी जहां उसे पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेलनी है। ऋषभ ने कहा, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी टीमें एशियाई हालातों में बेहतर प्रदर्शन करती हैं क्योंकि उनको इसका अंदाजा होता है। इसलिए हमें अपने प्रदर्शन का स्तर ऊपर रखना होगा। हमें केवल अपेन खेल पर ध्यान देते हुए बाकि बातों को भूल जाना होगा। विरोधी टीम कोई भी हो हमें अपनी ओर से पूरी ताकत लगानी होगी। जब हम अपना 100 फीसदी प्रदर्शन करते हैं तो परिणाम भी हमारे अनुकूल रहेंगे।

इस विकेट कीपर बल्लेबाज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टीमों के बीच अंतर कम होने के साथ किसी भी सीरीज को कम नहीं आंका जा सकता है। उन्होंने कहा, दबाव हमेशा रहेगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप किसी भी सीरीज को हल्के में नहीं ले सकते क्योंकि जीत और हार का अंतर काफी कम होता है।

## यशस्वी बोले, रोहित के साथ पारी शुरु करने से मेरी बल्लेबाजी बेहतर हुई

बेंगलुरू । भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के दौरान जो अनुभव उन्हें मिला है वह बेहद फायदेमंद रहा है। यशस्वी के अनुसार रोहित के साथ बल्लेबाज कर उन्हें ये समय आया है कि किस प्रकार विकेट और हालात को देखकर बल्लेबाजी में बदलाव किया जा सकता है। यशस्वी ने अब तक नौ टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान रोहित के साथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे हैं और दोनो के बीच ही कई अहम साझेदारियां भी हुई हैं। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, "जब भी मैं उनके साथ बल्लेबाजी करने जाता हूं तो उसका अनुभव अलग तरीके का होता है। वह अपने अनुभव मेरे साथ साझा करते रहे हैं। जिस तरह से वह खेल को नियंत्रित करते हैं और विकेट को समझते हैं, उसे हमें सीखने को काफी कुछ मिलता है।" साथ ही कहा, "उनके साथ बल्लेबाजी करने पर अंदाजा होता है कि विकेट गिरने पर या तेज गेंदबाजी और स्पिनरों की अनुकूल पिच पर कैसे खेला जाता है। " साथ ही कहा कि पिछले एक साल में मैंने अपनी बल्लेबाजी पर भी काफी धयान दिया है। जिसे अब मुझ पता चल रहा है कि किस प्रकार से खेलना चाहिये जिससे हालातों के अनुसार अपने खेल को बदला जा सके। मुझे लगता है कि पिछले एक साल में ये मेरे लिए बहुत अहम रहा है। वहीं जब मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा था, तो मुझे कई चीजों के बारे में जानकारी नहीं थी।" जायसवाल ने कहा, "वहीं जब से मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू किया है तभी से मेरी संवाद और खेल को पढ़ने की समझ बेहतर हुई है। मैं इसी प्रकार आगे भी खेलना चाहता हूं। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर भी खिलाड़ियों क पूरी सहायता करते। उन्होंने सभी से निडर होकर अपना स्वाभाविक खेल खेलने को कहा है। इससे भी सबका मनोबल बढ़ा है। " यशस्वी ने कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।



## न्यूजीलैंड ने राठौड़ और हेराथ को दी कोच की जिम्मेदारी

नोएडा। न्यूजीलैंड ने विक्रम राठौड़ को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए अपनी टीम का का बल्लेबाजी कोच जबकि रंगना हेराथ को स्पिन-गेंदबाजी कोच बनाया है। न्यूजीलैंड और बाग्लादेश के बीच 9 से 13 सितंबर तक ये टेस्ट खेला जाएगा। विक्रम राठौड़ भारतीय टीम के भी सहायक कोच रहे हैं। वहीं हेराथ दिग्गज श्रीलंकाई स्पिनर हैं।

हेराथ श्रीलंका में दो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैचों के दौरान न्यूजीलैंड टीम के साथ बने रहेंगे। वहीं कीवी टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि हेराथ और राठौड़ न केवल टीम में ताकत देंगे बल्कि स्थानीय हालातों की भी जानकारी देंगे।



साथ ही कहा कि हम रंगना और विक्रम को अपने टेस्ट समूह में शामिल करने को लेकर उत्साहित हैं। हमारे खिलाड़ी इनके मार्गदर्शन में काफी कुछ सीख सकते हैं। हमारे स्पिनरों, एजाज, मिच और रचिन रविन्द्र के लिए, उपमहाद्वीप में तीन टेस्ट मैचों में हेराथ के साथ काम करने का मौका बेहद फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा, हेराथ ने गॉल में 100 से अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, जो श्रीलंका के खिलाफ हमारे दो टेस्ट मैचों का स्थान है और इसलिए उस स्थान के बारे में उनकी जानकारी अमूल्य होगी। वहीं अफगानिस्तान ने रामकृष्णन श्रीधर को पहले ही न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए सहायक कोच बनाये जाने की घोषणा कर दी थी।

## रोनाल्डो 900 गोल करने वाले विश्व के पहले फुटबॉलर बने

लिस्बन। पुर्तगाल के कप्तान और स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रोनाल्डो 900 गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बन गये हैं। रोनाल्डो ने क्रोएशिया के खिलाफ यूईएफए नेशंस लीग मैच के दौरान अपने 900 गोल पूरे किये। रोनाल्डो ने मैच के 34वें मिनट में ही क्रोएशिया के खिलाफ गोल करके ये रिकार्ड बनाया। रोनाल्डो के गोल से ही पुर्तगाल की टीम मैच जीतने में भी सफल रही। हाल में वह अपने खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का शिकार बने थे। अब उन्होंने अपने आलोचकों को करारा जवाब मिला है।




रोनाल्डो के शानदार करियर की शुरुआत स्पोर्टिंग सीपी से करते हुए चार गोल किए थे। वहीं साल 2003 में वह इंग्लैंड गये। वह मैनचेस्टर स्थित क्लब में छह साल रहे और 145 गोल किए। वह 2009 में रियल मैड्रिड में शामिल हुए। इससे उनका करियर तेजी से आगे बढ़ा। रोनाल्डो ने इसके बाद चार यूईएफए चैंपियंस लीग, तीन फीफा क्लब विश्व कप, दो ला लीगा और कई अन्य प्रमुख ट्रॉफियां जीतीं। रियल मैड्रिड के साथ अपने 9 साल के कार्यकाल के दौरान रोनाल्डो ने 450 गोल किए। वह 2018 में ट्यूरिन स्थित क्लब जुवेंटस में शामिल हुए और उनके लिए 101 गोल किए। जुवेंटस के साथ चार साल बिताने के बाद रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाइटेड में लौट आए और अल नासर में जाने से पहले प्रीमियर लीग में दो साल रहे। उन्होंने रेड डेविल्स के साथ अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान 29 गोल किए। रोनाल्डो 2022 में यूएई के अल नासर में शामिल हुए और अब तक 74 मैच खेल चुके हैं जिसमें उन्होंने अपने मौजूदा क्लब के लिए 68 गोल किए हैं।

## सीपीएल में हेटमायर ने 11 छक्के लगाकर अमेजन वॉरियर्स को जीत दिलायी

जमैका। शिमरोन हेटमायर ने गुयाना अमेजन वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में धमाकेदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलायी है। हेटमायर ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ मुकाबले में मुकाबले में 11 छक्के लगा दिये। हेटमायर ने केवल 39 गेंदों पर ही 91 रन बना दिये। इस दौरान उन्होंने एक भी चौका नहीं लगाया।

हेटमायर ने कहा कि गुरबाज 69 के साथ उनकी बल्लेबाजी अच्छी रही।

वहीं जीत के बाद गुयाना अमेजन वॉरियर्स के कप्तान इमरान ताहिर ने मेरी टीम सभी कुछ हासिल करने में सक्षम है। इस मैच में हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे पर इसके बाद पिच को देखकर मैंने पहले बल्लेबाजी करना तय किया। ताहिर ने हेटमायर की तारीफ करते हुए कहा कि उसने जबरदस्त पारी खेली। साथ ही कहा कि अच्छा स्कोर होने से भी हमें लाभ मिला।

वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट किट्स की ओर से आंद्रे फ्लेचर और शेरफेन रदरफोर्ड ने भी अक्रामक शुरुआत की पर इसके आउट होने के बाद बाकि बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना पाये और टीम 18 ओवर में 226 रन पर सिमट गई। फ़्लेचर ने सबसे अधिक 81 रन बनाए।




इससे पहले गुरबाज़ और हेटमायर ने शानदार पारियां खेलकर वॉरियर्स को सीज़न के सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। गुरबाज ने 37 गेंदों पर 69, हेटमायर ने 91 तो कीमो पॉल ने 14 गेंदों पर 38 रन बनाकर स्कोर 266 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी सेंट किट्स की टीम । फ़्लेचर ने 33 गेंदों पर 9 छक्कों की मदद से 81 रन बनाए। लेकिन गुयाना को अंत में 40 रनों से जीत हासिल हुई।

## बैलन डी पुरस्कार के लिए चयनित 30 खिलाड़ियों में रोनाल्डो और मेसी शामिल नहीं

पेरिस। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में शीर्ष स्तर के प्रदर्शन के लिए दिये जोन वाले बैलन डी ओर पुरस्कार 2024 के लिए 30 उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। हैरानी की बात है कि इसमे पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के नाम शामिल नहीं हैं। मेसी ने अब तक सबसे अधिक आठ बार ये पुरस्कार जीता है। मेसी को पिछले साल आठवीं बार ये पुरस्कार मिला था। वहीं रोनाल्डो को ये पुरस्कार पांच बार मिला है। साल 2008 से 2017 के बीच 10 साल तक ये पुरस्कार मेसी या रोनाल्डो को मिला है। वहीं साल 2018 में ये पुरस्कार क्रोशियाई फुटबॉलर लुका मोड्रिक ने जीता था। फ्रांस फुटबॉल टीम ने साल 2024 के लिए जो नाम दिये हैं उसमें स्टार फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम, विनीसियस जूनियर जैसे नाम शामिल हैं। वहीं पिछले सत्र में चैंपियंस लीग और ला लीगा जीतने वाले रियल मैड्रिड के सबसे अधिक खिलाड़ी इस सूची में शामिल थे। इस बार यूरो कप जीतने वाली स्पेनिश टीम के 6 खिलाड़ियों यमल, विलियम्स और ओल्मो के अलावा रॉड्री, एजेजांद्रो ग्रिमाल्डो और दानी कार्वाजल को अंतिम 30 में जगह मिली है।

# आज विराजेगें विघ्नहर्ता



कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। समूचे क्षेत्र में 10 दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव की धूम शुरू हो गई है. यह उत्सव मनाने के लिए शहर से लेकर गांवों में अनेक स्थानों पर पंडाल लगाने का एक दिन पहले ही शुरू कर दिए गया था. आज इन पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. पंडालों वाली मूर्ति को शुक्रवार की देर शाम तक अंतिम रूप देने का कार्य हो रहा था. वहीं श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी गणेश उत्सव मनाने की तैयारी बेहद जोर-शोर से की है. आज से अब आगामी 10 दिनों के दौरान पूरा कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र गणेश उत्सव के रंग में रंगा हुआ दिखाई देगा. गणेश उत्सव आज से शुरू होगा और 17 सितंबर को मूर्ति विसर्जित होगी. कटंगी में गंज चौक, कहारी मोहल्ला, दूरभाष केन्द्र के पास सहित अन्य स्थानों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. जैसा कि आपको पता होना चाहिए कि यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं से भी बेहद करीब से जुड़ा हुआ है. दस दिन तक चलने वाले गणेश उत्सव पर पहले दिन भक्त भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना करके उनके आगमन का स्वागत करते हैं और अंत में विसर्जन कर उनके घर वापस लौटने की प्रार्थना करते हैं. गुरूवार की देर शाम तक कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मूर्तिकार भगवान की प्रतिमाओं को अंतिम स्वरूप देने में जुटे हुए थे. वहीं नगर के गांधी चौक में बड़ी संख्या में गणेश प्रतिमाओं की ब्रिकी हुई. कटंगी क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव में गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर खासा उत्साह है. यहां गांव के प्रमुख चौक-चौराहा सहित घर-घर में भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की जाएगी. मूर्तिका मुन्नूलाल गायग्वाल, कमल किशोर घाटे, निर्मल घाटे, श्यामराव गायग्वाल, मनोज सुनील घाटे, अक्षय गायग्वाल, भुनेश गायग्वाल, गौरेश गायग्वाल ने बताया कि प्रतिमा बनाना हमारा पुस्तैनी काम है. हम कई सालों से मूर्तियां बनाने का कार्य करते आ रहे हैं. वह बताते है कि प्रतिमा बनाने में काफी वक्त और बहुत अधिक मेहनत लगती है. सबसे बड़ी बात प्रतिमा निर्माण के दौरान संयम का होना बेहद जरूरी है. महंगाई के दौर में प्रतिमा के लि पेंट, स्प्रे और अन्य सौंदर्य सामानों में बहुत खर्च आता है जितना खर्च आता है उतनी आमदनी नहीं होती है परंतु पुश्तैनी काम है और इसके अलावा कुछ कर रही नहीं सकते इसलिए मिट्टी को आकृति देकर जैसे तैसे घर परिवार का गुजारा चलता हैं. उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग पहले ऑर्डर देकर अपनी मनपसंद की मूर्तियां बनवाते हैं जबकि अधिकतर लोग दो-तीन दिन पहले आकर मूर्तियों की खरीदारी करते हैं. इस बार भी कई लोगों ने गणेश प्रतिमा की बुकिंग करवाई है. यहां की मूर्तियां कटंगी तहसील के आसपास के गांव मे लेकर जाते हैं।

## एसडीएम व एसडीओपी ने गणेशोत्सव समितियो एवं डीजे साउंड संचालको की ली बैठक



किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस थाना किरनापुर के सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) राहुल नायक की अध्यक्षता तथा एसडीओपी सत्येंद्र सिंह घनघोरिया तथा थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह बैस की प्रमुख उपस्थिति में गणेशोत्सव समितियो के पदाधिकारीयो एवं डीजे साउंड संचालकों की विशेष बैठक आयोजित की गई। शांति समिति की बैठक सम्पन्न होने के दूसरे दिन आयोजित इस बैठक में नगर मुख्यालय सहित क्षेत्र की विभिन्न गणेशोत्सव समितियो के पदाधिकारीयो को बुलवाकर उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रमो का संचालन आयोजित करने के निर्देश दिए गए।तथा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन एक ही दिन मे शाम 6 बजे से 7 बजे के पूर्व कर दिए जाने के भी हिदायत दी गई। उसी प्रकार डीजे साउंड संचालको को कम तथा मध्यम आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग कर तथा डीजे की ध्वनि पर भी नियंत्रण रखने के साथ ही रात्रि 10 बजे से सुबह 6 तक साउंड सिस्टम का उपयोग नही करने के निर्देश अधिकारियों द्वारा दिए गए तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दिए जाने की बात कही गई। इस बैठक के दौरान बड़ी संख्या मे गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारी, सदस्यो एवं डीजे साउंड संचालको की उपस्थिति रही।

## मृतक के परिवार को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत की है। जिसमें अमेड़ा निवासी दिनेश कोठेकर की शर्पदंश से हुई मृत्यु उपरांत मृतक की पत्नी श्रीमती लीलाबाई कोठेकर तथा लालबर्रा निवासी काशनबाई बावने की बस के खड्डे में गिरने से हुई मृत्यु उपरांत उनके पुत्र राजेन्द्र प्रसाद बावने को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## राजस्व समस्याओं के निराकरण के लिए संचालित किए दो महाअभियान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। राजस्व समस्याओं को सुनियोजित रूप से निराकृत करने के लिए मप्र शासन द्वारा दो राजस्व महाभियान संचालित किए गए। पहला महाभियान 16 मार्च को समाप्त हुआ जबकि दूसरा महाभियान 31 अगस्त को। ये दोनों ही महाभियान बालाघाट जिले के किसानों के लिए काफी कारगर साबित हुए है। इन अभियानों में समग्र इकेवायसी, नक्शा तरमीम, बंटवारे, सीमांकन,नामांतरण और अभिलेखों का दुरुस्तीकरण के कार्यो पर फोकस किया गया। पहले महाभियान में 274090 समग्र इकेवायसी के कार्य किया गया। जबकि द्वितीय महाभियान में खसरों की लिंकिंग समग्र इकेवायसी 312460 का कार्य पूरा किया गया। इसी तरह नक्शे तरमीम में 50178 नक्शे का काम किया गया। वहीं द्वितीय अभियान में 108205 नक्शे अपडेट किये गए। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने राजस्व महाभियान-2.0 के दौरान मुख्य रूप से इकेवायसी और नक्शा तरमीम के कार्यो को प्राथमिकता दी। उनके द्वारा लगातार समीक्षा कर प्रगति लाने के प्रयास जारी रखें। इसके अलावा पहले अभियान में नामांतरण, बंटवारे, सीमांकन और अभिलेख दुरुस्तीकरण में 10408 का कार्य हुआ। जबकि द्वितीय अभियान में 3092 नामांतरण, बंटवारा और अभिलेख दुरुस्त करने का कार्य किया गया।

## अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह ने अज्ञात फरार आरोपी पर ईनामी राशि की घोषणा की है। थाना तिरोड़ी अंतर्गत 11 अगस्त 24 को रात्रि करीब 10 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने पर धारा 137(2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। अपहृता की दस्तयाबी एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये जाने पर भी कोई पतासाजी नही हो पायी है। आरोपी की सूचना लिखित या मौखिक रूप से बताने वाले व्यक्ति को एसपी नागेंद्र सिंह द्वारा 3 हजार रुपये की घोषित इनामी राशि प्रदान की जाएगी। सूचना लिखित, मौखिक अथवा दूरभाष न. 07632-210021, 241800, 7587605598 पर बतायी जा सकती है।

## पुलिस पेंशनर संघ ने की कलेक्टर से मुलाकात, संघ के कार्यों की दी जानकारी



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शुक्रवार को जिला पुलिस पेंशनर संघ बालाघाट के अध्यक्ष उमेशचंद प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस पेंशनर संघ कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सदस्यगणों ने कलेक्टर मृणाल मीणा से मुलाकात की।जहा कलेक्टर से सौजन्य भेंट कर संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने पुलिस पेंशनर संघ के कार्यों के संबंध में अवगत कराकर शासन द्वारा चलाये जाने वाले सामाजिक कार्यो एवं स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। वही उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह परिहार, रेंज उपाध्यक्ष, नेमीचंद सोनेकर, कोषाध्यक्ष शंभु दयाल सविता, उपसचिव भानुप्रताप उपाध्याय, मीडिया प्रभारी पी.सी. भालाघरे, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री जयशीला मेश्राम सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की उपासना का पर्व गणेश चतुर्थी 07 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है. इस पर्व में शांति और कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए थाना परिसर कटंगी में शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, नगर परिषद अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर सहित नगर के गणमान्य नागरिकगण, अधिवक्ता, पत्रकार और गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी, बिजली विभाग के कर्मचारी उपस्थित हुए. बैठक में एसडीएम ने कहा कि कोलाहल अधिनियम 1985 के प्रावधानों की धारा 5, 6 और 7 का पालन करते हुए लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करें. थाना प्रभारी ने कहा कि



पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत रहवासी क्षेत्र में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए. अगर इस नियम का कहीं भी उल्लंघन किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश चतुर्थी के दौरान सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के 10 पदाधिकारियों की एक सूची उत्सव समिति को थाने में जमा करानी होगी. वहीं समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि रात्रि के वक्त पंडाल खाली ना रहे. पंडालों में जो बिजली के तार लगाए जाते है उन्हें सुरक्षित तरीके से लगाया जाए जिससे किसी भी तरह की कोई भी अप्रिय घटना घटित ना हो. नगर परिषद अध्यक्ष ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर साफ कर दिया है कि सभी प्रतिमाएं निर्धारित तिथि और नगर परिषद के द्वारा बनाएं गए कुंड में ही विसर्जित करें ताकि प्रशासन और नगर परिषद सभी समितियों को सहयोग कर सकें. किसी भी समिति के द्वारा निर्धारित तिथि के बाद अगर गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन किया जाता है तो यह अस्वीकार्य होगा. बिजली विभाग के कर्मचारियों ने भी सभी गणेश उत्सव समितियों से अनुरोध किया है कि वह विधिवत विभाग से अनुमति लेकर ही पंडालों में बिजली का उपयोग करें।

## कर्नाटक की पूर्व भाजपा सरकार पर घोटाले का आरोप, कांग्रेस का दावा

### कोविड महामारी के दौरान 1,000 करोड़ की हेराफेरी

बेंगलुरु। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार पर कोविड फंड में करोड़ों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि कोविड के दौरान राज्य को कुल 13 हजार करोड़ रुपए का फंड मिला था। इसमें लगभग 1000 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। तब बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी। कांग्रेस ने कोविड-19 मैनेजमेंट पर जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा कमीशन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के हवाले से घोटाले का दावा किया है। कर्नाटक सरकार में कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड फंड से जुड़ी कई फाइलें गायब हैं, जिन्हें बार-बार कहने के बावजूद उनके सामने नहीं रखा गया। कर्नाटक में पिछले साल मई में कांग्रेस की सरकार बनी थी।

## कु. राही सैयाम का आकांक्षा योजना में कोचिंग के लिए हुआ चयन

परसवाड़ा (पद्मेश न्यूज़)। मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आकांक्षा योजना की परीक्षा पास कर मेरिट में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा की छात्रा राही सैयाम का चयन आकांक्षा योजना के अंतर्गत छ्व्वश्व कोचिंग हेतु भोपाल के लिए हुआ चयन मध्य प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग ने अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए एक कोचिंग योजना (आकांक्षा योजना) शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को छ्व्वश्व, हृश्वश्वञ्ज/ढ्ढढ्ढरूस्र और ष्टरुक्ल जैसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान करना है। यह कोचिंग भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के प्रतिष्ठित संस्थानों में कक्षा 11 और 12 के छात्रों को दी जाती है।

मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग ने आदिवासी छात्रों की उच्च शिक्षण संस्थानों में सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना बनाई गई है. इस योजना के तहत आदिवासी छात्रों को फ्री कोचिंग कराई जाती है. जिसके माध्यम से छात्र मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठ सकेंगे और अच्छे अंक प्राप्त कर पाएंगे।

इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सरकारी शिक्षकों की मदद से आदिवासी छात्र तैयारी करेंगे. आकांक्षा योजना के तहत 10वीं में पढ़ाई कर रहे अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक




विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाते हैं. आवेदक विद्यार्थियों का कोचिंग संस्था द्वारा ली गई प्रवेश परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर कोचिंग के लिए चयन किया जाता है.

### प्रदेश के 800 आदिवासी छात्रों को मिलेगी निशुल्क कोचिंग

आकांक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा से 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा. जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर में और क्लैट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना गया है. जेईई के लिए 400, जबकि नीट और क्लैट के लिए 200-200 विद्यार्थियों को चुना जाएगा.

### छात्रों को मिलेगी ये सुविधाएं

आकांक्षा योजना के तहत कोचिंग के लिए चयनित छात्रों को आवासीय सुविधा दी जाएगी. साथ ही उन्हें इसकी तैयारी से संबंधित किताबें और स्टेशनरी की सुविधा भी दी जाएगी. इन छात्रों को टैबलेट भी दिया जाएगा, जिसके लिए इंटरनेट और डाटा प्लान की सुविधा भी निशुल्क दी जाएगी. शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा से कु. राही सैयाम का चयनित होने पर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा प्राचार्य एवं सभी स्टॉप के शिक्षको ने राही सैयाम का उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कृत्रिम अंग लगाने हेतु चिन्हित शिविर 17 सितंबर को बैहर में

बैहर (पद्मेश न्यूज़)। समाजसेवियों द्वारा कृत्रिम अंग लगाने हेतु चिन्हित शिविर का आयोजन बालाघाट रोड स्थित निदान अस्पताल में 17 सितंबर को किया गया है। दिव्यांग सेवी राकेश असाटी ने बताया कि जिन व्यक्तियों के हाथ या पैर किसी बीमारी या किसी दुर्घटनावश कट गए हैं। ऐसे व्यक्ति को चिन्हित करके शिविर के माध्यम से राजा मानसिंह अस्पताल जयपुर में निशुल्क कृतिम हाथ और पैर की सुविधा प्रदान की जाएगी। श्री असाठी ने बताया कि इसके पूर्व 109 दिव्यांग जनों को कृत्रिम हाथ पैर की सुविधा जयपुर अस्पताल में प्रदान की गई है। इस सेवा भावी कार्य में नितिन जैन, मनीष तिवारी, संदेश जोशी और हरीश कोठारी ने जिले वासियों से 17 सितंबर को आयोजित इस शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट कॉलेजियम को दिया निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट कॉलेजियम को उच्च न्यायालय में पदोन्नति के लिए जिला एवं सत्र अदालत के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों के नाम पर फिर से विचार करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व्यक्तिगत रूप से सिफारिशों पर पुनर्विचार नहीं कर सकते। इस पर सिर्फ उच्च न्यायालय कॉलेजियम की ओर से ही सामूहिक रूप से गौर किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दो वरिष्ठ जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की याचिका पर फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में आरोप लगाया गया था कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के जज के तौर पर नामों के चयन में उनकी योग्यता और वरिष्ठता पर विचार नहीं किया।

### नामों पर पुनर्विचार करने का फैसला सुनाया

पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हाईकोर्ट कॉलेजियम के सदस्यों की ओर से कोई सामूहिक परामर्श और विचार-विमर्श नहीं किया गया। ऐसे में हाईकोर्ट कॉलेजियम को अब 4 जनवरी, 2024 के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के फैसले का पालन करते हुए हाईकोर्ट के जज के तौर पर पदोन्नति के लिए चिराग भानु सिंह और अरविंद मल्होत्रा के नामों पर पुनर्विचार करना चाहिए। सुनवाई के दौरान दोनों न्यायिक अधिकारियों की ओर से उपस्थित हुए वकील ने 4 जनवरी के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रस्ताव और उसके बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट को भेजे गए पत्र का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इनके अनुसार याचिकाकर्ताओं के नामों पर उच्च न्यायालय कॉलेजियम की ओर से विचार किया जाना चाहिए था।

## हाथरस में बड़ा सड़क हादसा, दो गाड़ियों की टक्कर में 12 लोगों की मौत

हाथरस। उत्तरप्रदेश के हाथरस में शुक्रवार को दो गाड़ियों की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई।हादसे में 16 से ज्यादा लोग जख्मी भी हो गए।उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए लोग तेरहवीं का भोज खाकर लौट रहे थे। खंदौली के पास ओवरलोडेड पिकअप को रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मारी. पिकअप में 30 से 32 लोग सवार थे। मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, हाथरस सासनी के मुकुंद खेड़ा से कुछ लोग मैक्स पिकअप से तेरहवीं का भोज खाकर खंदौली के पास गांव सेवला लौट रहे थे। हादसा आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाइवे पर हुआ। हादसे में घायल 16 लोगों में से 4 की हालत नाजुक बताई जा रही है, उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## टाइम्स टॉवर में लगी आग, तीन मजदूरों की झुलसकर मौत

मुंबई। लोअर परेल स्थित टाइम्स टॉवर की सात मंजिला व्यावसायिक इमारत में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। जिनमें से 3 मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन बुरी तरह झुलस गए हैं उन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे का कारण एसआरए निर्माणाधीन बिल्डिंग का स्लैब गिरना बताया जा रहा है।

बीएमसी के अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह करीब साढ़े छह बजे कमला मिल परिसर में लगी। दिंडोशी पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) और 125(अ ) 125 (ब ) के तहत मामला दर्ज किया है।फायर ब्रिगेड ने इस आग को लेवल-2 (बड़ी आग) के रूप में वर्गीकृत किया है और नौ दमकल गाड़ियां तथा अन्य अग्निशमन वाहन मौके पर भेजे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

इससे पहले, 29 दिसंबर 2017 को भी कमला मिल परिसर में एक बड़ी आग लगी थी। यह आग रात लगभग 12:30 बजे 1एबव नामक एक पब से शुरू हुई और मोजो बिस्टरो रेस्तरां तक



फैल गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। इस मामले में मुंबई पुलिस ने कुल 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिनमें रेस्तरां के मालिक, बीएमसी के अधिकारी और मिल मालिक शामिल थे। मुंबई की सत्र अदालत ने 10 नवंबर 2020 को कमला मिल परिसर के मालिक रमेश गोवानी और रवि भंडारी को इस घटना के आरोपों से बरी कर दिया था। हाल ही में, 26 फरवरी को भी मुंबई के सांताक्रूज़ वेस्ट में एक व्यावसायिक केंद्र की इमारत में आग लगी थी, जिसमें 37 लोगों को सुरक्षित बचाया गया था।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



हट्टा (पद्मेश न्यूज़)। ग्राम भारती द्वारा संचालित एक दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता समारोह का आयोजन सरस्वती शिशु मन्दिर हट्टा मे किया गया। जिसमे जिला बालाघाट के लामता संकुल व टेमनी स्कूल के कुल 15 विद्यालयो के 400 भैया/ बहन एवं 35 आचार्य/दीदी व अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। खेल कूद प्रतियोगिता मे खो- खो, कब्बडी, दौड, लंबी कूद, उंची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक आदि प्रतियोगिता संपन कराई गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे उदय सिंह नगपुरे व श्रीमती शीला पटले रहे। विद्यालय के संयोजक संदीप बर्वे, प्रधानाचार्य श्रीमती यशोमती गुजर व समस्त आचार्य/दीदी का सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन जिला समनव्यक सोहन राजपूत के नेतृत्व मे हुआ। कर्यकम के समापन मे ग्राम हट्टा सरपंच उमेश सोनेकर, उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन, संजय पटले, संयोजक संदीप बर्वे, टेमनी संकुल प्राचार्य एडपूडे आचार्य एवं समस्त विद्यालय से आए हुए संरक्षण आचार्य बंधु/ भगिनी भी उपस्थित रहे।

## पति जितना कमाती है पत्नी...गुजारा भत्ता पाने का कोई हक नहीं

जयपुर । पारिवारिक विवाद में पत्नी, पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार होती है। लेकिन पत्नी अगर सक्षम है, और पति के बराबर उसकी आय है, तब गुजारा भत्ता पाने का कोई हक नहीं है। यह बात जयपुर की फैमिली कोर्ट में जज ने कही है। जज पवन कुमार ने तलाक से जुड़े मामले में पत्नी के गुजारा भत्ते के आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया कि पत्नी की पति के बराबर ही आय थी। जयपुर की रहने वाली पत्नी ने कोर्ट में आवदेन लगाकर कहा था कि उसके पति ने बिना किसी ठोस आधार के तलाक के लिए आवेदन कर रखा है। पत्नी ने कहा कि उसका पति पेशे से डॉक्टर है। उसकी 1.25 लाख रुपए सैलरी है। निजी प्रैक्टिस से 40 हजार रुपए और किराए से 15 हजार रुपए कमाते हैं। इसके अलावा 70 से 80 हजार रुपए अन्य साधनों से आय है। इस तरह से पति की मासिक आय 2.50 लाख रुपए है। वह उसकी कानूनी पत्नी है, इसलिए निर्वाह भत्ते (गुजारा भत्ता) के 75 हजार रुपए हर माह, एडवोकेट फीस और मुकदमा खर्च के 50 हजार रुपए एक साथ और हर पेशी उपस्थित रहने के 3 हजार रुपए खर्च दिलाया जाए। वहीं आवेदन का विरोध करते हुए पति ने कहा कि उसकी पत्नी एसबीआई में मैनेजर हैं। पत्नी ने वास्तविक तथ्यों को छुपाते हुए आवदेन दिया है। उसकी भी इनकम ज्यादा है। इसके बाद उसका प्रार्थना पत्र कानूनी रूप से योग्य नहीं है। पत्नी की ओर से दिए गए शपथ पत्र के अनुसार सैलरी के रूप में 1,09,258 रुपए और अन्य भत्तों में 14,500 रुपए प्रति माह मिलते हैं। वह हाउसिंग लोन के 13 हजार और कार की ईएमआई के 14 हजार रुपए देती है। इसतरह की तमाम कटौतियों के बाद हर महीने 70 हजार 939 रुपए सैलरी मिल रही है।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस और तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कहा कि प्रार्थियां ने हायर एजुकेशन ले रखी है और खुद उच्चाधिकारी के पद पर कार्यरत होकर 1 लाख रुपए महीना कमा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने नेहा बनाम रजनीश केस में फैसला दिया था कि प्रार्थी को केवल विलासितापूर्ण जीवन यापन करने के लिए भरण पोषण दिलाया जाना न्यायोचित नहीं है। कोर्ट ने कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर यह प्रथम दृष्ट्या जाहिर है कि पति और पत्नी समान रूप से उच्च शिक्षित हैं।

# बालाघाट बस स्टेण्ड का सौन्दर्यीकरण करने पहुंची टीम

## वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में शहर के बस स्टैंड को कलेक्टर के निर्देश के बाद किया जा रहा सुन्दर बनाने का प्रयास

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। भले ही नगर पालिका के पास अभी शहर के बस स्टैंड को मॉडल बस स्टैंड बनाने के लिए बजट नहीं है पर नगर पालिका द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में शहर के बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय का मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिसमें कलेक्टर के निर्देश के बाद बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण करने के लिए रायपुर और उमरिया से टीम ने शहर में आकर शहर के बस स्टैंड और शहर में लगी प्रतिमाओं का निरीक्षण किया और जल्द ही यहां बाहर से टीम शनिवार को बालाघाट पहुंचेगी जो बस स्टैंड की सूरत बदलने के लिए कार्य करेंगी।**

आपको बता दे कि नवागत कलेक्टर मृणाल मीणा के आने के बाद अव्यवस्थित बस स्टैंड को व्यवस्थित करने की कवायत शुरू कर दी गई है और हाल ही में कलेक्टर द्वारा शहर के बस स्टैंड का निरीक्षण कर यात्री प्रतीक्षालय को सुधारने के लिए दिशा निर्देश दिए थे किंतु नगर पालिका द्वारा बजट का हवाला देते हुए अभी डीपीआर तैयार नहीं किया गया है तो वहीं शहर के बस स्टैंड को सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा शहर के बस स्टैंड को कैसे सुंदर बनाया जा सकता है इसके लिए रायपुर और उमरिया से दो लोंगों की टीम को बुलवाकर शहर के बस स्टैंड का जायजा लिया जा रहा है जिसमें 6 सितंबर को रायपुर और उमरिया की दो लोगों की टीम बालाघाट पहुंची जिन्होंने बालाघाट बस स्टैंड सहित यात्री प्रतीक्षालय का जायजा लिया और शहर में घूम-घूम कर शहर में लगी महापुरुष की प्रतिमाओं की स्थिति और इसमें क्या अच्छा किया जा सकता है इसको लेकर रूपरेखा तैयार की है, जिसमें कल यानी 7 सितंबर को खैरागढ़ विद्यालय के चार कला विशेषज्ञ की टीम बालाघाट आकर इसमे काम करेगीं।

### बालाघाट की लोक, कला व संस्कृति को उकेरेंगे दीवारों पर

कलेक्टर की पहल पर बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण का कार्य उमरिया की वीआर खरे प्रा. लि. तथा रायपुर की वृद्धि आर्ट सोसाइटी को दिया गया है। वीआर खरे कंपनी के सीइओ अलख खरे व वृद्धि आर्ट सोसाइटी के सचिव निखिल तिवारी ने बताया कि बालाघाट शहर के सौंदर्यीकरण की अपार संभावनाएं हैं। दोनों कंपनियां पहले बस स्टैंड को संवारेगी। इसमें जर्जर प्रतीक्षालय के जर्जर हिस्से को तोड़कर दीवार-सीलिंग में प्लास्टर, पुट्टी और रंगाई-पोताई का कार्य होगा। पेट्रोल पंप के पास और पुलिस चौकी के पास की दीवार को सुधारकर इसमें बालाघाट की लोक कला व संस्कृति उकेरी जाएगी। आदिवासी कला के साथ बाघ, वन व खनिज संपदा, नदियों के तट आदि की सुंदर पेंटिंग बनाई जाएगी।



### शहर में ये किया जायेगा काम

अनौपचारिक चर्चा के दौरान रायपुर और उमरिया से पहुंची टीम के द्वारा बताया गया कि उन्होंने बड़े महानगरों में शहर को सुंदर बनाने के लिए काम किया है और बालाघाट जिला भी अच्छा जिला है इसमें वह यही की कला संस्कृति को शहर की दीवारों पर उतार कर शहर को सुंदर बनाने का कार्य करेंगे जिसमें वह स्क्रैब से आदिवासी आर्ट को तैयार कर प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाया जाएगा। बालाघाट में नदियों के घाटों पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। बस स्टैंड में स्थित पुराने कुंए में वाटर फाउंटेन लगाने की तैयारी की जायेगी । बस स्टैंड के आसपास निजी भवन या भूमि मालिकों को सफाई के निर्देश देगी नगर पालिका ,प्रतीक्षालय में बिजली, पंखे, पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं पर होगा काम

अखल खरे और निखिल तिवारी ने बताया कि बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ दूसरे चरण के तहत शहर के सौंदर्यीकरण का काम भी किया जाएगा। इसमें कालीपुतली चौक, हनुमान चौक, रानी अवंती बाई चौक आदि में लगीं महापुरुषों की प्रतिमाओं को रिपेयर किया जाएगा। कला विशेषज्ञों ने इन प्रतिमाओं के आसपास प्रकाश व्यवस्था गायब पाई। इसलिए यहां उचित प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी।

### अभी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कार्य किया जा रहा है - निशांत कुमार

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत कुमार श्रीवास्तव द्वारा अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया गया कि कलेक्टर के निर्देश के बाद शहर के बस स्टैंड की व्यवस्था को सुधारते हुए अभी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कार्य किया जा रहा है जिसमें उमरिया और रायपुर की दो सूत्री टीम बालाघाट 6 सितंबर को पहुंची थी जिनके द्वारा शहर के बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण उनके साथ किया गया है जिसे कुछ दिनों में संवारने का कार्य नगर पालिका के द्वारा किया जाएगा, जिसमें कल से ही कला विशेषज्ञों की टीम बालाघाट पहुंच जाएगी जो अपना कार्य शुरू कर देगी।

### दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने का विवाद

# रेडीमेड कपड़े दुकान के मालिक को चार लोगों ने हाथ बुक्के और डंडे से की मारपीट

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के गुजरी चौक स्थित जय भोले मंदिर के सामने रेडीमेड कपड़े दुकान के मालिक को जूते चप्पल की दुकान के मालिक सहित चार लोगों ने हाथ बुक्के और डंडे से बेरहमी पूर्वक मारपीट कर घायल कर दिये। 6 सितंबर को 12 बजे करीब यह घटना दुकान के सामने मोटर साइकिल रखने के विवाद को लेकर हुई। मारपीट में घायल रेडीमेड कपड़े की दुकान के मालिक गिरधारी सावलानी पिता हजारीमल सावलानी 51 वर्ष वार्ड नंबर 18 शिवाजी पथ बालाघाट निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने राजकुमार मंगलानी, विनोद मंगलानी, लक्की मंगलानी और बाबी शेंडे के विरुद्ध मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरधारी सावलानी वार्ड नंबर 18 शिवाजी पथ बालाघाट निवासी की गुजरी चौक में जय भोले मंदिर के सामने रेडीमेड कपड़े की दुकान है। और उनकी दुकान के बाजू राजकुमार मंगलानी और विनोद मंगलानी की जूते चप्पल की दुकान है। 6 सितंबर को गिरधारी सावलानी अपनी दुकान में बैठे हुए थे। तभी उनकी दुकान में भरत नाई आया। जिसने दुकान के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी थी। जिसे गिरधारी सावधानी ने मोटरसाइकिल बाजू में लगाने के लिए बोला। भरत ने उसे बोला कि मैं अपनी मोटरसाइकिल बाजू में लगा लेता हूं। किंतु जूते चप्पल की दुकान का मालिक विनोद मंगलानी को लगा कि गिरधारी सावलानी, भरत को मेरी दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने के लिए बोल रहा है। गिरधारी सावलानी के द्वारा भरत को मोटरसाइकिल बाजू में लगाने कहने के साथ ही जूते चप्पल की दुकान का मालिक विनोद मंगलानी, गिरधारी सावलानी को अश्लील गालियां देने लगा। गिरधारी सावलानी ने विनोद मंगलानी को बोला कि मैं आपको नहीं बोल रहा हूं। भरत को बोल रहा हूं । इतने में विनोद मंगलानी ने अपने भतीजे लक्की मंगलानी को बुलाया वह भी गिरधारी सावलानी को अश्लील गालियां देने लगा। उसके बाद लक्की मंगलानी के पिता राजकुमार मंगलानी भी आ गए इन लोगों ने गिरधारी सावलानी को हाथ लात बुक्को से बेरहमी पूर्वक मारपीट करने लगे। लक्की मंगलानी ने डंडा से गिरधारी सावलानी को मारपीट किया इतने में लक्की मंगलानी का दोस्त बाबी शेंडे भी आ गया। उसने भी गिरधारी सावलानी को लात हाथ बुक्के से मारपीट किया। मारपीट करने से गिरधारी सांवलानी का चश्मा टूट गया और उसकी शर्ट फट गई। हाथ बुक्के और डंडे से की गई मारपीट में गिरधारी सावधानी के चेहरे गर्दन पीठ में चोंटे आई। बताया गया है कि गिरधारी सावलानी को इन चार लोगों द्वारा मारपीट करते देख तुषार केसवानी, विजय आहुजा, अन्य लोग दौड़े और बीच बचाव किया। इसके बाद सभी लोग वहां से जाते समय गिरधारी सावलानी को बोली कि आज तो बज गया आइंदा मिलने पर उन्होंने उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। मारपीट में घायल गिरधारी सावलानी अपने भाई राकेश सावलानी के साथ रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंचे कोतवाली पुलिस ने मारपीट में घायल गिरधारी सावधानी का इलाज और मुलाहिजा जिला अस्पताल में करवाये और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर राजकुमार मंगलानी, विनोद मंगलानी लक्की मंगलानी और बाबी शेंडे के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5),324(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। इस मामले की विवेचना सहायक उप निरीक्षक दिनेश पंचेश्वर द्वारा की जा रही है।

# भाजपा के तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

## नये सदस्यों की प्रापर मानीटरिंग कर सदस्यता दिलाई जायेगी-कावरे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे द्वारा भाजपा कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता ली गई और बताया गया कि अभी पार्टी में संगठन पर्व चल रहा है जिसके अंतर्गत भाजपा सदस्यता अभियान चलाते हुए नए और पुराने सदस्यों को भाजपा से जोड़ने का कार्य कर रही है और यह सदस्यता अभियान हर 3 साल बाद चलाया जाता है जिसमें नए और पुराने सदस्य फिर से सदस्यता लेकर ज्वाइन करते हैं और यही क्रम इन दिनों भाजपा के प्रदेश संगठन से लेकर पूरे देश में चल रहा है। आपको बता दे की भारतीय जनता पार्टी द्वारा इन दिनों संगठन पर्व सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पार्टी के नियम अनुसार हर तीन वर्ष में पार्टी पुराने और नए सदस्यों को पुन: फॉर्म भरवा कर या अन्य माध्यमों से सदस्यता दिलाती है जिसके लिए 24 अगस्त को कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी और उसके बाद अलग-अलग मंडल सहित शक्ति केन्दों में जाकर इस सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला रखी गई और सभी को इसकी जानकारी दी गई एवं दो सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा सदस्यता दिलाते हुए जोड़ा गया जिसके बाद से ही भाजपा में सदस्यता अभियान का दौर शुरू हो गया है एवं 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन पूरे जिले में भाजपा द्वारा 1675 मतदान केन्दों में 10,000 से अधिक नए एवं पुराने मतदाताओं को जोड़ने का कार्य किया गया है और यह कार्य जिले की अलग-अलग विधानसभाओं में जारी रहेगा जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई जा रही है जिसमें उनकी एक कमेटी द्वारा नए सदस्यों को जोड़ने के दौरान प्रॉपर चेक कर और उनके बारे में जानकारी निकाल कर ही भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही है।



### 3 लाख सदस्य बनाएगी बीजेपी

वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष श्री कावरे द्वारा बताया गया कि उन्होंने जिले में सदस्यता अभियान के दौरान तीन लाख सदस्य नए और पुराने जोड़ने का लक्ष्य रखा है जिसमें वह नमो ऐप और अन्य नंबर और ऑनलाइन के माध्यम से सदस्यों को जोड़ने का काम कर रहे हैं साथ ही एक इसमें कमेटी भी बनाई गई है जो नए जुड़ने वाले सदस्य की प्रॉपर मॉनिटरिंग कर उनका अगला पिछला कार्य व रिकॉर्ड देखकर ही उन्हें सदस्यता दिलाने का कार्य करेगी।

### वार्ड क्रमांक 22 का चुनाव जीत रही है भाजपा

पूछे गए सवाल में भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कुछ लोग उनके पार्टी से जरूर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं किंतु उससे उन्हें कोई नाराजगी नहीं है क्योंकि टिकट वितरण करते समय सभी को खुश नहीं किया जा सकता और पार्टी अपने नियम अनुसार ही चलती है और वार्ड क्रमांक 22 का चुनाव वह जीत रहे हैं जिसकी सारी तैयारी उनके द्वारा की जा रही है एवं जो पार्टी के खिलाफ जाकर काम करेगा उन पर पार्टी नियम अनुसार कार्रवाई भी करेगी।

### मनीष नेमा लंबे समय से भाजपा से जुड़े थे

टिकट वितरण को लेकर पूछे गए सवाल पर श्री कावरे द्वारा बताया गया कि निश्चित ही मनीष नेमा द्वारा एक दिन पहले भाजपा ज्वाइन कर दूसरे दिन भाजपा ने उन्हें अपना अधिकृत प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 22 के उपचुनाव में घोषित किया है किंतु मनीष नेमा लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए थे हालांकि उन्होंने सदस्यता नहीं ली थी, लेकिन वह लोकसभा से लेकर अन्य चुनाव में भाजपा के साथ थे और भाजपा के लिए वह काम कर रहे थे इसलिए उन्हें भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 22 के उपचुनाव के लिए बनाया है।

# पीजी कॉलेज में तालाबंदी कर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

## समस्याओं के निराकरण के लिए प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी न होने पर कलेक्ट्रेट का घेराव ,उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए लंबे समय से एनएसयूआई के बैनर तले प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों के तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। जिसपर अपनी नाराजगी जताते हुए शुक्रवार को एनएसयूआई संगठन के पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर प्रदर्शन किया हैं। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पीएम श्री एक्सीलेंस पीजी कालेज परिसर के चैनल गेट पर तालाबंदी कर कालेज प्राचार्य,और छिंदवाड़ा यूनिवरसिटी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तो वही उन्होंने अंतिम अल्टीमेटम के साथ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कॉलेज प्रबंधन को एक ज्ञापन सौपा है जहा कॉलेज प्राचार्य को सौंपे गए इस ज्ञापन के बाद भी जल्द से जल्द सभी मांग पूरी न होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।



### चैनल गेट बंद कर धरने पर बैठे विद्यार्थी

कैंपस चलो अभियान के तहत एनएसयूआई ने शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जिले के अग्रणी महाविद्यालय पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय को बंद करने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने कालेज चैनल गेट को बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए जिनसे मिलने पहुंचे महाविद्यालय प्राचार्य को जिला प्रभारी ऋषभ सहारे और युवा नेता शिवम शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगो से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

### इन मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

कालेज में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने, महाविद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान करने, पेपर लिक का कड़ा कानून बनाने, छात्रवृत्ति पर लोक सेवा गारंटी, सबको प्रवेश, सबको शिक्षा के साथ ही अन्य मांगों को पूर्ण किए जाने की गुहार लगाई इस दौरान एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार मांगो का निराकरण नहीं करती है तो महाविद्यालयो में अनिश्चितकालीन हड़ताल और कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिला प्रभारी ऋषभ सहारे ने बताया कि विगत कई वर्षो से एनएसयूआई के बैनर तले छात्र-छात्राओं की विभिन्न मांगों को महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के समक्ष रखा गया है, लेकिन उन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं को विभिन्न समस्याओं से जूझना पड़ रहा हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से यही मांग की जा रही है। लेकिन छात्र हित से जुड़ी इन मांगों पर किसी का कोई ध्यान नहीं है इसलिए आज तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस दौरान सौंपे गए ज्ञापन में एक माह के भीतर छात्र-छात्राओं की समस्या का निराकरण किए जाने की मांग की गई है। वहीं मांग पूरी न होने पर जिले के पूरे 12 महाविद्यालयों में उग्र प्रदर्शन करने के साथ ही कलेक्टर कार्यालय का घेराव व विधानसभा का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा।

# निजी होटल से खाद्य अमले ने 6 घरेलू गैस टंकियां की ज़ब्त

## होटल कर्मचारियों ने अधिकारी को धमकाया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शुक्रवार को खाद्य विभाग की टीम ने बैहर में संचालित प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बैहर के कदम स्वीट्स होटल में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा व्यावसायिक रूप से इस्तेमाल किये जाने वाले गैस सिलेंडरों के स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर (भारत गैस कंपनी) के सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियम) आदेश 2000 का उल्लंघन पाये जाने पर विभाग द्वारा घरेलू टंकियां ज़ब्त कर कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने बताया कि होटेल में कार्यरत कर्मचारियों व अन्य व्यक्तियों द्वारा अधिकारी को धमकाया गया। इस मामले में थाना प्रभारी बैहर को अवगत कराते हुए बताया गया कि यह प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से इस्तेमाल किये जाने तथा पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियम) आदेश 2000 का सीधा उल्लंघन है। फलस्वरूप मामले की मोबाईल से वीडियो बनाकर तथा फोटो लेकर पंचनामा बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही थी, कि इतने में ही होटल के कर्मचारियों के अलावा 3 से 4 अन्य व्यक्तियों के द्वारा अचानक से आकर 6 नग घरेलू सिलेंडरों को उपर्युक्त स्थान से बाहर ले जाकर कही छुपा दिया गया। साथ ही विभागीय लिखा पढ़ी कार्यों में बाधा उत्पन्न कर धमकाया भी गया है। जिसके संबंध में श्री श्रीवास्तव ने बैहर थाना प्रभारी से घटना के संबंध में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित करने की अपील की है। ताकि भविष्य में इस तरह के कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो सके।



AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग *
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग*
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग*
ADMISSION + ENQUIRY
*Proposed Branches
नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर (गर्रा) बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com
सतपुड़ा आई.टी.आई.बालाघाट

| मांझापुर | गर्रा | बुढ़ी | कटंगी | बैहर |
|---|---|---|---|---|
| 6262604119 | 6262604121 | 6262604122 | 6262604117 | 6262604125 |


# तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम हिर्री के तालाब में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई । मृतक शंकर पिता मदनकर घोरमारे 40 वर्ष हीरापुर हिर्री निवासी है। किरनापुर पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर घोरमारे हीरापुर हिर्री में अपनी मां के साथ रहता था और मजदूरी करता था। 5 सितंबर को सुबह 7 बजे शंकर अपने घर से निकला था जो वापस नहीं लौटा। शाम 5 बजे हिर्री के तालाब में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। जिसकी पहचान शंकर घोरमारे के नाम से की गई। जिसकी रिपोर्ट अशोक घोरमारे 57 वर्ष आवासटोला हिर्री निवासी के द्वारा किरनापुर थाने में की गई थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक उमेश मिश्रा ने हिर्री तालाब पहुंचकर। मृतक शंकर घोरमारे का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। संभावना व्यक्ति की गई है कि शंकर शौच के दौरान तालाब में फिसल गया जिससे उसकी मौत हो गई । आगे मर्ग जांच सहायक उपनिरीक्षक श्री मिश्रा द्वारा की जा रही है।

# 2 दिन से लापता युवक का शव नेहरा नदी से बरामद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रुपझर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम गोदरीटोला समीप नेहरा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई । मृतक आशुतोष पिता राजा बहारे 25 वर्ष वार्ड नंबर 10 पानीटोला उकवा निवासी है । जो 2 दिन से अपने घर से लापता हो गया था। रूपझर पुलिस ने इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पानीटोला निवासी राजा बहारे वाहन चालक है। जिसके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं । जिनमे आशुतोष उनका बड़ा बेटा था और वह बीमार रहता था जो मानसिक रूप से अस्वस्थ था जिसका इलाज जबलपुर नागपुर के डॉक्टर से किया जा रहा था। जिसे परिवार के लोग अपनी देखरेख में ही रखते थे। 4 सितंबर को 11 करीब आशुतोष घर से बिना बताए निकला था। जो वापस नहीं लौटा। परिवार के लोगों ने उसे गांव मोहल्ले और आसपास खोजबीन किये। किंतु वह नहीं मिला। 5 सितंबर को 4 बजे करीब जब परिवार के लोग आशुतोष की खोजबीन कर रहे थे तभी गोदरी टोला समीप नेहरा नदी में आशुतोष का शव दिखाई दिया। जिसकी रिपोर्ट करण पिता राकेश नागेश्वर 27 वर्ष पानी टोला निवासी ने रूपझर पुलिस थाना में की थी। जहां से सहायक उप निरीक्षक जयदयाल पटले ने गोदरी टोला नेहरा नदी पहुंचकर मृतक आशुतोष बहारे का शव बरामद किये और पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम हेतु परसवाड़ा अस्पताल भिजवा दिये। 6 सितंबर को आशुतोष का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिया गया है। संभावना व्यक्त की गई है की नेहरा नदी में नहाते समय आशुतोषं गहरे पानी में जाने से वह बह गय । जिसकी मौत हो गई आगे मर्ग जांच सहायक उपनिरीक्षक श्री पटले द्वारा की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायलयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट